


पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू - 12




पीएनजी का तेजी से नेटवर्क बढ़ाने पर राज्यों को मिलेगी ज्यादा एलपीजी- 12



ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा, स्पष्ट समयसीमा बताने से इन्कार - 13



पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी है : सिंधु - 14

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.14
सूर्यास्त 06.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या 06:53 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 19 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 41, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# दिल्ली और इंदौर में भीषण अग्निकांड, 17 लोगों की मौत



नई दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग को कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। ● एजेंसी

## पालम इलाके में आवासीय इमारत में लगी आग, तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की जान गई

## इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करते वक्त हुआ हादसा 8 मृतकों में एक ही परिवार के दो बच्चे, तीन महिलाएं

नई दिल्ली/इंदौर, एजेंसी

दिल्ली और इंदौर की आवासीय इमारतों में हुए भीषण अग्निकांड में 17 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह बहुमंजिला इमारत में लगी आग में एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में तीन मंजिला मकान में तड़के इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करते वक्त धमाके के बाद आग लग गई। यहां भी एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ की जान चली गई।

दिल्ली के पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में स्थित इमारत के बेसमेंट, भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जिसके मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। कश्यप के परिवार में पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियां थीं। मृतकों में राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियां शामिल हैं। तीनों बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी मौत हो गई। राजेंद्र का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इस पर अनिल ने खुद भी छलांग लगा दी। आग से बचने के लिए पास की एक इमारत से कूदा सचिन (29) भी घायल हो गया।



इंदौर में घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मी।

इंदौर की ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के मकान में तड़के 4:00 आग लगी। पुलिस के मुताबिक मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। अचानक चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी भीषण आग ने मकान को चपेट में ले लिया। इसके बाद घर में रखे रसोई गैस सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग और विकराल हो गई। घटना में मकान के अंदर मौजूद तन्मय (6), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) की मौत हो गई। दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे जिन्हें तोड़ने में पुलिस को काफी मुश्किल हुई।

### दिल्ली: सौंदर्य उत्पादों से भड़की आग

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आग पहली मंजिल पर लगी और तेजी से फैल गई। दुकान में मौजूद ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। शोरूम में थिनर, नेल पॉलिश और रिमूवर जैसे कई ज्वलनशील पदार्थों का भंडार था।

### 30 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

बचाव अभियान के तहत पुलिस, बीएसईएस, एनडीआरएफ कर्मियों और वायुसेना पुलिस के साथ लगभग 30 दमकल गाड़ियां और 11 एम्बुलेंस सेवा में लगाई गईं। काले धुएं के घने गुबार और आग की लपटों के बीच भीड़ वाले बाजार में आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल को काफी संघर्ष करना पड़ा।

### मोदी ने इंदौर की घटना पर दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर की घटना पर शोक जताया है। उन्होंने मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायल को 50,000-50,000 रुपये की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से देने की घोषणा की।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपये में 49 पैसे की बड़ी गिरावट, 93 के करीब



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार से लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और 92.41-92.89 के बीच कारोबार करता रहा। अंत में 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो 49 पैसे की बड़ी गिरावट है। मंगलवार को रुपया 92.47 का स्तर छूकर 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### विवादास्पद गीत पर दिया एनएचआरसी ने नोटिस

**नई दिल्ली।** विवादास्पद गीत 'सरके चुनर' में अश्लील, यौन उत्तेजक और द्विअर्थी' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर मिली शिकायत के मद्देनजर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आरोप लगाया गया है कि गीत के बोल आम जनता, विशेषकर बच्चों के लिए अनुपयुक्त हैं। संजय दत्त की आने वाली फिल्म 'केडी द डेविल' के इस गीत को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है।

### खराब मौसम : दिल्ली में 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम की खराब स्थिति के कारण बुधवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में आंधी आई और भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आईजीआईए की 16 आगमन उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर परिवर्तित किया गया। आईजीआईए देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है जो प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है।

# ईरान के शीर्ष अधिकारियों के मारे जाने के बाद पश्चिम एशिया में और बढ़ा घमासान

## ईरान ने इजराइल पर बरसाईं मिसाइलें, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर दूसरे दिन भी हमला

- यूएई में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना भी बनाया मिसाइल का निशाना

दुबई, एजेंसी

ईरान के दो शीर्ष अधिकारी अली लारीजानी और जनरल गुलाम रजा सुलेमानी के मारे जाने के बाद बुधवार को पश्चिम एशिया में घमासान और तेज नजर आया। ईरान ने लारीजानी की हत्या का बदला लेने के लिए बुधवार को दोनों की मौत की पुष्टि के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर मिसाइलों की बारिश की, इसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। इसके अलावा, ईरान ने यूएई में ऑस्ट्रेलियाई एयरबेस को भी निशाना बनाया।

रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक उसने मध्य इजराइल को 'मल्टीपल-वारहेड' मिसाइलों से निशाना बनाया, जिनमें रक्षा प्रणालियों से बचने और रडार को भ्रमित करने की क्षमता होती है। इसके अलावा खुर्रमशहर-4 और कादर मिसाइल भी दागीं। इस बीच, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर बुधवार तड़के लगातार दूसरे दिन हमला हुआ। मंगलवार को बगदाद स्थित दूतावास परिसर के अंदर एक ड्रोन भी गिरा था। ईरान ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर भी हमला किया, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने कहा, 18 मार्च की सुबह बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है।



ईरान से दागी गई मिसाइलें बुधवार को मध्य इजराइल के आसमान में तेजी से गुजरीं।

**मोसाद के लिए जासूसी के आरोप में फांसी:** ईरान में बुधवार को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में देश में एक व्यक्ति को फांसी दी गई। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान' ने मृतक की पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की है। आरोप हैं कि उसने संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें और जानकारी' मोसाद को उपलब्ध कराई थीं।

### ईरान के परमाणु संयंत्र और गैस संयंत्रों पर हमले, नुकसान नहीं

इस बीच, ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मिसाइल हमला हुआ, लेकिन इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा ईरान के विशाल अपतटीय साउथ पार्स क्षेत्र में प्राकृतिक गैस संयंत्रों पर भी बुधवार को हमला हुआ। ईरान और कतर फारस की खाड़ी में स्थित अपतटीय तेल क्षेत्र साझा करते हैं।

### मिसाइल हमलों के बाद दुबई में अलर्ट

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मिसाइल हमलों के कारण बुधवार को अलर्ट जारी कर दुबई के लोगों से सुरक्षित जगहों पर शरण लेने की अपील की। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियां मिसाइलों को रोक रही हैं। दुबई के विभिन्न हिस्सों में तेज आवाजें सुनाई देने के बाद अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।

### अमेरिका ने होर्मुज के निकट ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के मुताबिक ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों को गिराया है। इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटीशिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं।

# यूपी में सुरक्षा से विकास तक अब नया मॉडल: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी ने किया 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन
- कहा, प्रदेश में अब न भय न तनाव, न ही दंगों का खतरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोक भवन में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का नया मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने इस परिवर्तन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, सरकार की नीतियों, जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और जनता के सहयोग का परिणाम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश पहचान के संकट, कमजोर कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और पलायन से जूझ रहा था, लेकिन अब न भय है, न अराजकता और न दंगों का खतरा। नवरात्रि और रमजान जैसे पर्व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। सरकार ने 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक नौकरियां दीं, जिनमें 2.19 लाख पुलिस भर्तियां शामिल हैं। पुलिस सुधार के तहत प्रशिक्षण क्षमता बढ़ी, कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुई और हर जिले में साइबर थाने बने। योगी ने कहा कि प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभरा है।

सात शहरों में मेट्रो, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल, गंगा एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट इसकी पहचान हैं। राज्य में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं और जेवर देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। निवेश के क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश ग्राउंडिंग हो चुकी है, जबकि जापान, सिंगापुर और जर्मनी के निवेशक भी उत्साहित हैं। कृषि विकास दर 8.5 से बढ़कर 18 प्रतिशत हुई, गन्ना किसानों को 3.16 लाख करोड़ का भुगतान हुआ और सिंचाई का विस्तार हुआ। महिला सशक्तीकरण में 1.75 लाख से अधिक बेटियों को नौकरी मिली, जबकि 1.10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और ब्रजेश पाठक ने भी उपलब्धियां गिनाई और पुस्तक के विमोचन में हिस्सा लिया।

### संवाद से जन-जन तक पहुंचेगा '9 वर्ष' का विजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि 9 विषयों पर आधारित 9 दिवसीय कार्यक्रम बसंत नवरात्रि से शुरू होगा। इसमें युवा, किसान, महिलाएं व समाज के सभी वर्ग सहभागी बनेंगे। संवाद के जरिए जहां 9 वर्षों की उपलब्धियां साझा होंगी, वहीं आगे के विकास का विजन भी तय किया जाएगा। उन्होंने कहा, 9 पूर्णता का प्रतीक है और यह अभियान उसी दिशा में एक अहम कदम है।

# चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल

- 13 आईएएस और पांच आईपीएस की तैनाती, संभालेंगे चुनाव की कमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का नया दौर शुरू करते हुए 13 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-डीईओ) के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ पांच आईपीएस अधिकारियों को भी उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में तैनात किया है।

आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में नियुक्त किया गया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे वे जिला स्तर पर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण के केंद्र में आ जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार तबादला निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह फेरबदल निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद किए गए कई बदलावों के बाद हुआ है।

# राष्ट्रपति आज राम मंदिर में करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

**अयोध्या :** रामनगरी गुरुवार को एक बार फिर आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व के क्षण की साक्षी बनेगी। राष्ट्रपति श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना करेंगी। यह कार्यक्रम नव संवत्सर और नवरात्रि के प्रथम दिन पर आयोजित हो रहा है। बताया गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह करीब 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह राम मंदिर पहुंचेंगी। यहां वह सबसे पहले रामलला के दर्शन- पूजन करेंगी। मुख्य अनुष्ठान राम मंदिर के द्वितीय तल पर स्थित गर्भगृह में होगा, जहां अभिजित मुहूर्त में ठीक 11:55 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम यंत्र की स्थापना संपन्न होगी।



# उड़ानों में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त शुल्क न वसूल करें विमानन कंपनियां

- ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतों के बीच सरकार ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमानन कंपनियों को घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने का निर्देश दिया है। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब सीट चयन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विमानन कंपनियों की ओर से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि उड़ान में 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच तय हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी के मुताबिक अभी 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क बुक की जा सकती हैं, बाकी सीटों के लिए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है।

### एक ही पीएनआर पर अब साथ-साथ देनी होगी सीट

नए निर्देशों के तहत एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट दी जाएं। आमतौर पर एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थीं।

# होर्मुज संकट पर मोदी ने की कुवैत के युवराज से बात

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना भारत की सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता जताई। मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया।

# सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवाएं दुनिया भर में बाधित

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को बुधवार को बड़ी तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण भारत सहित बड़े पैमाने पर दुनिया भर के यूजर्स के लिए इसकी सेवाएं बाधित हो गईं।

सेवाओं के बाधित होने पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के अनुसार भारत में रात आठ बजे इस मंच के काम न करने की खबरें आईं। मोबाइल एप और कंप्यूटर वेबसाइट दोनों में समस्या आई। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों के यूजर्स ने टाइम लाइन को अपडेट करने, उत्तर देखने और नए संदेश साझा करने में दिक्कतें झेलीं।

## कैबिनेट के फैसले

### सरकार ने दी 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी

# देश भर में विकसित होंगे 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। कहा गया है कि इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग एंड प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत उत्पादन शुरू कर सकती हैं।



### बाराबंकी से बहराइच तक राजमार्ग होगा 6969.04 करोड़ से फोरलेन

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच एनएच-927 का 101.5 किमी का हिस्सा चार लेन का बनाया जाएगा। इस पर 6969.04 करोड़ लागत आएगी। चार लेन होने से इन जिलों के शहरी क्षेत्रों में भीड़ की समस्या हल होगी। साथ ही नेपालगंज सीमा के जरिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन गलियारे के रूप में काम करेगी।

### कैबिनेट ने 2584 करोड़ लागत की लघु जल विद्युत विकास योजना की मंजूर

देश के दूरदराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584.60 करोड़ रुपये की लागत से ' 'लघु जल विद्युत विकास योजना' ' शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। वैष्णव ने बताया कि योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गई है।

### समर्थन मूल्य पर कपास खरीद के लिए 1,718.56 करोड़ रुपये

भारतीय कपास निगम को 2023-24 के कपास सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था के तहत दिए गए मूल्य समर्थन को लेकर 1,718.56 करोड़ रुपये दिए जाने की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सत्र के दौरान कपास के बाजार भाव एमएसपी से नीचे गिरने के कारण सरकारी एजेंसी को 32.84 लाख गांठ के लिए एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था करनी पड़ी।

# प्रदेश में अब विश्वास की सरकार : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'नव निर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास और विश्वास का मॉडल बन चुका है। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों में पारदर्शिता नहीं थी और वसूली तंत्र हावी था, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता था।

मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने जाति और तुष्टिकरण की राजनीति से प्रदेश को पीछे धकेला, जबकि वर्तमान सरकार ने 25 करोड़ जनता को परिवार मानकर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंचाया। आज 15 करोड़ लोग मुफ्त राशन पा रहे हैं और वंचित समुदायों मुसहर, वनटांगिया, थारू, सहरिया तक पहली बार योजनाएं पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि यूपी अब 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' की छवि से निकलकर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में बढ़ चुका है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 6 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी हुए, एम्स और मेडिकल कॉलेजों का विस्तार हुआ और इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने समस्याओं की पहचान कर उन्हें खत्म किया और प्रदेश को तेजी की राह पर लाया। उन्होंने विश्वास जताया कि आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा।


लोक भवन में 'उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष' पर वार्षिक पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य नेता। अमृत विचार




## सिलेंडर की किल्लत पर सपा का प्रदर्शन

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत के साथ दाम बढ़ाने को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यालय से बुधवार को पैदल मार्च करते हुए आंबेडकर चौराहा पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शांति सिंह ने किया। शांति सिंह ने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत है और इससे आम जनमानस परेशान हैं। बिचौलिए सिलेंडर ब्लैक करने पर 1500 से 2000 वसूल रहे हैं। इस पर अंकुश लगाया जाए। इस दौरान सपा नेत्री ज्योत्सना सिंह, जिला महासचिव राज कुमारी सरोज, लालमति देवी, रानी जायसवाल, पूजा मौर्या, गीता देवी, निशा, राजेश्वरी यादव, अनीता कोरी, मीना कुशवाहा, विमला पाल, भानुमति पटेल, लालती देवी, महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, मनीष पाल, अश्वनी सोनी, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, सराफत उल्ला, डॉ.रामबहादुर पटेल, वकार अहमद पटेल, तौहीद आलम, बबलू गौतम, फैजान अहमद, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।


किल्लत को लेकर प्रदर्शन करतीं सपा कार्यकर्ता।

## सामुदायिक सेवा कार्य के लिए किया प्रेरित

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** पीबीपीजी कॉलेज सिटी में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई गई। उन्होंने स्वयंसेवकों को सामुदायिक सेवा कार्य के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ .शिव प्रताप सिंह, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. पवन कुमार सिंह, रश्मि सिंह, डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव, डॉ .केके सिंह, डॉ. चेत प्रकाश पांडेय, नीरज त्रिपाठी, डॉ. भूपाल सिंह, जितेंद्र कुमार सैनी, आशीष मालवीय, अजीत सिंह, सुनीत कुमार सिंह, अवनीश सिंह, अजय तिवारी, कार्यालय अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, दिनेश शर्मा, बालेंदु भूषण सिंह, विनोद मौर्य, धीरेंद्र सिंह, संदीप मौर्य, अनिल सिंह आदि रहे।


शपथ दिलाते प्राचार्य प्रो . अमित कुमार श्रीवास्तव।

## तनाव की बढ़ती प्रवृत्ति पर सेमिनार आयोजित

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पीबीपीजी कॉलेज सिटी के मनोविज्ञान विभाग में युवाओं में अवसाद और तनाव की बढ़ती प्रवृत्ति पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती समस्याएं चिंता का विषय है। हर आयु वर्ग के लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहना जरूरी है। शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर लोग गंभीर हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी भी एक बड़ी वजह है। इस दौरान विभागाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव के कारणों की पहचान कर प्रभावी समाधान करना है। कार्यक्रम में संजना पाल, खुशी वर्मा, रानी मौर्या, सृष्टि मिश्रा, तनु निर्मल, समा बानो, शिवानी, रोहिना बानो, श्रेया गौड़, सत्यम शुक्ल, शिवांगी मिश्रा, अनामिका सिंह, शालिनी सिंह ने विचार रखे। संयोजन प्रयोगशाला सहायक विनोद कुमार मौर्य एवं संचालन अंशिका त्रिपाठी आदि रहे।


सेमिनार में बोलती छात्रा।

## फार्मर आईडी बनाने में रामपुर अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में किसानों को योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए चलाए जा रहे फार्मर आईडी अभियान में रामपुर ने सबसे आगे निकलते हुए नया कीर्तिमान बनाया है। रामपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है जिसने 100 प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया। गाजियाबाद दूसरे और अंबेडकरनगर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर और बिजनौर ने अपनी जगह बनाई है।

## प्रधान ने पुलिस पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**संग्रामगढ़, प्रतापगढ़ :** ग्राम प्रधान ने संग्रामगढ़ पुलिस पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलाये जाने की मांग की है। बाबागंज ब्लाक के संग्रामगढ़ थाना अंतर्गत खनवारी गांव के प्रधान सुशील शुक्ल के ऊपर 6 फरवरी को जानलेवा हमला हुआ था। आरोप है कि वह कार से शाम को गांव में दलित श्रमिक को उसके घर छोड़ने गए थे। इस दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी - डंडे, लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पर श्रमिक को भी पीटा। आरोप है कि घायल अवस्था में पुलिस ने तहरीर बदलवा कर सामान्य धारा में हमलावरों के खिलाफ के दर्ज किया। आरोप है कि श्रमिक की तहरीर पर केस दर्ज नहीं किया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी पुलिस उपचार के लिए प्रयागराज नहीं ले गई। पखवाड़े भर एसआरएन प्रयागराज में भर्ती रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत देवां,बाराबंकी**

पत्रांक 2140/न0प0देवां / ठेका नीलामी/ 2025–26 दिनांक' 17.03. 2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत देवां बाराबंकी के वित्तीय वर्ष 2026–27 अर्थात् 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिये निम्न मदों की नीलामी हेतु दिनांक– 27.03.2026 को कार्यालय नगर पंचायत देवां में पूर्वाहन 11: 00 बजे इच्छुक व्यक्तियों को नीलामी बोली में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है। बिना कारण बताये एक या समस्त बोली निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत देवा के पास सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस के कार्यालय समय में विस्तृत नियम व शर्ते देखी व समझी जा सकती है। यह भी उल्लेखनीय है कि यदि किसी कारणवश नीलामी की धनराशि स्वीकृति योग्य नहीं पायी जाती है तो पुनः खुली नीलामी बोली दिनांक 28.03.2026 को पूर्वान्ह 11: 00 बजे की जायेगी। इस पर भी स्वीकृति योग्य धनराशि न पाये जाने पर पुनः दिनांक – 30.03.2026 को पूर्वान्ह 11: 00 बजे खुली नीलामी होगी।

| क्रमांक | मद का नाम | जमानत धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | कार पार्किग एवं मोटर साइकिल स्टैण्ड । | 1,00,000.00 (एक लाख रूपये मात्र) |
| 2 | गेस्ट हाउस के कमरो को किराये पर उठाने की नीलामी । | 50,000.00 (पचास हजार रूपये मात्र) |

**मुख्य नियम व शर्ते निम्नवत है –**
1. प्रस्ताव एवं खुली नीलामी बोली बोलने हेतु क्रमांक 1 व 2 पर अंकित ठेकों में बोलीदाता को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. बोलीदाता के पास जी0एस0टी0 पैन, आधार के साथ ही श्रम विभाग में पंजीकृत होने का वैध प्रमाण– पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
3. बोलीदाता का श्रम विभाग द्वारा मानव संसाधन की आपूर्ति Contract Labour Act 1970 में कम से कम 05 कर्मचारियों के रूप में पंजीकृत होना आवश्यक है, उक्त पंजीकरण की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. अधिकतम बोलीदाता की बोली स्वीकृत होती है तो निर्धारित दर के स्टाम्प पर स्वीकृत बोलीदाता को अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। जो शरायतनामा के दिशा निर्देशों के अनुरूप होगा।
5. नगर पंचायत का कोई भी बकायेदार बोली में भाग नहीं ले सकेगा।
६. इच्छुक व्यक्ति को बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक मद की अलग–अलग ज़मानत धनराशि नकद जमा करना अनिवार्य होगा।
7. सरकारी बोली का अर्थ अनुमान से है।
8. कार्यालय पत्रावली पर उपलब्ध शर्तनामा की शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य है जो बोली के समय पढ़ी व सुनी जा सकती है तथा स्वीकृत बोलीदाता को शर्तनामा की प्रति कार्यालय द्वारा प्राप्त करा दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवां बाराबंकी

अध्यक्ष नगर पंचायत देवां बाराबंकी



पेशी– 27/03/2026

**नोटिस निस्बत दिखाने वजह के (नमूना आम)**

व अदालत श्रीमान तहसीलदार महोदय बिलग्राम हरदोई

**राम स्वरूप**

बनाम

**सुनीता**

वाद अ0 धारा 34 उ0प्र0 रा0सं0 2006

बनाम– 1. कृष्णपाल पुत्र छोटटा, 2. रविन्द्र कुमार पुत्र तेजराम, नि0ग्रा0 गैसापुर म0 सैतियापुर पर0 साण्डी तह0 बिलग्राम– हरदोई। हरगाह मुशम्मो, मैं दरख्वास्त इस अदालत से गुजराई है।
लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो वक्त 10 बजे तारीख 27 माह 3 सन् 2026 ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखलाइये। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वास्त मजबूरन आपके गैर हाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख 18 माह 3 सन् 2026 ई0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

**तलाश गश्ती गुमशुदा**



नाम– **आशा देवी**
उम्र 40 वर्ष
पति का नाम – रामू
निवासी वर्तमान पता– कानपुर ट्रेन लाइन के किनारे तकिया कोतवाली कछौना हरदोई
पूर्व पता– नेवादा परस थाना मल्लावां हरदोई, थाना – मल्लावां, जनपद – हरदोई, राज्य उत्तर प्रदेश,
हुलिया – रंग गोरा लम्बे काले बाल सामान्य शरीर लम्बाई लगभग 170 cm, पहनावा – पीली रंग की साड़ी
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आशा देवी उपरोक्त दिनांक 12–10–2024 को समय करीब 10 बजे अपने ससुराल कानपुर ट्रेन लाइन के किनारे तकिया कोतवाली कछौना हरदोई से बिना बताये कही चली गयी है जिसके सम्बन्ध में थाना मल्लावां पर मु0अ स0 518/24 धारा 87 BNS में पंजीकृत है यदि किसी को आशा देवी उपरोक्त के बारे में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें ।

शिवा कान्त पाण्डेय प्र0नि0 थाना मल्लावां हरदोई मो0– 9415088179

श्रीमती विशुना देवी कछौना हरदोई मो0–7754094600

प्रभारी निरीक्षक थाना – मल्लावां, जनपद – हरदोई मो0– 9454403564



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पुत्र छोटे का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। वह अपने नैतिक अनैतिक कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। गलत आचरण व कार्य व्यवहार को देखते हुए समस्त संबंध विच्छेद कर लिए है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **रामकिशन पुत्र महादेव निवासी ग्राम–अमौली, तहसील डेरापुर, थाना रूरा, जिला कानपुर देहात।**

**सूचना**

मेरा नाम एलआईसी पॉलिसी संख्या 2369877 30 मे नाम कान्ती देवी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम लक्ष्मी देवी पत्नी निब्बर है। दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **लक्ष्मी देवी पत्नी निब्बर ग्राम आबर (पैगापुर), पोस्ट खजुरिया, जनपद बलरामपुर।**

**सूचना**

मैं अफसर अली पुत्र नुसरत अली निवासी सदर बाजार नई बस्ती करनैलगंज शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरी जन्मतिथि 13.06.1985 है। जो आधार, पैन कार्ड में दर्ज है, पूर्णतया सत्य है। **अफसर अली पुत्र नुसरत अली सदर बाजार नई बस्ती करनैलगंज, गोण्डा।**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD RIJAVAN से बदलकर MOHD RIZWAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O - MOHAMMAD JAN ADD-KARANDHA, PO-SUNDHIYAMAU, DIST-BARABANKI-225305(U.P)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सोनापती पत्नी रामरंग था, जबकि अभिलेखों में गंगादेई पत्नी रागरंग निवासी ग्राम व पो. गंगाजमुनी विशेश्वरगंज बहराइच है, सोनापती व गंगादेई उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं, अब गंगादेई के नाम से जाना जायेगा। **गंगादेई पत्नी रामरंग पोस्ट गंगाजमुनी विशेश्वरगंज बहराइच।**

**सूचना**

मैं संकठा प्रसाद पुत्र स्व. राम औतार व पत्नी चंद्रावती नि. मेहरवान खेड़ा पो. शेषपुर समोधा बछरावां, रायबरेली पुराना पता 25वाहिनी पीएसी, मालिकमऊ आईमा रायबरेली, अपने पुत्र उमेश कुमार को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MANGAL SINGH था से बदलकर MANGAL SINGH BARMAN रख लिया है। अब मुझे MANGAL SINGH BARMAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-PUSU LAL ADD-E-6/399 AMRAPALI YOJNA HARDOI ROAD DUBAGGA, BARAWAN KALAN PO - BARAWAN KALAN, DIST-LUCKNOW-226101(U.P).**

**सूचना**

संघप्रिय सत्यार्थी पुत्र श्री कृष्ण सत्यार्थी निवासी 134 ब्लॉक G EWS 04 गुजैनी कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र (28/KUDP/विक्रय/87 दिनांक 26.06.1987) एवं मूल कब्जा पत्र खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 9839741304

**NOTICE**

Shapathini Annu Singh, wife of Ashok Singh, is a resident of Gurudin kheda Jajamau, Unnao. Shapathini has a savings account with Indian Bank, Chamrauli, Unnao, with account number 50130673703. Shapathini's name in the account is Shail Kumari, while her Aadhaar and PAN cards show her as Annu Singh. Both Annu Singh and Shail Kumari are Shapathini's names. **Shapathini is known and referred to by both names. Annu Singh W/o Ashok Singh Gurudin kheda Jajamau aadhar number Annu singh 429408863275.**

**सूचना**

मैं FIRDOUS JAHAN RAYEEN पत्नी श्री GULAM SABIR RAYEEN, निवासी – मोहल्ला–सुटहटी, अमेठी, जिला – लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर FIRDOUS JAHAN W/O GULAM SABIR कर लिया है, अतः आज से मुझे FIRDOUS JAHAN W/O GULAM SABIR के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैं GULAM SABIR RAYEEN पुत्र श्री HAJI MOHAMMAD SIDDIQUE RAYEEN, निवासी – मोहल्ला–सुटहटी, अमेठी, जिला–लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर GULAM SABIR S/O MOHAMMAD SIDDIQUE कर लिया है, अतः आज से मुझे GULAM SABIR S/O MOHAMMAD SIDDIQUE के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रणविजय सिंह पुत्र श्री शिव शंकर सिंह जन्मतिथि 15 अगस्त 1970 निवासी ग्राम पोस्ट ऑफिस रोपण छपरा तहसील सलेमपुर थाना लार देवरिया उत्तर प्रदेश 274502 का निवासी हूं मेरे पैन कार्ड संख्या PIGPS3235A में हमारा नाम रणविजय सिंह के स्थान पर सूर्य दयाल सिंह लिखा हुआ है जबकि रणविजय सिंह और सूर्य दयाल सिंह दोनों ही एक ही व्यक्ति है मेरा वास्तविक नाम रणविजय सिंह है मुझे रणविजय सिंह के नाम से जाना वह पहचान जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रामरतन पासी पुत्र रामचरन निवासी रसीदपुर पोस्ट आशारसीदपुर तहसील सलोन जिला रायबरेली का हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम द्वितीय रायबरेली में पालिसी संख्या, 214969854 में रामरतन पासी अंकित है। जबकि पासबुक व आधार कार्ड पर रतीराम अंकित है। उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है जो मेरे है ।



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, महराजगंज–रायबरेली**

पत्रांक 948/निविदा/अंकिक/2025–26 दिनांक– 18.03.2026

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से क्षेत्र पंचायत महराजगंज में समस्त पंजीकृत ठेकेदारो (2025–26) को सूचित किया जाता है, कि क्षेत्र पंचायत महराजगंज में राज्य वित्त आयोग / पंद्रहवा वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से कराए जाने वाले कार्यो हेतु दिनांक 07.04.2026 को समय 02:00 बजे अपरान्ह तक निविदाए कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 03:00 बजे अपरान्ह निविदा कमेटी के द्वारा खोली जाएगी। निविदा बिक्री क्षेत्र पंचायत कार्यालय में दिनांक 18.03.2026 से 07.04.2026 को पूर्वान्ह 11 बजे तक की जाएगी। धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत होगी, निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करने की रसीद अथवा एफ0डी0 एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज–रायबरेली के नाम बंधक हो जमा करना होगा, बिना 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जाएगा। समयावधि के अन्दर कार्य न पूर्ण करने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी। निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं जी0एस0टी0 की प्रमाणित प्रतियो को लगाना अनिवार्य होगा। बिना कारण बताए किसी भी निविदा या समस्त निविदाओ को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज को होगा। कार्यो की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अवर अभियंता (ग्रा0अभि0वि0) व लघु सिंचाई महराजगंज से की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत रूपये में | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत की दर सें | टेण्डर फार्म मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य खडंजा से मन्दिर तक खडंजा निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 2.40 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |
| 2 | जमुरंवा पक्की सड़क से कोटवा सी0सी0 रोड तक ख0 | पंचम वित्त आयोग | 6.46 | 12920.00 | 1300.00 | 3 माह |
| 3 | पूरे बख्तावर सलेथू डामर रोड से सुखराम के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण | पंद्रहवा वित्त (अनटाइड) | 9.98 | 19960.00 | 1800.00 | 3 माह |
| 4 | सलेथू में सी0सी0 रोड के दोनों तरफ खडंजा निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 5.17 | 10340.00 | 1100.00 | 3 माह |
| 5 | हरदोई शिवगढ़ मार्ग से देव कुमार के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 5.65 | 11300.00 | 1200.00 | 3 माह |
| 6 | राघवपुर मेन इ0ला0 से कमलेश यादव के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 6.74 | 13500.00 | 1400.00 | 3 माह |
| 7 | पोखरनी मे गयाबक्स सी सी रोड से प्राथमिक पाठशाला तक इंटरलॉकिंग | पंचम वित्त आयोग | 9.95 | 19900.00 | 1800.00 | 3 माह |
| 8 | मुरैनी मे पक्की सडक से होलिका दहन स्थल तक इंटरलकिंग निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 9.02 | 18040.00 | 1800.00 | 3 माह |
| 9 | इंदौरा मे सी सी रोड से गाँव के बाहर तक इंटरलकिंग निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 9.95 | 19990.00 | 1800.00 | 3 माह |
| 10 | दौतरा मे अमहा रोड घूरऊ के दरवाजे से विराज माइनर तक इंटरलॉकिंग | पंचम वित्त आयोग | 9.97 | 19940.00 | 1800.00 | 3 माह |
| 11 | मोन के कोदरी मे राजकुमार सिंह के घर से रामफेर के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 9.93 | 19860.00 | 1800.00 | 3 माह |
| 12 | शिवगढ़ पक्की सड़क से भुट्टू के दरवाजे तक ख0नि0 | पंचम वित्त आयोग | 2.72 | 5500.00 | 600.00 | 3 माह |
| 13 | उतेहीबाद फ़रोसा से रामकोला की ओर अवशेष ख0नि0 | पंचम वित्त आयोग | 3.75 | 7500.00 | 800.00 | 3 माह |
| 14 | राघवपुर मिश्रन के पुरवा पक्की सड़क से विंधादीन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण का कार्य | पंचम वित्त आयोग | 8.33 | 16660.00 | 1700.00 | 3 माह |
| 15 | पक्की सड़क बारी गोहन्ना से छोटेलाल के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग | पंद्रहवा वित्त (अनटाइड) | 9.95 | 19900.00 | 1800.00 | 3 माह |
| 16 | करमगंज इंटरलकिंग से नहर पुल तक खड़ंजा निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 4.45 | 8900.00 | 900.00 | 3 माह |
| 17 | हरदोई अटरा रोड से पवारेमल बाबा तक खड़ंजा नि0 | पंचम वित्त आयोग | 6.64 | 13280.00 | 1400.00 | 3 माह |
| 18 | पक्की सड़क से शिव गोविंद के घर तक खड़ंजा निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 3.57 | 7150.00 | 700.00 | 3 माह |
| 19 | प्राथमिक विद्यालय जियापुर से तालाब के आगे तक ख0 | पंचम वित्त आयोग | 3.40 | 6800.00 | 700.00 | 3 माह |
| 20 | तौली से पूरे हरिहर तक खड़ंजा निर्माण | पंचम वित्त आयोग | 4.45 | 8900.00 | 900.00 | 3 माह |
| 21 | पूरे बहेलिया पक्की सड़क से उतेहीबाद तक ख0 नि0 | पंचम वित्त आयोग | 4.46 | 9000.00 | 900.00 | 3 माह |

खण्ड विकास अधिकारी
महराजगंज–रायबरेली

# चैत्र नवरात्र आज से, शेर पे सवार होके आ जा शेरावालिये...

## शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ घर-घर गूंजेंगे माता रानी के जयकारे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** आस्था व शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहा है। देवी मंदिरों व घरों तक में मां दुर्गा के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार देरशाम तक बाजारों में रौनक रही और मंदिरों में साफ-सफाई व रंग-रोगन का कार्य अंतिम चरण में दिखा।

आचार्य पं. गुड्डू द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार से नवरात्र शुरू प्रारंभ होंगे। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त अलग-अलग होगा। पहला शुभ समय सुबह 6.52 से 7.43 बजे तक रहेगा। इसके बाद अभिजित मुहूर्त 11.38 से दोपहर 12.26 बजे तक का है। बताया कि शुभ समय में ही भक्तों को कलश स्थापना करनी चाहिए। बुधवार को शहर के प्रमुख मंदिरों पौराणिक कल्याणी मंदिर, बड़ा चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर, आवास विकास दुर्गा मंदिर, कॉलेज रोड स्थित गायत्री मंदिर, बाईपास के अन्नपूर्णा धाम में विशेष साज-सज्जा की गई। नवाबगंज स्थित मां दुर्गा व कुशहरी देवी मंदिर को भी भव्य रूप दिया गया है। मंदिर समितियों ने भक्तों की भीड़ को देखते हुए रास्तों को साफ कर चूने का छिड़काव करवाया है। गुरुवार भोरपहर से ही मंदिरों के पट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए जाएंगे। नवरात्र की पूर्व संध्या पर शहर के बाजारों में खासी भीड़ रही। पूजन सामग्री जैसे चुनरी, नारियल, सिंदूर व श्रृंगार का सामान, फल, फूल व कलश के लिए मिट्टी के पात्र, अखंड ज्योति के लिए घी व तेल की दुकानों पर देररात तक खरीददारों का तांता लगा रहा। दुकानदारों ने भी मांग को देखते हुए दुकानों को विशेष रूप से सजाया है।


दुकान पर पूजन सामग्री खरीदती महिलाएं व युवतियां। ● अमृत विचार

### फलों के रेट पहुंचे आसमान पर

- केला 60 से 70 रुपये दर्जन
- सेब 160 से 180 रुपये किलो
- संतरा 120 से 140 रुपये किलो
- अंगूर 160 से 180 रुपये किलो
- अनार 180 से 200 रुपये किलो
- पपीता 50 से 70 रुपये किलो
- नारियल 60 से 80 रुपये किलो

### त्योहारों की खरीदारी को बाजारों में उमड़ी भीड़, यातायात व्यवस्था ध्वस्त

**उन्नाव:** नवरात्र व ईद को लेकर शहर के मुख्य बाजारों में जबरदस्त रौनक देखी जा रही है। खरीदारी के उत्साह के बीच शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बुधवार को शहर के बड़ा चौराहा, सदर बाजार, धवन रोड व सब्जी मंडी में खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ने से मुख्य मार्गों पर लंबा जाम लग गया। स्थिति यह रही कि शाम 4 बजे से लगे जाम का सिलसिला देररात तक जारी रहा, जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ नियंत्रित करने व यातायात सुचारु बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घंटों की मेहनत के बाद पुलिस कर्मी स्थिति पर काबू पा सके। लेकिन मुख्य चौराहों पर वाहनों की लंबी कतारें रेंगती नजर आईं।

### चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर जमकर हुई खरीदारी, सजे दरबार

**शुक्लागंज उन्नाव:** चैत्र नवरात्र के एक दिन पहले बुधवार शाम बाजार में पूजन सामग्री खरीदने को भक्तों की भारी भीड़ रही। मां दुर्गा की पूजा व उपासना के लिए मंदिरों के बाहर से लेकर राजमार्ग तक लगी सैकड़ों दुकानों पर लोगों ने चुनरी, देवी प्रतिमा समेत अन्य पूजन सामग्री खरीदी। इसके साथ ही मंदिरों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। चैत्र नवरात्र की खरीददारी को लेकर बुधवार को नगर में खरीदारों की भारी भीड़ रही। पूजन सामग्री, चुनरी, फल, नरियल, आदि की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। मंदिरों में साफ सफाई व रंगरोगन के बाद राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर व अन्य मंदिरों पर भव्य श्रृंगार किया गया व गुरुवार से शुरू सातवाहिक पर्व की तैयारियां पूर्ण कर ली गई। वहीं राजमार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में आज सुबह कलश पूजन के साथ पूजन कार्य शुरू किया जायेगा। भोरपहर माता को भोग लगाने के बाद महाआरती होगी। वहीं शाम को भी महाआरती होगी। प्राचीन दुर्गा मंदिर में प्रदेश भर से लोग दर्शन के लिये आते है। इसके अलावा कंचन नगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड सोमा गौरी, गांधी नगर काली मंदिर, आंनद नगर अन्नपूर्णा मंदिर, चंपापुरवा में मंशा देवी मंदिर समेत नगर के विभिन्न मंदिरों में पूरे दिन सफाई व सजावट का कार्य चलता रहा। श्रीदुर्गा मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह साधू ने बताया कि नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं।


दुर्गा मंदिर के बाहर सजीं दुकानें। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म का वांछित दबोचा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर चल रहे अपराध के नियंत्रण अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। मूल रूप से थाना राधानगर जिला फतेहपुर व वर्तमान में नबीनगर निवासी मो. हासिम पुत्र मो. मतीन पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज थी। वह काफी समय से फरार था। बुधवार को मरहला चौकी पुलिस टीम गश्त पर थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी निर्माणाधीन सरैयां क्रासिंग के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जरूरी कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट भेज दिया। टीम में दरोगा मूलचंद्र पाठक, कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह व सनी कुमार शामिल रहे।

### ट्रेन से कटे युवक की नहीं हो सकी पहचान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** मंगलवार सुबह गंगाघाट रेलवे स्टेशन से मगरवारा की ओर जा रही झांसी पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना सहजनी के पास पोल संख्या 62/28 और 62/30 के बीच हुई, जहां करीब 27 वर्षीय युवक ट्रेन से कट गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया है। मरहला चौकी इंचार्ज मूलचंद्र पाठक ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

### दहेज हत्या में पति को पुलिस ने भेजा जेल

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने नव विवाहिता की हुई संदिग्ध मौत के मामले में पति को दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बता दें कि शहर के कब्बा खेड़ा सिविल लाइन निवासी कौशल किशोर मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी बेटी काजल की शादी 5 मई-2025 को लखनऊ के चिनहट निवासी आशीष मिश्रा से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों के अनुसार 24 नवंबर को ससुराल पक्ष ने काजल को जहर दे दिया। हालत बिगड़ने की जानकारी पर पहुंचे पिता ने उसे पहले लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया फिर वहां से उन्नाव लाए। जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पोस्टमार्टम के दौरान जहर मिलने की आशंका पर बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया था। बुधवार को सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति को रामलीला मैदान के पास से पकड़ लिया। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि जरूरी कार्रवाई पर उसे जेल भेजा जा रहा है। मामले की जांच जारी है

# यूपी सरकार के 9 वर्ष, विकास प्रदर्शनी में दिखीं सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** उप्र सरकार के 9 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर निराला प्रेक्षागृह में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकास प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों के स्टालों से जनसंवाद किया गया। शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने फीता काटकर किया।

उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व विकास कार्यों से संबंधित चित्रों व लेखों को प्रदर्शित किया गया था। विधायक ने दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित कर विधायक ने 524 निपुण विद्यालयों के उन शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले नन्हे मुन्नों को भी सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि आज प्रदेश सरकार के 9 वर्ष व केंद्र के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां जनता के सामने हैं। डीएम गौरांग राठी ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह अपराजिता द्वारा बनाई गई लुंबा राखी और तोरण द्वार की खरीदारी कर महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। डीएम ने सीडीओ को निर्देश दिये कि इन गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को स्थानीय व बड़े बाजारों में स्थान दिलाया जाए। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इसमें सीडीओ कृतिराज, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, डीडीओ देव चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम, सीडीओ व अन्य।

# बंद पड़ी फैक्ट्री में मिला निजी सुरक्षा गार्ड का शव

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थानाक्षेत्र के बंथर औद्योगिक क्षेत्र की एक बंद फैक्ट्री में तैनात गार्ड का शव फैक्ट्री परिसर में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों की प्रबंधन से वार्ता कराकर 7 लाख का चेक दिलाया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें सर्पदंश से मौत होने की पुष्टि हुई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नरी गांव के मजरा भगौतीखेड़ा निवासी बृजलाल यादव (65) औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड था। सोमवार रात वह ड्यूटी पर आया था। लेकिन मंगलवार दोपहर तक घर नहीं लौटा। बेटे रामकुमार ने उसे फोन मिलाया लेकिन वह बदं था। इस पर बेटा फैक्ट्री पहुंचा तो गेट अंदर से बंद मिला। बगल की फैक्ट्री की छत से देखा तो परिसर में बृजलाल का शव पड़ा था। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों के साथ पहुंचे परिजन हंगामा करने लगे। गए। सूचना पर एसओ अचलगंज फोर्स के साथ पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। बाद में फैक्ट्री प्रबंधन से बात कर देररात आश्रितों को 7 लाख का चेक दिलवाया। इसके बाद शव मोर्चरी भेजा। बेटे रामकुमार ने बताया कि पिता पहले होमगार्ड थे। सेवानिवृत्त होने के बाद से गार्ड की नौकरी करते थे। 5 बेटियों में दो की शादी हो चुकी है। पत्नी सोनी की पहले ही मौत हो चुकी है। एसओ बृजेश शुक्ल ने बताया कि फैक्ट्री बंद थी। मालिक से कहकर मुआवजा की चेक दिलवाई गई है।

# रोहिंग्याओं की तलाश में जुटी इंटेलीजेंस टीम

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बालूघाट चौकी अंतर्गत मनोहर नगर में रह रहे रोहिंग्या परिवार के फरार सदस्यों की तलाश अब इंटेलीजेंस टीम को सौंपी गई है। करीब 10 माह बाद भी पुलिस आधा दर्जन आरोपियों का पता नहीं लगा सकी है। जबकि दो माह पूर्व यह परिवार अपना सामान लेने के लिए यहां आया था और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

- दो माह पूर्व सामान समेटकर गए पुलिस को नहीं लगी भनक

मामले की शुरुआत 21 मई 2025 को हुई थी। जब कानपुर के सदर कोतवाली पुलिस ने संदिग्ध भाषा बोलने पर साहिल नामक युवक को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसके म्यांमार का निवासी होने व अवैध रूप से भारत में रहने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद गंगाघाट पुलिस ने पूरे परिवार के विरुद्ध विदेशी अधिनियम आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। परिवार के सदस्यों में साहिल, अनवर, हबीबुल्ला, असमत, रोहिमा, याहिया, सिनवारा बेगम, जुनैद, अजीदा व नूरकायदा शामिल हैं। पुलिस ने 25 मई 2025 को कार्रवाई करते हुए सिनवारा बेगम, अजीदा व नूरकायदा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था लेकिन अन्य सदस्य फरार हो गए। पुलिस के अनुसार अनवर, हबीबुल्ला, असमत, रोहिमा, याहिया और जुनैद अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। इस मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के आरोप में पूर्व सभासद शहजादे को भी जेल भेजा जा चुका था। विवेचक मान सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। अब इंटेलीजेंस विभाग की टीम भी सक्रिय कर दी गई है।


मनोहर नगर में इसी झोपड़ी में रहता था रोहिंग्या परिवार।

### नहर पटरी पर पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** दही थानाक्षेत्र के मुर्तजानगर नहर पटरी पर युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। इस पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। कानपुर-लखनऊ हाईवे से 25 मीटर अंदर मुर्तजानगर में सराय कटियान जाने वाली नहर पटरी पर एक शव मिलने से भीड़ एकत्र हो गई। चर्चा रही कि वहां से निकल रहे लोडर में फंसकर करीब (42) साल के युवक को घिसटता देखा गया था। बाद में गड्ढे में पहिया जाने से युवक उसी नहर पटरी के किनारे पड़ा दिखा है। पुलिस ने मामला संदिग्ध देख फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। चेहरा खराब होने से पहचान भी नहीं हो पाई। युवक कमर में बेल्ट की जगह सुतली बांधे है पीली शर्ट व कत्थई पैंट पहनने के साथ कमर में गमछा बांधे है।

### कल्याणी देवी तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग


मंदिर के रास्ते पर चूना का छिड़काव करते विमल द्विवेदी।

**उन्नाव, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के आगमन से पूर्व नर सेवा-नारायण सेवा समिति के संस्थापक व हिंदूवादी नेता विमल द्विवेदी ने अपने सहयोगियों के साथ नगर के प्रमुख मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने पदाधिकारियों के साथ मिलकर नगर के प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर सहित अन्य सिद्धपीठों के मार्गों पर झाड़ू लगाई व चूना डाला। उन्होंने संदेश दिया कि देवालयों की सेवा ही वास्तविक नर सेवा है। उन्होंने नगर के आस्था के केंद्र प्राचीन कल्याणी देवी मंदिर तालाब की वर्तमान स्थिति पर रोष जताते हुए योगी सरकार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन से मांग की कि तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे पर्यटन व आस्था के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। तालाब में गिर रहे नालों व आसपास के घरों से बहने वाले मल-मूत्र को बंद किया जाए। उन्होंने नवरात्रि के दौरान मंदिरों के आसपास खुले में मांस बेचने वालों व शराब दुकानों पर कार्यवाही की मांग भी की। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, संयोजक राकेश राजपूत, कमलेश बाजपेई, योगेंद्र तिवारी, पूर्व सैनिक एके दीक्षित, आरके मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, अखिल मिश्रा, अंकुर, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

### सदर विधायक ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण


शहीद की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक।

**उन्नाव, अमृत विचार :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में देश के लिए बलिदान देने वाले जिले के लाल, अमर शहीद शशिकांत तिवारी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर के मोहल्ला पूरन नगर निवासी शहीद की स्मृति को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने निजी संसाधनों से निर्मित उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। शहीद की शहादत के बाद से ही उनके परिजनों द्वारा पार्क व मूर्ति स्थापना की मांग की जा रही थी। शुभारंभ शहीद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन व मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसमें जिले के कई सेवानिवृत्त फौजियों व शहीद वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि अगर आज हम और हमारा देश सुरक्षित है तो वह केवल इन वीर सैनिकों के दम पर है। संचालन नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने किया। इसमें शहीद की धर्मपत्नी अनीता तिवारी, बेटा देवांश तिवारी, प्रदीप सिंह, पवन सिंह, पूर्व सैनिक एके दीक्षित, आरके मिश्रा, जेके सिंह, सूबेदार शुक्ला, आरबी सिंह आदि मौजूद रहे।

### गुरु-वंदन, छात्र-अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न

**उन्नाव, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा डिवाइन मिशन व डॉन बॉस्को स्कूल में गुरु-वंदन, छात्र-अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें स्कूल की मेधावी छात्राओं अंशिका व दुर्गा को मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर व शिक्षकों में तरन्नुम व दीपक मिश्रा को प्रशस्तिपत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। परिषद के संरक्षक केके श्रीवास्तव ने भारत विकास परिषद द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रिंसिपल प्रतिमा सहाय ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य ठाकुर प्रसाद जायसवाल, सुनील, विशाल चंद्र गुप्ता, डॉ. उदय प्रताप, राजीव भारती, पवन निगम आदि रहे।

### राशन दुकानों में अनाज नहीं, लौट रहे कार्डधारक

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर में राशन वितरण प्रणाली के तहत मार्च माह का राशन वितरण संकट में फंसता दिख रहा है। तय समयसीमा नजदीक होने के बावजूद कई दुकानों तक अभी तक पर्याप्त खाद्यान्न नहीं पहुंच सका है। इससे हजारों कार्ड धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर क्षेत्र में कुल 32 राशन की दुकानें हैं। जहां करीब 15 हजार पात्र गृहस्थी व 1700 से 1800 के बीच अंत्योदय कार्डधारक हैं। शासन से मार्च माह में 12 से 28 तारीख के बीच राशन वितरण का आदेश जारी किया गया है लेकिन गंगाघाट क्षेत्र की आधी दुकानों में अब तक गेहूं, चावल व मक्का की आपूर्ति नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि 7 दिन बीतने के बाद भी दुकानों तक पर्याप्त राशन नहीं पहुंचा है। वहीं अंत्योदय कार्डधारकों को मिलने वाली चीनी हर तीसरे महीने दी जाती है जो इस बार 20 मार्च के बाद मिलने की संभावना जताई जा रही है। बुधवार तक स्थिति जस की तस बनी है, जबकि वितरण की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित है। ऐसे में दुकानदारों के सामने सीमित समय में राशन वितरण की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। रोज बड़ी संख्या में कार्डधारक दुकानों पर पहुंच रहे हैं लेकिन अधूरी आपूर्ति के चलते उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

# रेलवे पुल की ट्रफ बदलने की तैयारी तेज

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगा नदी पर स्थित रेलवे पुल की डाउन लाइन पर जर्जर ट्रफ बदलने को लेकर रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को लखनऊ से पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की।

चीफ वर्कशॉप मैनेजर उत्तर रेलवे जयंत चौधरी, डिप्टी चीफ वर्कशॉप मैनेजर नितिन मंगवाल व डीईएन फाइव प्रवेंद्र कुमार ने टीम के साथ डाउन लाइन का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जर्जर ट्रफ की स्थिति का जायजा लिया और नए एच-बीम चैनल स्लीपर लगाए जाने की योजना पर चर्चा की। साथ ही कार्यदायी संस्था से प्रगति व तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी ली। अधिकारियों के अनुसार, 2 अप्रैल से 13 मई 2026 तक 42 दिनों के लिए रोज सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक मेगा ट्रैफिक व पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान पुराने स्टील ट्रफ हटाकर वहां नए एचबीएम चैनल स्लीपर लगाए जाएंगे। कार्य की शुरुआत कानपुर की ओर से की जाएगी। बताया गया कि कानपुर से शुक्लागंज के बीच लगभग 1700 एचबीएम चैनल स्लीपर और 500 से अधिक गार्डर लगाए जाएंगे।


रेलवे पुल पर ट्रफ बदलने को लेकर चर्चा करते रेलवे के अधिकारी। ● अमृत विचार

- 2 अप्रैल से शुरू होना है नये एचबीम स्लीपर डालने का काम

### महाविद्यालय में संगीत संध्या कार्यक्रम संपन्न

**उन्नाव, अमृत विचार :** भारतीय संगीत महाविद्यालय आवास विकास कॉलोनी में भारती संगीत संध्या कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ समीक्षा अधिकारी महेंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अंशिका यादव ने राग जय-जयवंती गायन, दिव्यांशी राज ने तबला वादन प्रस्तुत किया। अमित कुशवाहा ने कभी राम बनके भजन प्रस्तुत किया। ऐश्वर्या त्रिपाठी ने गीत जमुना किनारे मोरा गांव सांवरिया आ जइयो प्रस्तुत किया। सामूहिक रूप में होली गीत होली खेलत नंदलाल व आज ब्रज में होली रे रसिया प्रस्तुत किया गया। अविरल वाजपेई, सुमुख रस्तोगी, आराध्या, बृजेश, आदित्य, अंश यादव ने चंदन सा बदन गीत प्रस्तुत किया। ढोलक पर प्रखर प्रताप सिंह, तबला पर सिराज अहमद, संजीव सिंह, साइड रिदम पर अरुण मिश्रा, हारमोनियम पर इब्राहिम संगत कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

# वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले हो शत-प्रतिशत वसूली: एडीएम

**उन्नाव, अमृत विचार:** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों, एंटी भू-माफिया अभियान, आपदा व चकबंदी से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान एडीएम सुशील कुमार गोंड ने वाणिज्य कर, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, नगर विकास, वन विभाग व खनन आदि विभागों की वसूली की समीक्षा की।

इस दौरान पाया गया कि कुछ विभागों की वसूली लक्ष्य के मुकाबले कम है। इस पर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले शत-प्रतिशत वसूली की जाए। न्यायालयी कार्यों की समीक्षा करते हुए एडीएम ने निर्देश दिए कि जिन अफसरों के न्यायालय में 5 वर्ष से अधिक पुराने वाद लंबित हैं, उनकी प्रतिदिन सुनवाई की जाए। उन्होंने जनपद के 10 बड़े बकायेदारों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की और अधिकारियों को इसमें गंभीरता बरतने की हिदायत दी। आपदा प्रबंधन के मामलों पर कहा कि रिपोर्ट भेजने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में एडीएम नमामि गंगे विधेश, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**बोर्ड परीक्षा**

**1745 डिप्टी हेड व परीक्षकों में 905 अनुपस्थित, सामाजिक विज्ञान की कॉपियां न आने से परीक्षक लौटे**

# चार केंद्रों में 840 परीक्षकों ने जांचीं 9215 उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कापियों का मूल्यांकन चार केंद्रों में शुरू हो गया। पहले दिन उप प्रधान परीक्षकों व सहायक परीक्षकों की उपस्थिति ली गई। जिन विषयों के डिप्टी हेड आए थे उन्हें फाइल दी गई व सहायक परीक्षकों की उपस्थिति लेते हुए उन्हें मूल्यांकन के लिए कापियां आवंटित की गईं। वहीं, मॉडल के रूप में डिप्टी हेड व उनके सहायक परीक्षकों को कापियों को मूल्यांकन हेतु दिया गया।

पहले दिन 4 केंद्रों में 1745 डिप्टी हेड व सहायक परीक्षकों में 840 की उपस्थिति होने से केवल 9215 कापियों का मूल्यांकन हो सका। जीआईसी केंद्र में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की कापियां न आने से उस विषय के परीक्षक निराश लौट गए। डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 48 उपस्थित हुए तथा 517 में 211 उपस्थित हुए। इससे केवल 975 कापियों का मूल्यांकन हो सका। जीआईसी में हाईस्कूल की कापियों का मूल्यांकन किया गया। जिसमें 52 डिप्टी हेड में 35 और 491 परीक्षकों में 241 उपस्थित हुए। इससे केवल 1887 कापियों का मूल्यांकन हुआ।

प्रधानाचार्य परमात्मा शरण ने बताया कि सामाजिक विज्ञान की कापियां आज तक न आने से उन विषयों के परीक्षकों को वापस कर दिया गया। कहा कि बोर्ड सचिव व डीआईओएस के निर्देश है कि कोई परीक्षक मोबाइल लेकर नहीं आएगा। जीजीआईसी में इंटर की कापियों का मूल्यांकन हो रहा है। जिसमें 31 डिप्टी हेड में 26 व 289 परीक्षकों में 148 परीक्षक पहुंचे। इससे 4065 कापियों का ही मूल्यांकन हो सका। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर की कापियों के मूल्यांकन के लिए 30 डिप्टी हेड में 26 व 287 परीक्षकों मे 105 परीक्षक पहुंचे। इससे 2289 कापियों का मूल्यांकन हो सका। डीआईओएस सुनील दत्त ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।


जीआईसी केंद्र में निरीक्षण करते डीआईओएस सुनील दत्त। ● अमृत विचार

### नवरत्न के खेल से पीकेसी ने यूसीसी को 9 विकेट से हराया

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत रामकली स्टेडियम शुक्लागंज में हुए चौथे लीग मैच में पीकेसी ने यूसीसी को 9 विकेट से हराया। मैच के पूर्व पीकेसी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूसीसी की टीम ने 40 ओवर में 35 .4 ओवर बल्लेबाजी की और 197 रन बनाकर आलआउट हो गई। इसमें शुभम यादव ने 95 व प्रियांशु रावत ने 29 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीकेसी की टीम ने नवरत्न के नाबाद शतक के दम पर 9 विकेट से जीत प्राप्त की। नवरत्न को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

न्यूज ब्रीफ

## परसनी गांव को मिला सीएम पंचायत प्रोत्साहन में पुरस्कार

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसनी को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार में जनपद में पांचवा स्थान हासिल किया है। ग्राम प्रधान आशा गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार वर्ष 2025-26 में पंचायती राज विभाग उ.प्र के उत्कृष्ट कार्यों में उनकी ग्राम पंचायत परसनी ने मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजनांतर्गत जनपद में पांचवा हासिल करते हुए पुरस्कार हासिल किया है।

## कार की टक्कर से किशोर घायल

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के कटरा-बिल्हौर हाईवे आर एस पाठक कोल्ड स्टोरेज के पास सड़क पार कर रहे 14 वार्षिय बालक को कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। 14 वर्षीय शोभित पुत्र शिवरतन अपने घर के समाने से सड़क पार कर रहा था इसी बीच सांडी तिराहा से हरपालपुर की तरफ तेज रफ्तार मे जा रही कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देख आस पास के लोगो ने कार व चालक को पकड़ कर डायल 112 के सुपुर्द कर दिया और परिवार जन बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए है।

## किसान के यूकेलिप्टस के पेड़ काट ले गए चोर

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के राभा गांव के सरेहजू क्षेत्र काशीपुरवा में किसान के खेत से यूकेलिप्टस के 130 पेड़ काट ले गए। जानकारी के अनुसार, राभा निवासी यूनुस ने करीब 700 पेड़ तैयार किए थे। ये पेड़ अभी पूरी तरह बिक्री योग्य नहीं थे। 10 तारीख को पहली बार में करीब 80 पेड़ काटे गए। इसके बाद 16 तारीख की रात को दोबारा 50 पेड़ काट लिए गए। लगातार दो बार हुई इस घटना ने न सिर्फ किसान की मेहनत पर असर डाला, बल्कि उसके भविष्य की योजनाओं को भी प्रभावित किया है। पीड़ित किसान ने पिहानी कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## 29वें रोजे को चांद देखना हर मुसलमान की जिम्मेदारी

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। इमामे ईदगाह व काजी शहर सैय्यद ज़ियाउल आरफीन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आवाम से अपील की कि वे ईद का चांद देखने का एहतिमाम करें। उन्होंने कहा कि सुन्नत के मुताबिक रमजान के 29वें रोजे को चांद देखना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि चांद नजर आता है, तो तुरंत इसकी तस्दीक शरई गवाहों के साथ की जाए। ताकि ईद की नमाज व त्योहार के समय का सही एलान किया जा सके।

# जमीन बचाने को किसानों की हुंकार

## औद्योगिक गलियारा विकसित के लिए भूमि अधिग्रहण का किया विरोध

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई



प्रदर्शन करते भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भूमि अधिग्रहण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राज बहादुर के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने औद्योगिक गलियारा विकसित करने के नाम पर हो रही जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया पर कड़ा विरोध जताया।

किसानों ने बताया कि गुरौली, पुसेड़ा, बसाहर, पसनेर समेत कई गांवों के किसान पहले ही गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए अपनी जमीन दे चुके हैं। अब दोबारा अधिग्रहण की प्रक्रिया से किसान पूरी तरह भूमिहीन होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। उनका कहना है कि जमीन ही उनकी जीविका, सम्मान और पहचान है, जिसे वे किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। भाकियू ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। 20 मार्च को तहसील परिसर बिलग्राम में एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया गया है। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग भी की है।

### निजी कंपनियों को दी जा रही किसानों की जमीन

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। तहसील मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता गुट) के बैनर तले किसानों ने भूमि अधिग्रहण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी एन. राम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। किसानों ने आरोप लगाया कि बैफरिया, पसनेर, गुरौली और जरौली शेरपुर गांवों की जमीन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिग्रहित कर डिफेंस कॉरिडोर के लिए निजी कंपनियों को दी जा रही है। किसानों का कहना है कि वे पहले ही गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए अपनी जमीन दे चुके हैं, और अब दोबारा अधिग्रहण से वे पूरी तरह भूमिहीन हो जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा और भूखमरी की नौबत आ सकती है।

# हरदोई रूट की ट्रेनों में बढ़ेगी सुविधा अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाए जाएंगे

हरदोई, अमृत विचार। यात्रियों की बढ़ती संख्या और यात्रा के दौरान होने वाली भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए मुरादाबाद मंडल ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल के तहत हरदोई होकर गुजरने वाली कुछ प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ने की घोषणा की गई है, जिससे यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, गाड़ी संख्या 13009/13010 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाए जाएंगे। इसी तरह गाड़ी संख्या 13151/13152 कोलकाता-जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस में भी स्लीपर श्रेणी के अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जाएंगे। यह व्यवस्था खासतौर पर उन यात्रियों के लिए फायदेमंद साबित होगी, जिन्हें लंबी दूरी की यात्रा के दौरान सीट नहीं मिल पाती है।



### यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया फैसला

हरदोई। बताया गया है कि ये अतिरिक्त कोच निर्धारित तिथियों पर लगाए जाएंगे, हालांकि कुछ विशेष दिनों को इस व्यवस्था से अलग रखा गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार यात्री अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल ने बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। त्योहारों, छुट्टियों और अन्य व्यस्त समय में ट्रेनों में यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाती है, जिससे सीटों की कमी महसूस होती है। ऐसे में अतिरिक्त कोच लगाने से अधिक लोगों को यात्रा का अवसर मिलेगा और भीड़ भी नियंत्रित रहेगी।रेलवे की इस पहल को यात्रियों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है। इससे न केवल सफर अधिक आरामदायक होगा, बल्कि टिकट मिलने की संभावना भी बढ़ेगी, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# मृतक की पत्नी को दी आर्थिक मदद

संवाददाता, कछौना, हरदोई



मृतक की पत्नी को सहायता राशि प्रदान करते शुभचिंतक व दुर्योधन की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना घटी, जहां पश्चिम बंगाल से हरिद्वार इलाज के लिए जा रहे युवक दुर्योधन की दून एक्सप्रेस ट्रेन में मौत हो गई। यह हादसा दलेलनगर और बालामऊ स्टेशनों के बीच हुआ। सूचना पाकर रेलवे सुरक्षा बल ने तुरंत कार्रवाई की। शव को ट्रेन से उतारकर कछौना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पत्नी तुम्पा कर्माकार निवासी धर्मू टोला जिला मालदा पश्चिम बंगाल के अनुसार अपने व पति दुर्योधन उम्र लगभग 35 वर्ष व पिता अशोक कुमार के साथ सफर कर रहे थे, तभी रास्ता में घटना घट जाने से पूरा परिवार सदमे में डूब गया। परिवार पश्चिम बंगाल लौटने के लिए परेशान था, क्योंकि उनके पास न पैसा था न साधन। ऐसे में बालामऊ-कछौना के लोगों ने एकजुट होकर मदद की। स्थानीय निवासी, पुलिस, आरपीएफ, स्वास्थ्यकर्मी और पत्रकारों ने मिलकर 32,601 रुपये इकट्ठा किए। इनमें से 28 हजार रुपये से परिवार को वाहन देकर पश्चिम बंगाल भेजा गया, बाकी राशि मृतक की पत्नी को सौंपी गई।



## 80 साल के वृद्ध की मौत, जेब में मिला जहर

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र में आलमपुर गांव में सड़क के किनारे आम के पेड़ के नीचे विक्षिप्त वृद्ध खुम्मन 80 की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। ग्रामीणों नें सीएचसी भरावन भेजा जहा चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पोता दिनेश ने बताया कि बाबा खुम्मन निवासी बस्तापुर चार माह से मानसिक रूप से विक्षिप्त चल रहे थे। बुधवार की सुबह 9 बजे खाना देने पुराने घर गया था, जहा बाबा नहीं मिले। 4 बजे प्रधान पति विजय ने बताया कि आलमपुर में सड़क किनारे खुम्मन बीमार पड़े है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र ने बताया कि वृद्ध की जेब से जहर की पुड़िया मिली है, शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# ग्रामीणों ने एचटी लाइन हटाने की मांग

संवाददाता, कछौना, हरदोई



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड के टिकारी ग्राम सभा के मजरा सहोरा में ग्रामीणों ने भारी संख्या में एकत्र होकर कछौना पावर हाउस पहुंचे और एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आधी आबादी के बीच से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन हटाने की मांग की है।

ग्रामीण बबलू सिंह, सुरेंद्र, अशर्फीलाल, मनोहर, शैलेंद्र, पिंटू आदि ने बताया कि सहोरा गांव में कई वर्ष पहले विद्युतीकरण के दौरान यह हाई-वोल्टेज लाइन लगा दी गई थी। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद लाइन नहीं हटाई गई, जिससे भारी परेशानी हो रही है। पशु-जानवर लाइन की चपेट में आकर मर चुके हैं, वहीं किसान ट्रैक्टर, कंबाइन व अन्य कृषि यंत्र गांव में नहीं चला पाते। ग्रामीणों का कहना है कि लाइन न हटने पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बिजली विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की।एसडीओ पुनीत दुबे ने बताया है कि एक उपभोक्ता ने निजी नलकूप के लिए आवेदन किया है जिसको लेकर 11 हजार लाइन से जोड़ा जा रहा था।उसी को लेकर उपभोक्ता व शिकायत कर्ता को आपस मे बैठकर सुलह समझौता करने का प्रयास किया जा रहे है।

## हादसे में घायल नायब तहसीलदार रेफर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव माथर निवासी धनीराम वर्मा पुत्र छेदालाल कन्नौज में नायब तहसीलदार हैं। बुधवार को वह बाइक से ड्यूटी पर कन्नौज जा रहे थे। जैसे ही वह हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित गांव आलमपुर रेतवा के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक पलट गई और नायब तहसीलदार गंभीर घायल हो गए। ग्रामीणो की मदद से उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# टॉवर से 24 बैटरी सेल चोरी, लाखों का नुकसान

संवाददाता, हरदोई



टॉवर से गायब बैटरी।

**अमृत विचार।** जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में चोरी की एक गंभीर घटना सामने आई है। जहां टेक्नीशियन पद पर कार्यरत राकेश कुमार सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह एक निजी कंपनी में टावर पर तैनात कर्मचारी हैं और टावर की देखरेख का कार्य करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने टावर परिसर को निशाना बनाते हुए वहां से महंगे उपकरण चोरी कर लिए।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, घटना 17/18 मार्च की रात की है, जब चोरों ने मौके का फायदा उठाकर टावर में लगे एचबीएल 600 एएच बैटरी के 24 सेल खोलकर गायब कर दिए। सुबह जब कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो उपकरण गायब देख हड़कंप मच गया। चोरी की इस वारदात से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान होने की बात कही जा रही है। पीड़ित का कहना है कि टावर क्षेत्र सुनसान जगह पर स्थित है, जिसका फायदा उठाकर चोर आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

### लगातार चोरों के निशाने पर हैं टॉवर

हरदोई, अमृत विचार। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। हालांकि अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है।राजेश कुमार सिंह ने पुलिस से मांग की है कि मामले की जल्द से जल्द जांच कर चोरी गए सामान की बरामदगी कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर चिंता का माहौल है और उन्होंने इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया गया है। इससे पहले भी लगातार कर टावरों को अपना निशाना बना चुके हैं टावर चोरी मत लगातार बढ़ती घटनाओं से टावर कर्मचारी और अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 100 शैय्या अस्पताल के जेनरेटर से डीजल और बैटरा ले गए चोर

बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में दो महीने से लगातार बढ़ती चोरियों पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को चोर अंजाम देकर भागने में सफल हो रहे हैं। मंगलवार को क़स्बा स्थित 100 शैय्या अस्पताल में लगे जेनरेटर से करीब 100 लीटर डीजल व दो बैटरा चोरी हो गए। बताते चलें कि नगर पंचायत बीघापुर स्थिति 100 शैय्या अस्पताल में उस समय हलचल मच गई ज़ब दोपहर 11 बजे अस्पताल की लाइट जाने पर जेनरेटर का ताला खोल कर जेनरेटर चलाने गए आपरेटर सुभम शर्मा ने देखा कि ताला बंद होने के बाद भी जेनरेटर से लगभग 100 लीटर डीजल व दो बैटरा चोरों ने पार कर दिये हैं। जैसे ही अस्पताल से 100 लीटर डीजल व दो बैटरा चोरी होने की जानकारी सीएमएस प्रमोद कुमार दोहरे को मिली तो उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराया। कोतवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# घरेलू विवाद के बाद युवक ने फंदे से लटककर दी जान

उन्नाव, अमृत विचार। शराब पीने को लेकर पत्नी से हुई कहासुनी के बाद पति ने फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

आसीवन थानांतर्गत पेसारी गांव निवासी अमर सिंह (32) पुत्र राधेलाल खेती कर परिवार पालता था। चर्चा है कि वह शराब का लती था। मंगलवार देरशाम वह नशे में घर लौटा। इसका पत्नी रुचि ने विरोध किया तो दोनों में काफी देर तक कहासुनी हुई। इसके बाद अमर अपने कमरे में सोने चला गया। खाना बना व अन्य कार्य निपटाकर पत्नी कमरे में पहुंची तो अमर का शव साड़ी के फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। चीख सुन परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पिता ने बताया कि अमर की 4 साल पहले शादी हुई थी। उसके एक बेटा निर्भय है। बेटे की मौत से मां माधुरी, बड़ा भाई विजय, छोटा लवकुश, बहन माधुरी व अन्य परिजन बेहाल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि शराब का लती होने के साथ घर में हुए विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# चार बच्चों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण की, परिजनों व उनके शिक्षकों में हर्ष

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार।** ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय आगमपुर के चार छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2025 सफलता अर्जित की है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के विज्ञान अध्यापक एचएल राजपूत ने बताया परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में जूली, हिमांशु कश्यप, शिवांशु एवं प्रभात शामिल है।

उन्होंने बताया छात्र-छात्राओं को शासन से प्रतिमाह 1000 रुपये के हिसाब से चार वर्ष तक छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। यानि प्रत्येक छात्र को 48 हजार रुपये की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में मिलेगी। अध्यापक होरीलाल राजपूत के मार्ग निर्देशन में उक्त छात्र-छात्राओं ने यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा छात्र-छात्राओं को मेहनत और लगन के साथ पढ़ना चाहिए। मेहनत और लगन से कोई भी सफलता अर्जित की जा सकती है। उन्होंने कहा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने यह परीक्षा पास करके विद्यालय का ही नहीं बल्कि शहर तथा जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। वह उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# सखी वन स्टाप सेंटर में पत्नी से गाली गलौज कर रहे पति को दबोचा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नशेड़ी पति सखी वन स्टाप सेंटर में ड्यूटी कर रही अपनी पत्नी को गाली-गलौज करते हुए हंगामा करने लगा, हालांकि पहले तो उसकी पत्नी ने काफी समझाया, लेकिन वह बाज़ नहीं आया, उसके बाद यूपी-112 पर काल की गई, वहां पहुंची पुलिस को देखते ही उसका सारा नशा हुर्र हो गया, वह हाथ जोड़ कर गिड़गिड़ाने लगा, लेकिन पुलिस उसे ले कर कोतवाली रवाना हो गई।

कोतवाली देहात के नयागांव मुबारकपुर में सखी वन स्टाप सेंटर है, बुधवार को वहां छेड़छाड़ और बहला-फुसला कर भगा ले जाने के मामलों की सुनवाई हो रही थी, उसी बीच नशे की हालत में एक युवक वहां पहुंचा और ड्यूटी कर रही पत्नी को गाली-गलौज करते हुए हंगामा लगा, इस तरह की हरकत से समूचे वन स्टाप सेंटर में खलबली मच गई। ड्यूटी कर रही पत्नी ने काफी समझाया, लेकिन वह बिल्कुल भी बाज़ नहीं आया, उसके बाद यूपी-112 पर काल करते ही वहां पहुंची पुलिस को देखते ही उसका सारा नशा हुर्र हो गया, वह हाथ जोड़ कर माफी मांगने लगा, लेकिन पुलिस उसे अपने साथ ले कर कोतवाली रवाना हो गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## उन्मुखीकरण संगोष्ठी में दी गई जानकारी

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम बुधवार को बुधवार को बीआरसी परिसर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रविप्रकाश और विशिष्ठ अतिथि बीडीओ इंद्रसेन नाथ ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। संगोष्ठी में शामिल हुए विद्यालयों के प्रधानाचार्य, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री प्रकाश ने ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों को शिक्षा की गुणवत्ता को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। बीईओ अनिल झा ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## अमावस्या पर लगाई आस्था की डुबकी

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। अमावस्या पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। इसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की। अमावस्या पर नगर के अलावा दूरदराज से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया कुछ ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

कार्यक्रम | भाजपा ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

# पुष्प वर्षा कर दी होली की बधाई

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में भाजपा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार ने लोगों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

सर्वप्रथम ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकर, खंड विकास अधिकारी अनिल सिंह व प्रधानों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक ने भी कार्यकर्त्ताओं व प्रधानों पर पुष्प वर्षा कर व गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कहा कि होली प्रेम, भाईचारे व आपसी सौहार्द का पर्व है। समारोह में नगर अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष जगजीत राजपूत, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश पाल, जिला व्यवस्था प्रमुख गिरीश वर्मा, पुत्तीलाल गौतम, प्रमेश चौधरी, मोनू सिंह, संदीप बाजपेई, राकेश गुप्ता, विकास गुप्ता, रामगोपाल आर्य, नीरज गुप्ता, हरिवंश तिवारी, ज्ञानेश द्विवेदी, विमल शुक्ला, पप्पू त्रिवेदी व प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



समारोह में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते विधायक श्रीकांत कटियार।

## आज 10 घंटे बंद रहेगी 15सी रेलवे क्रासिंग

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। जमल्दीपुर से गोपालपुर जाने वाले मार्ग स्थित कानपुर-बालामऊ रेलवे लाइन के फाटक संख्या 15सी पर ओवरहालिंग व टेम्पिंग कार्य कराया जाएगा। इसके चलते 19 मार्च को यहां आवागमन बंद रहेगा। रेलपथ इंजीनियर जितेंद्र पटेल ने बताया कि इस कार्य के कारण सुबह 8 से शाम 6 बजे तक सड़क यातायात पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान किसी भी वाहन का आवागमन फाटक से नहीं हो सकेगा। यात्रियों व वाहन चालकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। इस मार्ग से जाने वाले वाहन बम्हना-रसूलाबाद मार्ग व सफीपुर-रसूलाबाद मार्ग से होकर जा सकेंगे।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को दबोचा

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचर। एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत बेहटा मुजावर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव कांटा गुलजारपुर के मजरा कलवार ताल निवासी राजकुमार पुत्र राम दयाल के विरुद्ध थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इसके बाद से आरोपी फरार था।

बुधवार को दरोगा सुनील कुमार अपने हमराह सिपाही जितेंद्र व रामनिवास के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से आरोपी के संबंध में सूचना मिली। इस पर पुलिस सक्रिय हुई और घेराबंदी कर आरोपी राजकुमार को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी को थाने लाकर कार्रवाई पूरी की गई। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शव

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के बरमबाबा पुरवा गांव निवासी रमेश (50) बीते कई माह से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था। इलाज के बाद भी आराम न मिलने से परेशान होकर बुधवार सुबह गांव के बाहर फांसी लगाकर खुदकशी कर ली। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने जांच कर शव फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। पिता की मौत से इकलौता बेटा बबलू रो-रोकर बेहाल है।

### फूस के बंगले में लगी आग, ट्रैक्टर जला

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मना गांव निवासी लालू अपने घर के बगल में घास फूस का बंगला बनाकर उसमें ट्रैक्टर खड़ा करता था। बुधवार को वह खेतों पर काम करने चला गया। दोपहर बाद अचानक फूस के बंगले से लपटें उठने लगीं। ग्रामीणों ने सबमर्सिबल से पानी डालकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक फूस का बंगला खाक हो चुका था और ट्रैक्टर भी आधे से अधिक जल चुका था। पीड़ित ने कहा कि पुलिस को तहरीर देकर जांच की मांग करेंगे।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 29वां रोज़ा–
- ▸▸ अफ्तार–गुरुवार 6:20 बजे
- 30वां रोज़ा–
- ▸▸ सहरी–शुक्रवार 4:56 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### युवक तमंचा सहित गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने एक युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री, परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिहानी के उप निरीक्षक कैलाश चंद्र यादव और पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त युद्धवीर उर्फ खिलाड़ी पुत्र वीरेश कुमार निवासी ग्राम दरियाबाद थाना पसगवां जनपद खीरी को एक तमंचा 12 बोर, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पिहानी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### फोटो खींचने का विरोध करने पर पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंझिला थाना क्षेत्र के चरनजीत पुर गांव में लड़कियों के फोटो खींचने का विरोध करने पर दबंग युवकों ने डंडों से हमला करके एक ग्रामीण का सिर फोड़ कर लहू लोहान कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। कमलेश निवासी चरनजीत पुर मजरा भोगीपुर ग्रांट के अनुसार विकास लड़कियों के फोटो खींच रहा था जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर विकास, आसाराम, अवधेश ने उसके ऊपर डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया।

# सुरक्षा व रोजगार से महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

## राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह का किया उद्घाटन

संवाददाता, हरदोई





लाभार्थी को डेमो चेक प्रदान करतीं मंत्री रजनी तिवारी व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व शिक्षा विभाग के स्टाल का अवलोकन करतीं मंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के तहत नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन ने कार्यक्रम गांधी भवन हाल में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण पर नौ वर्ष पर आधारित लघु फिल्म का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन को मंत्री, जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों, कर्मचारियों, लाभार्थियों द्वारा देखा सुना गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा रोजगार पर बल देकर आत्म निर्भर बनाया है और जनपद की महिलाये शिक्षा के साथ रोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत बन रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन नौ वर्षो में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में कई महत्वपूर्ण कार्य करायें गये है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुनय झा ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनपद के गरीब एवं पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जा रहा है। इस मौके पर सभापति याचिका समिति अशोक अग्रवाल, विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, सीडीओ, एडीएम सहित कई अधिकारी मौजूद रहै।

जनप्रतिनिधियों ने गांधी भवन परिसर में लगी विभिन्न विभागों की तथा सूचना विभाग की प्रदर्शनी का फीताकाट कर उद्घाटन किया तथा खाद्य एवं रसद, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, मत्स्य, नेडा, डूडा, जन निगम, उद्योग, सूचना विभाग ,खादी ग्रामोद्योग, आईटीआई आदि विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया।

### लाभार्थियों को मिले प्रमाण पत्र और दिव्यांगों को ट्राई साइकिल

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार, महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार, आजीविका मिशन, नेडा, पंचायती राज, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की।

## आज से शुरू होंगे नवरात्र, मंदिरों व घरों में पूजन की तैयारियां पूरी



नवरात्र के लिए पूजन सामग्री खरीदते लोग।

**हरदोई, अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि की शुरुआत आज से होगी। प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया जाएगा। नवरात्र को धूमधाम से मनाने के लिए पूरे दिन तैयारियां चलती रहीं। मंदिरों में विशेष साफ सफाई व साज सज्जा की गई। राम जानकी मंदिर में नवरात्र तक विशेष पूजन अर्चना चलेगी। अलग-अलग दिन अलग-अलग यजमान पूजन संपन्न कराएंगे। मंदिर में स्थापना की तैयारियां पूरे दिन चलती रही। मंदिर में नवीन ध्वज लगाने के साथ-साथ विशेष साज सज्जा की गई। घरों में स्थापना के लिए तैयारियां चलती रहीं। बाजार में पूजन सामग्री की दुकानों पर काफी भीड़भाड़ रही।

## ग्राम विकास अधिकारी नहीं दे रहे परिवार रजिस्टर नकल

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

- ग्रामीणों ने कहा, एसआईआर में बाधा डाल रहे अधिकारी

**अमृत विचार।** देश में एस.आई.आर. प्रक्रिया के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के लिए सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही हैं लेकिन धरातल पर कुछ सरकारी मुलाजिमों की लापरवाही व मनमानी के चलते ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ऐसा ही एक वाकया बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के झरोइया गांव का प्रकाश में आया है।

बताते चलें कि झरोइया निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र बलभद्र सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी कोथावां को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि बीते माह एस.आई.आर. कराने के लिए परिवार रजिस्टर की कापी मांगी गई थी, जिसके लिए 26 फरवरी को खण्ड विकास अधिकारी को आवेदन किया था, जिसके निर्देशानुसार ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप कुमार गौतम के द्वारा बताया गया कि परिवार रजिस्टर रिकॉर्ड में आपके परिवार के किसी भी सदस्य का नाम अंकित नहीं है, और साथ ही परिवार रजिस्टर दिखाने से मना कर दिया, जबकि वर्ष 2005 से लेकर 2026 तक के सभी सरकारी दस्तावेज ग्राम पंचायत सचिवालय में न रखकर अन्य किसी प्राइवेट मकान मे रखे गए हैं, जोकि दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने की ओर इशारा करते हैं।

# पीएम आवास में घूस लेने के आरोपों को बताया साजिश

संवाददाता, पिहानी, हरदोई



आरोप लगाती पीड़िता। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री आवास योजना में घूस के आरोपों पर नया मोड़

**अमृत विचार।** कस्बा में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर उठे घूसखोरी के आरोप अब नए मोड़ पर पहुंच गए हैं। एक ओर जहां भाटनटोला की एक महिला ने पहली किस्त के बाद 10 हजार रुपये मांगने और दूसरी किस्त रोकने की धमकी का आरोप लगाया, वहीं अब सभासद प्रतिनिधि सेठ अरुण गुप्ता ने पूरे मामले को साजिश बताते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

नगर पालिका परिषद पिहानी में दी गई शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया था कि योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उससे अवैध धन की मांग की गई। इस मामले के सामने आते ही स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई और योजना की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे। अरुण गुप्ता ने उठाए सवाल सभासद प्रतिनिधि अरुण गुप्ता ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि मामले को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उनका कहना है कि उन्हें शाम को जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने स्वयं लाभार्थी से बात की। उनके मुताबिक, लाभार्थी ने बताया कि नगर पालिका से जुड़े एक कर्मचारी रमाकांत उसके घर पहुंचे और मकान का वीडियो बनाते हुए निर्माण को नक्शे के विपरीत बताया। साथ ही मकान गिराने या नक्शा पास कराने के नाम पर पैसे देने का दबाव बनाया गया।अरुण गुप्ता का आरोप है कि लाभार्थी को भयभीत कर उनके खिलाफ प्रार्थना पत्र दिलवाया गया और वीडियो में बयान दिलवाया गया, जिसे वायरल कराने की बात कही गई। सभासद प्रतिनिधि अरुण गुप्ता ने यह भी दावा किया कि उनके वार्ड से चुनाव हार चुके एक व्यक्ति द्वारा उन्हें फंसाने के लिए साजिश रची जा रही है और यह पूरा प्रकरण उसी कड़ी का हिस्सा हो सकता है।

### मामले की जांच पर टिकी नजर

नगर पालिका परिषद पिहानी के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। निष्कर्ष से पहले जांच जरूरी पूरा मामला आरोप–प्रत्यारोप के बीच उलझा हुआ है। एक तरफ लाभार्थी की शिकायत है तो दूसरी ओर सभासद प्रतिनिधि द्वारा लगाए गए साजिश के आरोप। ऐसे में सच्चाई क्या है, यह जांच के बाद ही साफ हो पाएगा। फिलहाल, क्षेत्रीय लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।



सभासद प्रतिनिधि अरुण गुप्ता।

### पालिका कर्मी की भूमिका पर उठे सवाल

इस घटनाक्रम के बाद नगर पालिका पिहानी में तैनात सफाई नायक रमाकांत सक्सेना की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप लगाए गए हैं कि वह अपने निर्धारित दायित्वों से हटकर राजस्व वसूली जैसे कार्यों में संलिप्त हैं, जो नियमों के विपरीत है ।साथ ही यह भी कहा गया कि उनके अधीन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से वसूली कराई जा रही है और उनकी तैनाती व अधिकार क्षेत्र को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

# दो महिलाओं ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, हरदोई



रूबी की फाइल फोटो।

- टड़ियावा व हरियावां में पति से नाराज होकर मौत को लगाया गले

**अमृत विचार।** पति के ननद के घर जाने से खफा हुई उसकी पत्नी कमरे.के अंदर साड़ी से,वहीं दूसरी ने घर के बरामदे में रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। एक मामलें में पुलिस ने कमरें का दरवाज़ा तोड़ कर शव को बाहर निकाला। दोनों मामलों की गहराई से जांच की जा रही है।

टड़ियावां थाने के भुड़वा मजरा गुरसण्डा निवासी नैमिष पाल की 33 वर्षीय पत्नी रिंकी ने बुधवार की दोपहर घरेलू बात से खफा हो कर बरामदे में रस्सी से फांसी लगा ली। रिंकी के दो बेटे योगेश व अयांश है,उसका मायका सीतापुर ज़िले के सदियापुर थाना नैमिषारण्य में बताया गया है। पिता चन्द्र पाल ने फिलहाल किसी आरोप से इंकार किया है। इसी तरह हरियावां थाने के कोडरा निवासी कौशल की 30 वर्षीय पत्नी रूबी देवी ने मंगलवार की शाम को कमरा बंद कर साड़ी से फांसी लगा ली। उसका पति अपनी बहन के घर बघौली थाने के ककेड़ा गांव गया हुआ था। उसी से खफा हो कर उसने ऐसा कदम उठाया।

रूबी के एक 7 साल का बेटा है,उसका मायका लखीमपुर खीरी ज़िले के अमौआपुर थाना मोहम्मदी बताया गया है। रूबी के पिता बबलेश की तरफ से फिलहाल कोई आरोप सामने नहीं आया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

## क्षेत्रीय लोगों को कराया रोजा इफ्तार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर रोजा खोला। बताते चलें कि नगर निवासी शीबू अंसारी के द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र के हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर नमकीन, मीठा व फल के साथ रोजा खोला। इस दौरान शीबू अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

# गैस की किल्लत को 'कन्ट्रोल' करेंगे कन्ट्रोल रूम

**हरदोई, अमृत विचार।** गैस सिलेंडर की किल्लत को कन्ट्रोल करने के लिए बीआरसी पर कन्ट्रोल रूम बनाए गए हैं, ताकि परिषदीय, राजकीय, अशासकीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में मिड-डे मील योजना बगैर रुकावट संचालित होती रहे।

बीएसए डा. अजित सिंह ने बीईओ की निगरानी में कन्ट्रोल रूम प्रभारी बनाए है। बीएसए के मुताबिक बीईओ अहिरोरी अनुज कुमार सक्सेना की निगरानी में भानू यादव को प्रभारी बनाया गया है, इसी तरह बीईओ बावन प्रभाष कुंवर श्रीवास्तव के साथ शुभेंदु कुमार को प्रभारी, बीईओ भरावन कृष्ण कुमार त्रिपाठी के साथ पुष्पेंद्र कुमार सिंह, बीईओ भरखनी सुनील कुमार सिंह के साथ अतुल कुमार, बीईओ बेहंदर राजेश राम (प्रभारी) के साथ दीपक कुमार, बीईओ बिलग्राम गिरिजेश कुमार कटियार के साथ विनय कुमार, बीईओ हरियावां अनिल कुमार झा के साथ मीनाक्षी, बीईओ हरपालपुर उदय भान के साथ कुलदीप, बीईओ कछौना ब्रजेश त्रिपाठी (प्रभारी) के साथ मोहम्मद शकील, बीईओ कोथावां कृष्ण कुमार त्रिपाठी (प्रभारी) के साथ कुलदीप सिंह, बीईओ माधौगंज संतोष कुमार सिंह के साथ राजीव गुप्ता,बीईओ मल्लावां राजेश राम के साथ ज्योतिमा, बीईओ पिहानी प्रियंका सिंह के साथ पंकज सिंह, बीईओ साण्डी सुनील कुमार त्रिपाठी (प्रभारी) के साथ विकास शर्मा, बीईओ सण्डीला ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के साथ अनिल सत्यार्थी, बीईओ शाहाबाद राजेश राम के साथ दिव्यांशु शुक्ला, बीईओ सुरसा डीएल राणा के साथ पूनम सिंह, बीईओ टड़ियावां अनिल कुमार झा (प्रभारी) के साथ रितेश सिंह, बीईओ टोंडरपुर रामकुमार द्विवेदी के साथ शैलेश राठौर और बीईओ नगर सीमा गौतम के साथ वंदना को कन्ट्रोल रूम के प्रभारी की ज़िम्मेदारी सौंपी है।

### टैबलेट का नंबर टोल-फ्री नंबर से कराएं लिंक

बीएसए डा .अजित सिंह ने बताया है कि विद्यालयों को जो टैबलेट दी गई है,उनका नंबर गैस एजेंसी पर लिंक कराए,ताकि टेबलेट से टोल–फ्री नंबर पर गैस की बुकिंग कर गैस सिलेंडर की किल्लत से बचा जा सकता है।

## रिश्तेदार ने नौकरी के नाम पर ठगा, पीड़ित ने दी तहरीर

संवाददाता, कछौना, हरदोई,



पीड़ित अंकित गुप्ता।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है, जहां एक रिश्तेदार ने सरकारी नौकरी का लालच देकर हजारों रुपये ठग लिए। बेईमान लोग मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर साधारण लोगों को अपना शिकार बनाते रहते हैं। अंकित गुप्ता पुत्र चंद्रगुप्ता, निवासी रेंशो थाना कछौना ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व उनके रिश्तेदार नीरज गुप्ता निवासी ठाकुरगंज थाना कछौना ने खुद को फूड इंस्पेक्टर बताते हुए सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इस लालच में अंकित ने नीरज को 35 हजार रुपये सौंप दिए। लंबे समय तक नौकरी न मिलने पर अंकित ने पैसे लौटाने की मांग की, तो नीरज ने न सिर्फ इंकार किया, बल्कि गाली-गलौज कर धमकियां भी दीं। आखिरकार पीड़ित ने पूरे मामले की तहरीर कोतवाली कछौना में दे दी।थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।

# 30 को हड़ताल करेंगे बैंक कर्मचारी

संवाददाता, हरदोई



बैंक के अचंल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते बैंक कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी बैंक एम्प्लॉइज यूनियन हरदोई इकाई के बैनर तले बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन ने आज शाम कार्यदिवस की समाप्ति पर बैंक ऑफ इंडिया के अंचल कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। प्रदर्शन के उपरांत मांगों को लेकर एक ज्ञापन यूनियन नेताओं ने बैंक के अंचल प्रबंधक किरण पाठक को दिया।

यह प्रदर्शन बैंक प्रबंधन की कर्मचारी-विरोधी नीतियों और द्विपक्षीय समझौतों के उल्लंघन के खिलाफ फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के आह्वान पर किया गया। फेडरेशन ने बैंक ऑफ इंडिया में 30 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए यूपीबीईयू, हरदोई इकाई के सेक्रेटरी राकेश पाण्डेय ने कहा कि यदि बैंक प्रबंधन द्वारा इन मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं तीव्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों में विभिन्न बैंकों से अजय मेहरोत्रा, कौशलेंद्र शुक्ला, गौरव सिंह, अनिल कुमार, मो. असलम, विपिन गुप्ता, अमित पाण्डेय, मनोज कुमार, उत्कर्ष गुप्ता मौजूद रहे।

## गड्ढे में मिला नवजात का शव, जांच शुरू

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में दिल दहला देने वाली और मानवता को शर्मशार करने वारदात सामने आई है। यहां नवजात शिशु का शव नाले में पड़ा मिला। लोगों की नजर पड़ते ही इलाके में सनसनी फैल गई और भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम का शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामला सदर बाजार मोहल्ले के निकट सिंह नर्सिंग होम के पीछे के पास का है। बुधवार को यहां पानी के गड्ढे में नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। गड्ढे में शव दिखाई देने पर इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की।

## चेयरमैन व ईओ ने मंदिर, ईदगाह और मस्जिद का निरीक्षण किया

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी नवरात्र एवं ईदुल फितर के त्योहारों को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद संडीला द्वारा विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में चेयरमैन मो. रईस अंसारी एवं अधिशासी अधिकारी (ईओ) अनिरुद्ध कुमार ने नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने शीतला माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, ईदगाह, मस्जिद राबिया बशीर नगर, पुराना मदरसा की मस्जिद, मंडई इमाम चौक मस्जिद तथा जामा मस्जिद का दौरा किया। अधिकारियों ने इन स्थानों पर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और रोशनी की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले दुरुस्त कर ली जाएं। अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने भी संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि नियमित निगरानी रखी जाए और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान किया जाए।

**समझदारी** | मिट्टी लदे डंपरों की आवाजी से खराब हो रहा था गांव का खड़ंजा

# ईंट भट्ठा श्रमिकों ने हल कर दी ग्रामीणों की समस्या

संवाददाता, हरदोई



प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानून व्यवस्था की ज़िम्मेदारी सिर्फ पुलिस की होती है,ऐसा ही माना जाता है,लेकिन ईंट-भट्ठे पर पसीना बहाने वाले मज़दूरों ने साबित कर दिया कि कानून व्यवस्था को बहाल रखने के लिए पुलिस और पब्लिक का तालमेल होना ज़रूरी है। दरअसल मिट्टी से लदे डंपर गांव के खड़ंजे से निकल रहे थे, वहां के ग्रामीणों का कहना था कि खड़ंजा उधड़ने लगा है,ऐसे ही रहा तो खड़ंजे का नामोनिशान मिट जाएगा और बरसात के दिनों में मुसीबत से सामना करना पड़ सकता है,उसी को ले कर बुधवार को ग्रामीणों ने मिट्टी ले कर जा रहे डंपर के सामने खड़े हो कर उसे रोक लिया और प्रदर्शन करने लगे,पुलिस को भनक लगती,लेकिन उससे पहले ही ईंट-भट्ठे के मज़दूर पहुंचे और अपनी ज़िम्मेदारी पर खड़ंजा दुरुस्त कराने के वादे पर डंपर को रास्ता देते हुए चुटकी में समस्या हल करने वाले भट्ठा मज़दूरो. को गले लगा लिया।

कोतवाली देहात के टुहरुपुरवा मजरा आशा से मिट्टी से लदे डंपर निकलने से वहां का खड़ंजा उधड़ रहा है, जिसके लिए वहां के ग्रामीणों ने कई बार आवाज़ उठाई, लेकिन उनकी कहीं भी सुनी नहीं गई। बुधवार को आखिर उनका सब्र जवाब दे गया। तमाम ग्रामीण सड़क पर आ गए और आ रहे डंपर के आगे खड़े होकर प्रदर्शन करने लगे। इसका पता होते ही ईंट-भट्ठे के मज़दूर आ गए और उन्होने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाया, ग्रामीण उधड़ चुके खड़ंजे को दुरुस्त कराने की मांग पर अड़ गए। मज़दूरों ने अपनी ज़िम्मेदारी पर खड़ंजे को दुरुस्त कराने की बात कही, तब कहीं ग्रामीण माने और डंपर को निकलने के लिए रास्ता दिया।

## नीलगाय से टकराई बाइक, चालक गंभीर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में म्योरा मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। अनुसार पवन सिंह (40) पुत्र विनोद सिंह निवासी ग्राम छिबरामऊ बिलग्राम अपनी बाइक से बिलग्राम से अपने गांव वापस जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह म्योरा मोड़ के पास पहुंचे, अचानक सड़क पर आई एक लिल (छोटी) गाय से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पवन सिंह बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और घायल को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

# मार्ग के पैचवर्क की हो रही अनदेखी

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** गोपामऊ-पिहानी मार्ग पर गड्ढों के हुए पैचवर्क काम में अनदेखी कर कागजों में पूरे मार्ग को चकाचक कर दिया गया है। जबकि मौके पर कई फिट गहरे गड्ढे आज भी बरकरार बने हुए है। ऐसे में दोपहिया और साइकिल के अलावा ई रिक्शा चालकों को परेशानी ही नहीं बल्कि वे हादसे के शिकार हो रहे हैं।

गांव बखरिया के हर्ष सिंह ने बताया कि पैचवर्क में छोड़े गए बड़े गहरे गड्ढों से लोग हादसे के शिकार हो रहे है। इस बारे में पीडब्ल्यूडी के स्थानीय जिम्मेदारों को अवगत करवाया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में हर रोज वाहन चालक अनजाने में हादसों के शिकार हो रहें है। यह तो बानगी मात्र है केवल ऐसे ही टड़ियावां- इटौली मार्ग से जुड़े खेरिया गांव के लिंक मार्ग की मरमत के कुछ माह हुए होंगे, लेकिन वर्तमान में गिट्टियां उखड़ रही है। पड़ोस में गांव नेवादा के लिंक मार्ग की वित्तीय वर्ष में रिपेयर हुई थी। उस दौरान हुई बारिश में पूरा मार्ग बदहाल हो गया, और अब गिट्टियां उखड़ने लगी है। मालूम हो कि बीते दिनों भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने पिहानी क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग में लोक निर्माण विभाग के कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही थी। इलाकाई लोगों ने पूरे मार्ग को जल्द दुरुस्त करने की मांग उठाई है। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन, मुरलीधर गंगवार ने बताया कि पिहानी संपर्क के नवीनीकरण के लिए स्वीकृति है। टेंडर प्रक्रिया पर काम चल रहा, जैसे टेंडर होता है तो काम शुरू करवा दिया जायेगा।



ऊबड़ खाबड़ पड़ा गोपामऊ –पिहानी संपर्क मार्ग।



रोजा

शिया
सहरी : 04.42 बजे
अफ्तार : 06.30 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.49 बजे
अफ्तार : 06.20 बजे

# कवायद: प्लाईवुड भूमि पर बन सकता है मेडिकल कॉलेज

## प्रभारी मंत्री ने की डीएम से चर्चा, एक पक्ष कर चुका भू-स्वामित्व का दावा

- अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था बंद पड़ी फैक्ट्री का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री को प्रशासन की संजीवनी मिल सकती है। चर्चा के रूप में उभरा मुद्दा अमल में लाया जा सकता है। प्रभारी मंत्री ने इसको लेकर जिलाधिकारी से देर तक बातचीत की।

दरअसल, प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह नौ साल की सरकार की उपलब्धियों पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे। इसी दौरान शहर के बीच सौ बीघा से अधिक भूमि पर बंद पड़ी सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री का मुद्दा उभरा, ऐसे में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बताया कि विभागीय प्रक्रिया जारी है।

एक पक्ष की ओर से भूस्वामित्व का दावा किया गया है। ऐसे में प्रभारी मंत्री ने स्थल खाली होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अथवा आवासीय कॉलोनियों के लिए भूमि चिन्हित कर विकसित किये जाने की सलाह दी। बता दें कि सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री का मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था। जिसको प्रशासन के बाद शासन ने भी संज्ञान लिया। वार्ता के दौरान सेउता विधायक ज्ञान तिवारी, सीडीओ प्रणता ऐश्वर्य, एडीएम नीतीश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

**टीबी मरीजों को मिली पोषण किट:** प्रभारी मंत्री ने टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की। बाद में राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीणों को घरौनी वितरित की। एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

**आशाओं को मिला आश्वासन, खिले चेहरे:** प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह से बड़ी संख्या में आशा कार्यकत्री मिलीं। सभी ने एक स्वर में वेतन बढ़ाए जाने की मांग की। ऐसे में प्रभारी मंत्री ने जल्द ही वेतन बढ़ने का आश्वासन दिया।

**मंत्री बोले, पात्रों को मिले पांच लाख से अधिक सिलेण्डर:** प्रभारी मंत्री ने बताया कि जनपद में उज्जवला योजना के तहत 5 लाख 96 हजार पात्रों को घरेलू सिलेण्डर दिया गया है। गैस की किल्लत कही नहीं है, वैश्विक स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएंगी।



कार्यक्रम के दौरान लगे स्टालों का जायजा लेते प्रभारी मंत्री व जिलाधिकारी। अमृत विचार



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा को हटाकर ही होगा बिसवां का विकास : डॉ. वर्मा

**सीतापुर, अमृत विचार :** मनरेगा बचाओ संवाद यात्रा के तीसरे दिन बन्नी खरेला सहित विभिन्न गांवों में जनसभाओं का आयोजन किया गया। यात्रा प्रभारी डॉ. आरपी वर्मा ने कहा कि बिसवां विधानसभा क्षेत्र के पिछड़ेपन के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस क्षेत्र को धार्मिक उन्माद और जातीय विद्वेष की राजनीति का केंद्र बना रही है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कार्यक्रम में शिवप्रकाश सिंह ने कहा कि जिले के 10 लाख मनरेगा मजदूरों की बेरोजगारी का कारण सरकार की नीतियां हैं। वहीं, सुनीला रावत ने कहा कि कुछ संगठन बुद्ध कथाओं को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें यह यात्रा बेनकाब करेगी। रोशनी गुप्ता की ओर से भूमिहीनों को जमीन बांटने और मनरेगा को बचाने की मांग उठाई गई। यह यात्रा मोहिउद्दीनपुर, गुरेरा और कामापुर आदि गांवों से होकर गुजरी। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

चैत्र अमावस्या

- नैमिषारण्य चक्र तीर्थ में सुदूर क्षेत्रों से पहुंचे भक्त, पुलिस-पीएसी के अलावा ड्रोन कैमरे भी रहे सक्रिय

नैमिषारण्य/मिश्रिख, सीतापुर

**अमृत विचार:** चैत्र मास की अमावस्या के अवसर पर तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त से ही चक्रतीर्थ सहित गोमती के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने 'हर-हर गंगे' और 'जय चक्रधारी' के जयघोष के साथ पवित्र स्नान किया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, चैत्र अमावस्या पर चक्रतीर्थ में स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व है, जिसे लेकर सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

भोर से ही शुरू हुआ स्नान का सिलसिला सूर्योदय तक जारी रहा, चक्रतीर्थ के चारों ओर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मां ललिता देवी शक्तिपीठ के पीठाधीश गोपाल शास्त्री के मुताबिक, दोपहर तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र चक्रतीर्थ में डुबकी लगाकर अपने पूर्वजों के निमित्त तर्पण किया। स्नान के पश्चात भक्तों ने पौराणिक ललिता देवी मंदिर, हनुमान गढ़ी और व्यास गद्दी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।



मंदिर के बाहर पूजन-अर्चन के दौरान लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

## आधिकारिक बैंक खाते से भुगतान पर ही सिलेंडर

**सीतापुर, अमृत विचार:** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने 'छूट प्राप्त कनेक्शनों' के लिए एलपीजी सिलेंडर जारी करने के नियमों में कड़ाई की है। लखनऊ मंडल कार्यालय द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी सीतापुर को जारी पत्र दिए गए निर्देशों के अनुसार, अब सिलेंडरों का भुगतान केवल पंजीकृत संस्थान के आधिकारिक बैंक खाते से नेफ्ट,आरटीजीएस या चेक के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। किसी भी स्थिति में नकद या व्यक्तिगत खाते से किया गया भुगतान मान्य नहीं होगा। संस्थान को मिलने वाले सिलेंडरों की संख्या पिछले 12 महीनों के औसत उपभोग तक ही सीमित रहेगी। आपूर्ति के समय सिलेंडर के सीरियल नंबर दर्ज करना व अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सिलेंडर का उपयोग निर्धारित परिसर में ही हो रहा है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव का लगेगा टीका



सर्वाइकल कैंसर की जानकारी देते सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान की तैयारी शुरू हो गई है। सीएमओ कार्यालय सभागार में सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जेएसआई के विशेषज्ञों ने वैक्सीन की भूमिका पर प्रकाश डाला। यूएनडीपी के कोल्ड चेन मैनेजर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उसे निर्धारित तापमान पर कैसे सुरक्षित रखना है और यू- विन पोर्टल पर लाभार्थी का पंजीकरण कर ऑनलाइन सर्टिफिकेट कैसे जारी करना है।

## अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित




मेधावी छात्राओं के साथ शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर :** विकास खंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरेती जलालपुर में मंगलवार को अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बीते 12 मार्च को आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 6, 7 और 8 के कुल 80 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। निर्णायक मंडल की जांच के उपरांत अनन्या कक्षा-7 ने प्रथम, कांति देवी कक्षा-6 ने द्वितीय और आस्था कुमारी कक्षा-8 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक रामपाल ने विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक कृष्ण पाल सिंह वर्मा, मोहिनी देवी, प्रीति श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, शीलू वर्मा और अचित श्रीवास्तव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आवासीय योजनाओं की फाइलें गायब


शोपीस बने आरआर सेंटर, गांव की दहलीज पर बढ़ा संक्रमण

सीडीओ बोलीं, भुगतान बड़ी समस्या, जल्द होगा समस्याओं का समाधान

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।



निर्माण कार्य का निरीक्षण करतीं सीडीओ प्रणता ऐश्वर्य। अमृत विचार

गिरी गाज

**सीतापुर, अमृत विचार:** डीएम के आदेश पर सीडीओ हरगांव विखं क्षेत्र में विकास कार्यों की तस्वीर देखने गईं तो महत्वपूर्ण फाइलें ही गायब मिलीं। दस्तावेजों से जुड़े अभिलेख भी अपूर्ण थे, ऐसे में लेखाकार व कम्प्यूटर आपरेटर की सेवाएं समाप्त कर दीं। दरअसल, अमृत विचार ने विखं क्षेत्र के आरआर सेंटर व निर्माण कार्यों का मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने गंभीरता से लिया व सीडीओ को निर्देश दिए। सीडीओ प्रणता ऐश्वर्य हरगांव विकास खंड कार्यालय पहुंचीं. सवाल-जवाब शुरू हुए तो दंग रह गईं। कार्यालय में वर्ष 2016 से आवासीय फाइलों से जुड़े अभिलेख नदारद थे। कई अनियमितताएं पाई गईं। ऐसे में सीडीओ ने लताड़ लगाते हुए लेखाकार और कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवा तत्काल समाप्त करने के निर्देश जारी किये। फत्तेपुर मातिनपुर में बन रहे अन्नपूर्णा भवन में घटिया निर्माण सामग्री मिलने पर सचिव और तकनीकी सहायक पर भी गाज गिरी। इसके पश्चात उन्होंने बरियाडीह गौशाला का जायजा लिया। वहां व्यवस्थाएं तो ठीक मिलीं, लेकिन आरआरसी सेंटर बंद पाया गया।

# नौनिहालों को लगे कामयाबी के पंख, नवोदय में 7 चयनित

- जनपद में सर्वाधिक आवेदन, रणनीति बनी सफलता की कुंजी
- परिषदीय विद्यालयों के चार छात्रों ने बढ़ाया गौरव

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर



मीठी कुंवारी।



उद्धव मौर्य।

**अमृत विचार:** ये नया दौर है। शिक्षा व्यवस्था में शहरी इलाकों से दो हाथ आगे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे कर गुजर रहे हैं। रामपुर मथुरा क्षेत्र से परिषदीय विद्यालय के सात विद्यार्थियों का चयन नवोदय आवासीय विद्यालय में हो गया है।

बाढ़ - कटान प्रभावित रामपुर मथुरा ब्लॉक से जनपद में सर्वाधिक आवेदन पत्र भरवाए गए। इसके लिए प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में एक-एक शिक्षक को नोडल नामित किया गया था। घोषित परीक्षा परिणाम में ब्लॉक के सात विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय खैराबाद के लिए हुआ। चयनित छात्रों में कुमारी मीठी मौर्या, नेहा, नायहा, दलवीर, उद्धव मौर्य, यश पटेल और शिव नारायन शामिल हैं। इनमें से 4 छात्र परिषदीय विद्यालयों से हैं, जो सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है। इस मौके पर सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गयी।

## किसान दिवस में 13 समस्याओं की हुई सुनवाई




कार्यक्रम की अध्यक्षता करतीं नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों को सचेत किया गया कि आगामी पहली अप्रैल से पीएम किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों पर अनुदान और सरकारी केंद्रों पर फसल बिक्री के लिए 'फार्मर रजिस्ट्री' अनिवार्य कर दी गई है। उप कृषि निदेशक ने सभी किसानों से जल्द रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की। नगर मजिस्ट्रेट ने किसान संगठनों की 13 समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से करें। जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार ने समस्याओं के निस्तारण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। किसानों को गन्ने संग दलहनी फसलों की सहफसली खेती कर आय बढ़ाने का सुझाव दिया।

## 'केकड़ा गैंग' के दो सदस्य किये गये गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

**संवाददाता महोली, सीतापुर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत महोली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 'केकड़ा गैंग' के दो सक्रिय सदस्यों को रिमांड पर लेकर उनकी निशानदेही पर अवैध असलहे बरामद किए हैं। थाना महोली में दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त अटल वाजपेई और सूरज सिंह निवासी चमारन टोला ने हाल ही में न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दोनों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो अवैध तमंचे, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया। क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धाराएं बढ़ाकर अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने टोही बाढ़-कटान पीड़ितों की नब्ज, दिशा-निर्देश जारी

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्य ने तहसील लहरपुर का दौरा कर शारदा नदी के तट पर चल रही कटाव निरोधक परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। सीडीओ ने ग्राम रतौली और ग्राम रमपुरवा में नदी के दाएं किनारे पर चल रहे सुरक्षा कार्यों की गुणवत्ता जांची। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर जाना कि इन परियोजनाओं से उन्हें कितना लाभ मिल रहा है। साथ ही, उन्होंने क्षेत्र में संचालित अन्य विकास योजनाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य समय से और मानक के अनुरूप पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि काम में लापरवाही किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जायेगी। लापरवाह अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई सहित सहायक अभियंता व जूनियर इंजीनियर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया ऐलिया ब्लॉक क्षेत्र का निरीक्षण

- सीडीपीओ को लगाई फटकार बीपीएम का वेतन रोका, एएनएम की सेवा समाप्ति

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने बुधवार को ब्लॉक ऐलिया के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में मिली भारी कमियों पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई की। खगसियामऊ स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण में सीचओ अनुपस्थित मिले, जिनका वेतन काटने के निर्देश दिए गए। वहीं, ड्यू लिस्ट न होने और कार्यों में घोर लापरवाही बरतने पर एएनएम अल्का को नोटिस जारी कर सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी देरी से आने व रजिस्टरों में कमियां मिलने पर नोटिस दिया गया। डीएम ने सीडीपीओ को फटकार लगाते हुए बीपीएम का 15 दिन का वेतन रोकने और प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार और बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

**बच्चों से पुस्तक पढ़ाई, की प्रशंसा:** डीएम ने प्रावि विद्यालय अड़बेनिया ग्रन्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर शैक्षणिक स्तर परखा और निपुण बच्चों की प्रशंसा की। रसोईघर में खाने की गुणवत्ता और मैन्यू देखने के साथ ही उन्होंने प्रधानाचार्य को शुद्ध पेयजल व साफ-सफाई सुनिश्चित करने की हिदायत दी।



मिड-डे-मील के चावल की गुणवत्ता का आंकलन करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर।

## दबंगों ने युवक को लाठियों से पीटा, हालत गंभीर

**लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लच्छन नगर में दबंगों ने एक युवक को पकड़कर लाठियों से बेरहमी से पीट दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पीड़ितों के अनुसार, लच्छन नगर निवासी शब्बू पुत्र अब्दुल खालिक के मुताबिक, वो शौच से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में नईमुल्ला के घर के पास अर्श ने उसे पकड़ लिया और नईमुल्ला ने लाठियों से हमला कर दिया। इस मारपीट में शब्बू के सिर में चोटें आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## यूजीसी बिल को बहाल करने की मांग, प्रदर्शन

**सीतापुर, अमृत विचार :** महाराजा छीता पासी सेवा संस्थान एवं भारतीय संविधान सुरक्षा संघ के तत्वावधान में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर यूजीसी को अधिसूचित किए गए नए नियमों को बहाल करने की मांग की। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए लाए गए इन कड़े नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगा दी गई है, जिससे समाज के एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों में रोष है। ज्ञापन में मांग की गई है कि संवैधानिक अधिकारों के तहत इन वर्गों के हितों की रक्षा हेतु यूजीसी बिल को तुरंत प्रभाव से बहाल किया जाए।

# धार्मिक आयोजनों से भक्तिमय हुआ जिला

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को धार्मिक अनुष्ठानों और मेलों की धूम रही। नैमिषारण्य में चैत्र अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई, वहीं महमूदाबाद और लहरपुर में भी भक्ति के विविध रंग देखने को मिले।

**महमूदाबाद में मेले का आगाज:** प्रसिद्ध संकटा देवी धाम में गुरुवार से वासन्तिक नवरात्र के साथ एक माह के वार्षिक मेले का शुभारंभ होगा। विधायक आशा मौर्य वैदिक विधि-विधान से मेले का उद्घाटन करेंगी। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कवि सम्मेलन और भव्य मीना बाजार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में विशेष पिंक बूथ और पुलिस चौकी स्थापित की गई है।

**लहरपुर में भंडारे के साथ यज्ञ संपन्न:** चंदेसुवा स्थित बाबा औघड़ नाथ धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा व ज्ञान यज्ञ का समापन कन्या भोज और विशाल भंडारे के साथ हुआ।

यज्ञाचार्य राधा रमण रामानुज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहूति दी गई। वृंदावन से आए कलाकारों ने मयूर व दीप नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।



महमूदाबाद में आयोजित मेले में लगे झूले। अमृत विचार

## वेतन न मिलने पर कर्मियों का प्रदर्शन

**सीतापुर, अमृत विचार:** वेतन न मिलने से नाराज आउटसोर्सिंग में कार्यरत कर्मियों ने प्रदर्शन किया। जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लंबे समय से भुगतान नहीं हो रहा है। इन्हीं दावों के बीच बड़ी संख्या में कर्मी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। सभी ने समस्याएं साझा करते हुए जर्जर होती पारिवारिक स्थित भी साझा की। कर्मी रमेश, पप्पू, शशांक आदि ने कहा कि छह माह से अधिक वेतन न मिलने के कारण पारिवारिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि वेतन न मिलने से बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो गई है।



पुलिस की लगी गोली से घायल शातिर। अमृत विचार

## मुठभेड़ में मोबाइल चोर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर कलां क्षेत्र में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, बुधवार को रामपुर कलां पुलिस और एसओजी टीम जोधपुर पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया गया, तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ की गई कार्रवाई में आरोपी कौशलेन्द्र कुमार निवासी ककरहिया घायल हो गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 2 मोबाइल, एक पल्सर बाइक, एक तमंचा, कारतूस और एक पिट्ठू बैग बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले से ही चोरी का मुकदमा दर्ज था।

## इफ्तार में उमड़ी भीड़, अमन-चैन की मांगी दुआ

**बिसवां, सीतापुर :** हजरत ख्वाजा सूफी हारून शाह के आस्ताने पर सज्जादानशीन सूफी गुफरान कादरी द्वारा रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इफ्तार के उपरांत विशेष दुआ का आयोजन हुआ, जिसमें देश में अमन, सुकून और भाईचारे के साथ-साथ विश्व में जारी युद्धों की समाप्ति की कामना की गई। इस अवसर पर सूफी शाने आलम, शकील बाबा, सूफ़ी अनवर बेग, मोहम्मद शादाब एडवोकेट, रेहान एडवोकेट, नैयर शाकेब, डॉ. मोहम्मद रफी, अशोक यादव मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान ने साथियों संग पीटा, केस दर्ज

**हरगांव, सीतापुर :** हरगांव इलाके के एक गांव में पूर्व प्रधान ने पुरानी रंजिश में अपने भाइयों के साथ मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हरगांव थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी अभिषेक के मुताबिक, वो कल्लापुर से गैस एजेंसी से बाइक से गैस सिलेंडर लेकर घर वापस आ रहा था। रास्ते में गांव के ही पूर्व प्रधान कमलेश मौर्य, राजेंद्र और करन ने उसे गांव के बाहर पुलिया के पास रोककर लाठी डंडो व लात घूंसो से मारा पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल की अनोखी पहल

**लालगंज :** चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज निरंतर आधुनिक शिक्षा की ओर अग्रसर है। प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले प्रथम 100 बच्चों को टैबलेट प्रदान किया जाएगा। साथ ही वजीफा भी दिया जाएगा। वहीं कक्षा 9 के बच्चों को वजीफा के साथ-साथ निशुल्क किताबें भी दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भी स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए कई योजनाएं चालू हैं। उनका सतत प्रयास है कि बच्चों का आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर मे भी सर्वांगीण विकास हो। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक उत्कृष्ट संस्थान है। यहां पर कंप्यूटर और अन्य विषयों के लिए आधुनिकतम लैब भी हैं। सीसीटीवी कैमरे के जरिए शिक्षण कार्य पर प्रबंध निदेशक स्वयं हर समय निगाह रखते हैं। वहीं क्षेत्र के लोग भी अपने बच्चों का एडमिशन सीएमपीएस स्कूल में कराने के लिए लालायित रहते हैं।

### किसान की बाइक चोरी, दी तहरीर

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी किसान रघुनाथ पुत्र श्रीराम बुधवार को बाइक से भवानी बक्श के पुरवा के पास खेतों की देखरेख करने गए थे। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर अज्ञात चोर उनकी बाइक लेकर फरार हो गए। कुछ समय बाद जब किसान वापस लौटे तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने इसकी शिकायत जगतपुर थाने में की। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल, मुकदमा दर्ज

**अमावां :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के छजलापुर मोहल्ला निवासी कमलेश श्रीवास्तव पत्नी शीतला प्रसाद श्रीवास्तव 9 मार्च की शाम सड़क पार मंदिर जाने के लिए खड़ी थी। तभी रतापुर की ओर से आई एक तेज रफ्तार कार ने कमलेश श्रीवास्तव को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से कमलेश उछलकर बोनट पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। इस बीच तेज रफ्तार कार सवार मौके से भागने में कामयाब रहा। आसपास के लोगों ने कमलेश को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। कमलेश के पुत्र अंकुर श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया कि घटना में शामिल कार की तलाश की जा रही है।

### श्री फाउंडेशन कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सरेनी :** श्री फाउंडेशन के चेयरमैन मनोज द्विवेदी की उपस्थिति में श्री फाउंडेशन कार्यालय का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी सूर्यबली सिंह नीबी ने की। श्री फाउंडेशन प्रतिनिधि अरुण सिंह एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों को अंगवस्त्र भेंट किया। कार्यक्रम के संयोजक सुंदर सिंह सिकरवार रहे। बैठक का संचालन वैद्यनाथ दीक्षित ने किया। इस मौके पर रोशन लाल, सुंदर सिंह, गिरीश सिंह, ललऊ खान, पूर्व प्रधान शिव कुमार लोधी, रामचंद्र चौबे, मधुकांत बाजपेई, सन्तोष सिंह, बच्चउनू बढ़ई, लोकनाथ त्रिवेदी, आनंद लोधी, अशोक सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोर्ट ने सरेनी थाना क्षेत्र में करीब 12 साल पहले 15 वर्षीया बालिका के अपहरण व दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में दोषसिद्ध होने पर आरोपी को पॉक्सो एक्ट में 20 कारावास के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने 19 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय विशेष पॉक्सो कोर्ट चतुर्थ/फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के अपर सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार वर्मा ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) अशोक कुमार त्रिवेदी के मुताबिक मामले की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने थाना सरेनी में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 26 फरवरी 2014 को वादिनी की 15 वर्षीया बेटी (पीड़िता) घर पर थी, इसी दौरान सुनील कुमार ने उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपहृत कर लिया। विवेचना के बाद पुलिस ने सरेनी थाना क्षेत्र के लाऊपाठक मजरे छिवलहा निवासी सुनील कुमार के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। अदालत ने बहस सुनने के बाद उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर दोषी को कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। कोर्ट ने अर्थदंड जमा होने पर 10 हजार पीड़िता को देने का भी निर्देश दिया है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर चला बुलडोजर, सरकारी जमीन कराई मुक्त

महराजगंज (रायबरेली)



अवैध कब्जे को हटवाते सदर तहसील के अधिकारी व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**कार्रवाई**

- जेसीबी के साथ बभन का पुरवा मजरे थुलवासा पहुंचा प्रशासन

**अमृत विचार।** सदर तहसील क्षेत्र में बुधवार को हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे हटाकर ग्राम सभा की जमीन को मुक्त करा दिया है। तहसील प्रशासन भारी पुलिस बल और जेसीबी मशीन के साथ बभन का पुरवा मजरे थुलवासा गांव पहुंचा, जहां ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम को मौके पर देखते ही अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कब्जों को हटाया और ग्राम पंचायत की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव ने बताया कि कार्रवाई से पहले सभी कब्जाधारियों को नोटिस जारी किए गए थे, साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौखिक रूप से भी सूचना दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई है और आगे भी अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस दौरान नायब तहसीलदार रमा शंकर मिश्रा, क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो संतलाल, चौकी प्रभारी राहुल मिश्रा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

### सीवीओ ने भूसा आपूर्ति एजेंसी को किया ब्लैक लिस्ट, जमानत राशि जब्त

**राही (रायबरेली), अमृत विचार।** भूसा आपूर्ति में की गई लापरवाही भारी पड़ गई। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने आपूर्ति एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करते हुए एजेंसी की जमानत धनराशि को भी जब्त कर लिया है। सीवीओ डॉ. कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि जनपद की अस्थाई/स्थाई गोवंश आश्रय स्थल में साल 2025-2026 में गोवंश हेतु भूसा आपूर्ति का ठेका जेम पोर्टल के माध्यम से रायबरेली पशुपालन विभाग द्वारा मे. एंजेल प्राइम सर्विसेज प्रा.लि. लखनऊ के साथ अनुबंध हुआ था, किन्तु आपूर्ति एजेंसी ने समय से तथा नियमानुसार भूसा आपूर्ति नहीं किया, जिससे गोवंश भरण पोषण करने में विषम परिस्थिति उत्पन्न हुई। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप द्विवेदी ने क्रय एजेंसी को जिम्मेदार मानते हुए मे. एंजेल प्राइम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ के साथ हुए अनुबंध को समाप्त करते हुए भूसा आपूर्तिकर्ता एजेंसी द्वारा जमा की गई जमानत धनराशि को भी जब्त कर लिया है तथा फर्म को भविष्य में जेम निविदा पोर्टल पर काली सूची में डाल दिया है।

# नौ दिन गूंजेंगे मातारानी के जयकारे

## चैत्र नवरात्र आज से: मंदिरों की रंगाई-पुताई का काम पूरा, परिसर में उमड़ेगी भीड़ व बाजार में बढ़ी रौनक

संवाददाता, रायबरेली



रेलवे स्टेशन रोड स्थित मंशा देवी मंदिर में साफ-सफाई करते मंदिर के सेवक।



चैत्र नवरात्र पर दुकान में पूजन सामग्री की खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों में पूरी तैयारी कर ली गई है। श्रद्धालुओं में भी खूब उत्साह है। विशेषकर महिलाएं और युवतियां घरों को साफ-सुथरा करके मां के आगमन को लेकर उत्साहित हैं। वहीं बाजारों में भी खूब रौनक है। माता की चुनरी तो कोई कुंदन की माला खरीदता नजर आया। बाजार में माता के वस्त्रों, श्रृंगार, पूजन, हवन आदि की दुकानें सज हुई हैं। सभी पूरे तन मन से माता को प्रसन्न करने में लगे हुए हैं।

चैत्र नवरात्र गुरुवार से प्रारंभ होगा। पहला दिन होने के कारण लोगों में खूब उत्साह है। एक दिन पहले ही मइया को प्रसन्न करने के लिए भक्त घरों को साफ-सुथरा करने में लगे हुए है। वहीं मंदिरों को भी रंगरोगन कर तैयार कर दिया गया है। नवरात्र के शुभ दिनों में हर जगह सुंदर, भक्तिमय और रौनक से पूर्ण लगते हैं, पर इन नौ दिनों तक बाजार की रौनक देखते ही बनती है। सड़क के किनारे लगी मां की चुनरी, माला, वस्त्र, आभूषण, श्रृंगार सामग्री की दुकाने आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। दुकानों पर मिल रही मोती, रेशम, सीप, कुंदन की बनी मालाएं लोगों को खूब भा रही है। दोपहर में तेज धूप होने के बाद भी भीड़ कम नहीं हुई। लोगों ने नवरात्र में उपयोग की जाने वाली हवन सामग्री, कपूर, सुगंधित अगरबत्तियों, दीपकों की भी जमकर खरीददारी की। मंदिरों की रंगाई पुताई का काम पूरा हो गया है। शहर के मां मंसा देवी मंदिर, मढ़ी देवी मंदिर, चंपा देवी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, संकठा देवी मंदिर, अहोरवा भवानी मंदिर, शंकरपुर मां दुर्गा मंदिर, मनकामेश्वर धाम रालपुर, कालिका देवी, भवानी मंदिर लालगंज आदि मंदिरों में नवरात्र की तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिरों के आसपास नौ दिन तक मेला लगता है। इसको लेकर आयोजक भी पूरी तरह से सक्रिय है।

### माला से लेकर फूलों पर छाई महंगाई

नवरात्र में महंगाई ने हर किसी को परेशान कर रखा है। सब्जी मंडी के दुकानदार बबलू ने बताया कि हमारे यहां 30 से लेकर 1000 रुपये तक की माला, 20 से लेकर 200 रुपये तक चुनरी मौजूद हैं। वहीं फूल विक्रेताओं में भी उत्साह है। फुटकर फूल विक्रेता राजेश ने बताया कि फूलों में सबसे ज्यादा गुलाब, गुलहड़ और गेंदा की डिमांड है। यह फूल माताजी को सबसे अधिक प्रिय होते है। माला 50 रुपये से लेकर 250 रुपये तक है।

### घर से निकली महिला का शव नहर से मिला

**ऊंचाहार (रायबरेली) अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में शारदा सहायक नहर से एक अधेड़ महिला का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने बुधवार को शव को नहर से बाहर निकाला। मृतक की पहचान गंगेहरा गुलालगंज निवासिनी शांति देवी (55) पत्नी गिरजा शंकर त्रिपाठी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह मंगलवार को घर में हुए विवाद के बाद निकली थी। परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि परेशान होकर शांति देवी ने नहर में छलांग लगा दी थी। परिजनों की सूचना के बाद पुलिस पिछले 24 घंटों से महिला की तलाश कर रही थी। बुधवार दोपहर घटनास्थल से कुछ दूरी पर महिला का शव उतराता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। मौके पर पहुंची ऊंचाहार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।



शव मिलने की जांच करती पुलिस व मौजूद भीड़।

### शिक्षण की नई तकनीकें सीखने गुजरात रवाना हुए जिले के दो शिक्षक

**सतांव (रायबरेली) अमृत विचार।** पीएम श्री योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों को अन्य राज्यों में एक्सपोजर विजिट पर भेजा जा रहा है। इसी क्रम में नई शिक्षा तकनीक और नवाचारों को अध्ययन करने के लिए मंगलवार को जनपद के दो शिक्षक गुजरात के गांधीनगर के लिए रवाना हुए। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) लखनऊ मंडल द्वारा जारी आदेश और सूची के अनुसार शैक्षिक भ्रमण के लिए हर जनपद से दो शिक्षकों को चुना गया है, जिसमें जिले से विकास क्षेत्र जगतपुर से पीएम श्री विद्यालय रोझईया भीकमशाह के शिक्षक दीपक कुमार इप्रअ और विकास क्षेत्र सतांव से पीएम श्री विद्यालय सतांव से बृजेश कुमार सहायक अध्यापक का चयन किया गया है। विभागीय निर्देशानुसार मंगलवार को कानपुर मंडल कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करने के बाद यह दोनों शिक्षक अपने आगे की यात्रा के लिए गुजरात निकले हैं। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान यह शिक्षक गुजरात राज्य के चुनिंदा पीएम श्री विद्यालयों का भ्रमण कर वहां की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली का गहराई से अध्ययन करेंगे। साथ ही वह आईआईटी गांधी नगर का भी भ्रमण करेंगे।





ब्रजेश कुमार व दीपक कुमार।

### बच्चों को स्कूल भेजने के लिए किया गया प्रेरित



शिविर में भाग लेते बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

**लालगंज (रायबरेली)।** आलमपुर में बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष शिविर में आज साक्षरता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने बस्ती में रैली निकालकर महिलाओ के हालात जाने और उन्हें अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व शिक्षक स्वयंवर सिंह रहे। उन्होंने कहा कि साक्षर समाज विकसित भारत की नीव है, साक्षरता के अभाव में देश पिछड़ा रह जाता है। उन्होंने बच्चों से घर घर साक्षरता की अलख जगाने की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी बीरेन्द्र शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संचालन श्रेया सिंह ने किया। इस मौके पर शिक्षिका रीता चौरसिया, जान्हवी, किरन, शानू, महिमा, आदेश एवं सतीश आदि उपस्थित रहे।

### 24.79 करोड़ रुपये से होगा मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण

**महराजगज, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ओसाह को शिक्षा का हब बनाने की तैयारी है। पालीटेक्निक विद्यालय के बाद अब इस गांव में मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट विद्यालय भी बनेगा। इसके लिए शासन से बजट की स्वीकृत हो गई। अब जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ होगा। ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी की मांग पर शासन ने इस गांव में मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट विद्यालय बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए तहसील प्रशासन ने ग्राम पंचायत की ऊसर व बंजर वाली करीब साढे नौ बीघे भमि मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट विद्यालय के नाम राजस्व अभिलेखों में अंकित कर दी। शासन ने इसके लिए 24 करोड़ 7 लाख 90 हजार की धनराशि भी स्वीकृत कर दी। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट विद्यालय के लिए शासन से 12 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी हो चुकी है। निर्माण के लिए टेंडर भी हो गया है जल्द हीं कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बछरावां।** थाना क्षेत्र के ग्राम चंदौखा मजरे सरौरा में 11 मार्च 2026 को आम के पेड़ काटने के विवाद को लेकर वादी पक्ष और विपक्षी के बीच कहासुनी हुई, जो मारपीट में बदल गई। विपक्षी संतोष और सत्येंद्र ने वादी के भाई राज बहादुर यादव सहित अन्य पर लाठी, लोहे की सरिया और कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों को डायल 112 पुलिस की मदद से सीएचसी बछरावां ले जाया गया, बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। मुखबिर सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम इशिया नहर पुलिया से वांछित अभियुक्त सत्येंद्र को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। शेष अभियुक्तों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक हरिमोहन सिंह और आरक्षी शिवचरन पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**बछरावां।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंदनगंज के पास स्थित रिलायंस फैक्ट्री का मोड़ आए दिन दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। शुक्रवार को इसी मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार रजनीश यादव (राजाखेड़ा) घायल हो गए। रजनीश अपनी बाइक से एलपीजी सिलेंडर लेने घर से बछरावां जा रहे थे। ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी, जिससे वह हाईवे के डिवाइडर पर जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही परिजन उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। स्थानीय लोग फैक्ट्री के वाहनों की तेज रफ्तार और हाईवे पर अतिक्रमण को लेकर चिंता जता रहे हैं।

## गैस सिलेण्डर के लिए उमड़ी भीड़, बुलानी पड़ी पुलिस

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** वरुणा इंडियन गैस एजेंसी शिवगढ़ में बुधवार को एलपीजी गैस सिलेण्डर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 4 बजे से गैस लेने के लिए एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई। प्रातः 9 बजे भीड़ बेकाबू हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एजेंसी संचालक को पुलिस बुलानी पड़ी। भीड़ के दबाव के चलते सुबह करीब 11 बजे तक गैस सिलेण्डरों का वितरण शुरू नहीं हो सका। नीरज अवस्थी, हरिमोहन, सर्वेश, अमित सिंह, योगेश, कपिल आदि लोगों ने बताया कि सुबह से ही लाइन में लगे हुए हैं किन्तु 11:45 तक गैस सिलेंडर का वितरण शुरू नहीं हुआ। एजेंसी संचालक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि कुल 360 सिलेण्डर ही आए हैं। मांग अधिक होने के कारण भीड़ ज्यादा है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पारदर्शी ढंग से सिलेण्डरों का वितरण कराया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और उपभोक्ताओं को सुविधानुसार गैस मिल सके।



एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की भीड़।

**घर से गैस सिलेंडर चोरी, शिकायत, अमावां :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी दूरभाष नगर निवासी फूलमती पत्नी ईश्वर दीन ने पुलिस से शिकायत की है। उनका कहना है कि 16 मार्च को एक व्यक्ति घर की बाउंड्री वॉल फांद कर आया और घर में रखा सिलेंडर बाउंड्री से ही पार कर दिया। घर से सिलेंडर गायब होने पर पीड़िता ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालना शुरू किया तो सुबह 7 बजे अज्ञात युवक सिलेंडर ले जाता हुआ दिखाई दिया। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सिलेंडर पार करने वाले युवक की तलाश की जा रही है। मामले की जांच पड़ताल जारी है।

## जनगणना 2027 की तैयारियां तेज फील्ड ट्रेनरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

संवाददाता, रायबरेली

- शासन के दिशा-निर्देशों की दी जा रही विस्तृत जानकारी

**अमृत विचार।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद में व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि सभागार दरीबा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका प्रथम बैच अंतिम चरण में पहुंच गया है।

इस प्रशिक्षण में कुल 36 फील्ड ट्रेनरों को शासन स्तर से प्रशिक्षित चार मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर आगे अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधियां, डिजिटल उपकरणों का उपयोग, मोबाइल एप संचालन तथा शासन के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

प्रशासन द्वारा आगामी चरण में 19, 20 और 23 मार्च को दो बैचों में 62 अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई गई है। इस प्रकार चरणबद्ध तरीके से सभी संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने की तैयारी की जा रही है। डीएम हर्षिता माथुर ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रशिक्षु प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण पारदर्शिता के साथ करें, जिससे सटीक और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। वहीं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने भी प्रशिक्षण में अनिवार्य उपस्थिति और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उपजिलाधिकारी सलोन सचिन यादव के निर्देशन में यह पूरा आयोजन संचालित किया जा रहा है।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोपित गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र से एक नाबालिक लड़की को बहला-फुसला कर युवक भगा ले जाने का प्रयास कर रहा था। ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। शिकायत के आधार पर थाना बछरावां में मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के दिशा-निर्देश में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी में थाना बछरावां पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्रवाई किए जाने को लेकर पुलिस ने बताया कि यह कदम कानून और शांति बनाए रखने की प्रक्रिया का हिस्सा है।

**आयोजन** | नौ दिवसीय मेले व प्रदर्शनी का सलोन विधायक ने किया शुभारंभ

# रोजगार के अवसर सृजित होने से युवाओं को लाभ मिला : अशोक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आरडीए के सामुदायिक केंद्र रतापुर में नौ दिवसीय मेले एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सलोन विधायक अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जिनका अतिथियों ने भ्रमण कर अवलोकन किया। सूचना विभाग द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका उद्घाटन कर विस्तार से जानकारी ली गई। इस दौरान विधायक ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया।



आरडीए के सामुदायिक केंद्र रतापुर में मेले में समूह की महिलाओं को चेक प्रदान करते सलोन विधायक अशोक कुमार व डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इसके बाद सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर जनपद स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाभी, आयुष्मान कार्ड तथा उद्योग विभाग की किट वितरित की गई। विधायक अशोक कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया है और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में बड़े स्तर पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, जिससे युवाओं को लाभ मिला है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। इस अवसर पर डीएम हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव और अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह सहित कई अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### समाजसेवी पूनम सिंह ने होली मिलन समारोह में बढ़ाया उत्साह

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर के सुपर मार्केट में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल (चौहान गुट) द्वारा होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमला फाउंडेशन अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि होनहार प्रतिभाओं एवं समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला शक्तियों का सम्मान करना एक अत्यंत प्रेरणादायक पहल है, जो समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



समारोह में अध्यक्ष पूनम सिंह व मौजूद अन्य।

न्यूज ब्रीफ

## प्रधान प्रतिनिधि ने गांव में किया उपद्रव

**ऊंचाहार (रायबरेली) :** क्षेत्र के पट्टी रहस कैथवल गांव में विगत वर्षों से हो रहे विवाद के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। गांव के प्रधान प्रतिनिधि को उपद्रव करने पर पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध शांतिभंग करने की कार्रवाई की गई है। क्षेत्र का पट्टी रहस कैथवल गांव काफी समय से विवाद का अखाड़ा बना हुआ था। रोज रात में गाली-गलौज का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होता था। नशे में धुत होकर एक दूसरे को गाली देना, एक दूसरे के दरवाजे पर पहुंचकर धमकाना आम बात हो गई थी जिससे पुलिस की काफी किरकिरी हो रही थी। इसके बाद अब पुलिस सख्त हुई है। मंगलवार की रात गांव में फिर बवाल शुरू हुआ तो पुलिस मौके पर पहुंची और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनुज उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि गांव में उपद्रव करने पर उनकी गिरफ्तारी की गई है और उनके विरुद्ध शांति भंग करने की कार्रवाई की गई है।

## 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**सिंहपुर (अमेठी) :** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शिवरतनगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिलोई के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में मनोज उर्फ रामदत्त निवासी उजेहनी मजरे रस्तामऊ थाना मोहनगंज को पकड़ा गया। आरोपी पर डकैती, चोरी और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मनरेगा मजदूरी में हेराफेरी का आरोप

**अमेठी :** विकासखंड की ग्राम पंचायत दरखा में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की मजदूरी में हेराफेरी का मामला सामने आया है। लाभार्थी राम अचल पाल ने खंड विकास अधिकारी अमेठी को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 के आवास की 90 दिन की मजदूरी न मिलने का आरोप लगाया है। राम अचल पाल को ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिला था, जो बनकर तैयार हो चुका है। उन्हें आज तक 90 दिन की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। लाभार्थी ने जब ग्राम पंचायत सचिव से शिकायत की, तो उन्हें बताया गया कि भुगतान हो गया है। बैंक में जांच करने पर पता चला कि भुगतान नहीं हुआ था। जब अचल ने यह बात सचिव को बताई, तो उन्हें डांटकर भगा दिया गया। आरोप है कि ग्राम प्रधान दरखा ने राम अचल पाल की मजदूरी राम अचल यादव निवासी सुंदरपुर के खाते में भेज दी है। राम अचल पाल पिछले एक साल से ब्लॉक कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। राम अचल पाल ने 16 मार्च को खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह को प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने मांग की है कि हेराफेरी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर उनकी मजदूरी का भुगतान किया जाए। शिकायत पत्र में यह भी लिखा है कि मनरेगा के तहत उन्होंने 37 दिन काम किया था। ग्राम प्रधान ने उसकी मजदूरी भी उनके खाते में न भेजकर अपने चहेतों के खाते में हस्तांतरित करवा ली है। लाभार्थी ने न्याय न मिलने पर जिलाधिकारी कार्यालय पर गुहार लगाने की बात कही है। वहीं खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि राम अचल पाल ने एक प्रार्थना पत्र दिया है। अधिकारी ने कहा कि उस पर जांच की जाएगी। दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# लोगों की हर मुराद पूरी करती हैं मां अहोरवा देवी

### नवरात्र में उमड़ेगी आस्था, नौ दिनों तक सिंहपुर ब्लॉक स्थित मंदिर में मनेगा श्रद्धा और विश्वास का पर्व

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** पौराणिक मान्यताओं से जुड़ी आस्था के बीच गुरुवार से शुरू हो रही चैत्र की नवरात्र के तहत अमेठी जिले के सिंहपुर ब्लॉक स्थित मां अहोरवा देवी मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां चैत्र और अश्विन नवरात्र में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ता है। इस दौरान मंदिर परिसर खचाखच भरा रहता है और दर्शन के लिए लंबी कतारें लगती हैं।

मान्यताओं के अनुसार महाभारत काल में पांडव अज्ञातवास के दौरान यहां ठहरे थे। बताया जाता है कि अर्जुन को आखेट के समय देवी के साक्षात दर्शन हुए थे, जिसके कारण ही माता का नाम अहोरवा देवी पड़ा। अज्ञातवास समाप्त होने के बाद पांडवों ने माता कुंती और द्रौपदी के साथ यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। क्षेत्रीय इतिहास में यह स्थान गांडीव वंश से भी जुड़ा माना जाता है और मां अहोरवा देवी को क्षत्रियों की कुलदेवी के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त है।

**चमत्कारिक मान्यताएं और श्रद्धालुओं की आस्था:** मंदिर से जुड़ी कई चमत्कारिक मान्यताएं भी प्रचलित हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां अहोरवा देवी दिन में तीन अलग-अलग स्वरूपों में दर्शन देती हैं-सुबह बाल्यावस्था, दोपहर में युवावस्था और शाम को वृद्धावस्था में। इसके अलावा मंदिर के 'नीर' को आंखों में लगाने से नेत्र रोगों में लाभ मिलने की भी मान्यता है। निःसंतान दंपति संतान प्राप्ति की कामना लेकर यहां आते हैं और माता की कृपा से उनकी मनोकामना पूरी होने का विश्वास


मां अहोरवा देवी की प्रतिमा। अमृत विचार

रखते हैं। आसपास के गांवों से आने वाले कई भक्त लेटकर परिक्रमा करते हैं, जिसे अत्यंत श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक माना जाता है।

**नवरात्र आज से शुरू, कलश स्थापना की तैयारी पूरी:** देशभर के साथ अमेठी में आस्था का पर्व नवरात्र बृहस्पतिवार से कलश स्थापना के साथ शुरू होगा। भक्त नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करेंगे। गौरीगंज के दुर्गा भवानी मंदिर, हिंगलाज मंदिर, अहोरवा भवानी धाम सहित सभी प्रमुख मंदिरों को सजाया गया है। श्रद्धालुओं ने पूजन सामग्री और फलाहार की खरीदारी पूरी कर ली है। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होगी। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी, जिसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिर समितियां भी सुगम दर्शन व्यवस्था में जुटी हैं। घरों में भी विधि-विधान से कलश स्थापित कर सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी।

### हर सोमवार को लगता है वृहद मेला: सुरेंद्र

हर सोमवार मंदिर परिसर में विशाल मेला लगता है, जिसमें दूर-दराज के जिलों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं और दर्शन के साथ मेले का आनंद भी लेते हैं। मंदिर की देखरेख और व्यवस्थाएं तालुकेदार पहुंना कोट के वंशजों द्वारा संचालित की जाती हैं। मंदिर के प्रबंधक राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह के अनुसार नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। गुरुवार से शुरू हो रहे नवरात्र का पर्व आगामी नौ दिनों तक चलेगा और शुक्रवार को समाप्त होगा वहीं आने दर्शनार्थियों को परेशानी न हो इसके व्यापक इंतजाम किये गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है। पुजारी केदारनाथ त्रिवेदी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई जाती है और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है। जिससे भक्त संतुष्ट होकर लौटते हैं।


राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह, प्रबंधक।

# व्यापारियों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक रही बेनतीजा


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा। अमृत विचार

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** व्यापारियों की समस्याओं को लेकर प्रशासन और व्यापार मंडल के बीच बुधवार को तहसील सभागार में बैठक हुई लेकिन यह बेनतीजा रही। नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन की कार्रवाई के तहत व्यापारियों की शिकायतें रखीं। व्यापार मंडल ने अधिशासी अधिकारी के असहयोग, ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या और रूट निर्धारण की व्यवस्था, नालों की सफाई, सड़क व पटरी पर अतिक्रमण तथा व्यापारिक मार्गों पर कचरा निस्तारण जैसी समस्याओं को उठाया। मंडल ने अतिक्रमण मुक्त करने की स्थायी कमेटी बनाने और जुर्माना लगाने की भी मांग की। तहसीलदार शिवम राठौड़ ने बताया कि नवरात्रि के बाद नगर पंचायत कार्यालय में एक और बैठक होगी, जिसमें अतिक्रमण हटाने की तारीख निश्चित की जाएगी और अन्य समस्याओं पर भी शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। व्यापार मंडल ने बैठक में शहरवासियों और व्यापारियों के हित में समाधान की उम्मीद जताई। बैठक में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, शिवम गुप्ता, बबलू आदि लोग मौजूद रहे।

# अमेठी में कई अधिकारियों का वेतन रोका, नोटिस जारी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिलाधिकारी संजय चौहान और मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने फरवरी 2026 के मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान पाया कि कई विभागों का प्रदर्शन अपेक्षित स्तर से नीचे है। इस पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने कम प्रगति (बी, सी और डी ग्रेड) पाने वाले अधिकारियों का मार्च 2026 का वेतन अवरुद्ध कर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तत्काल स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई की जद में उपयुक्त स्वरोजगार, परियोजना निदेशक डीआरडीए जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिशासी अभियंता और परियोजना प्रबंधक शामिल हैं।

डीएम और सीडीओ ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि वे शीघ्र सुधार लाकर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें, अन्यथा आगे और कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी दोहराया कि जनपद की रैंकिंग सुधारना और आमजन तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सर्वोच्च जिम्मेदारी है, जिसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

# प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को विकास भवन सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के मुख्य समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने देखा। कार्यक्रम में 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' पुस्तिका का विमोचन किया गया, जिसमें प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत है।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने प्रेसवार्ता में कहा कि बीते 9 वर्ष विकास और सुशासन के लिए समर्पित रहे हैं। कानून-व्यवस्था में सुधार से आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हुआ है, जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में


कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम

- 9 वर्ष पूर्ण होने पर हुए आयोजन में जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल

सुविधाएं बेहतर हुई हैं। शिक्षा क्षेत्र में विद्यालयों का कायाकल्प और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सड़कों के निर्माण और सुधार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है और दुर्घटनाओं में कमी आई है। बिजली आपूर्ति में सुधार कर 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है।

वहीं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने कहा कि सभी योजनाएं पारदर्शी तरीके से लागू की जा रही हैं। ग्रामीण विकास, आवास, स्वच्छता और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गांवों में बदलाव आया है। जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने इसे "विकास, विश्वास और सुरक्षा" का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है। 19 से 26 मार्च तक गौरीगंज में विकास प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें योजनाओं की जानकारी और लाभ वितरण किया जाएगा।

## कम्पोजिट विद्यालय में संकुल बैठक सम्पन्न

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशानुसार ब्लॉक तिलोई के ग्राम भेलाई कला स्थित कम्पोजिट विद्यालय में संकुल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी भेटुआ डा0 संतोष कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुष्प गुच्छ व डायरी पेन व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। संकुल बैठक ए0आर0पी0 रमाकान्त मौर्य एवं आदित्य नारायण शुक्ला की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।


खंड शिक्षा अधिकारी को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक।

## हर घर नल.. को लेकर तारापुर में जल महोत्सव

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के ग्रामसभा तारापुर में बुधवार को 'हर घर नल का जल' योजना के तहत जल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजीव सिंह उर्फ रामू सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन व फीता काटकर किया। इस दौरान नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, जिससे लोगों को जलजनित बीमारियों से बचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें नल से जल भरते हुए स्वच्छ जल आपूर्ति का संदेश दिया गया। महोत्सव में जल संरक्षण के उपायों पर भी विशेष जोर दिया गया। उपस्थित लोगों को पानी के समुचित उपयोग और बर्बादी रोकने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही शुद्ध पेयजल के स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान तारापुर प्रेमलाल कनौजिया, डीपीएम एजाज अहमद, सतीश यादव, आरिफ, नेत्रपाल, राम बहादुर, राहुल, प्रशांत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभार्थी उपस्थित रहे।


फीता काटते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व अन्य।

# भाकियू के पदाधिकारियों ने निकाली पद यात्रा

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय महामंत्री सतेन्द्र दुबे के मार्गदर्शन एवं तहसील अध्यक्ष नन्द कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में बुधवार को "गरीब पीड़ित किसान न्याय पदयात्रा" निकाली गई। मां अहोरवा भवानी धाम से आशीर्वाद लेकर शुरू हुई यह पदयात्रा अहोरवा भवानी चौराहा, गम्भीरशाह का पुरवा, सोना का ताल, महेशपुर, शहादतगंज और इन्हौना चौराहा होते हुए मां अहोरवा भवानी धाम रेलवे स्टेशन तक पहुंची। वहां किसानों ने पंचायत कर जिलाधिकारी को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार अमीषा यादव को सौंपा।

नायब तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि समस्याओं का ज्ञापन उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जायेगा। किसानों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा, जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में किसान आयोग का गठन,


नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते भाकियू के पदाधिकारी व किसान। अमृत विचार

सौंपा ज्ञापन

किसानों के कर्ज माफी, सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, नीलगाय व बंदरों के आतंक से राहत दिलाने, मियागंज से महेशपुर तक सड़क निर्माण तथा रेलवे स्टेशन अकबरगंज पर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव शामिल है। इसके अलावा शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार, निजी संस्थानों की मनमानी पर रोक, राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार समाप्त करने और बेरोजगार युवाओं के लिए भर्ती निकालने की मांग उठाई गई।

किसानों ने सिंहपुर क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज व डिग्री कॉलेज निर्माण, गलत अंश निर्धारण को सुधारने और गैस सिलेंडर बुकिंग की समस्या दूर करने की भी मांग की। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पदयात्रा में राघवेन्द्र कुमार मिश्र, सुमित तिवारी, पवन पासी, राम सेवक, हरखू, मैकू, हरिकेश तिवारी, इंतजार अहमद, जुनैद अहमद, मोहित पासी व रोहित समेत हजारों किसान मौजूद रहे।

# शिक्षक का काम समाज में शिक्षा की अलख जगाना : ऋचा सिंह


विद्यालय में सम्मानित की गईं प्रधानाध्यापिका व मौजूद अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग को वर्षों तक सेवा देने के बाद 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रही प्रधानाध्यापक का सम्मान संकुल बैठक में किया गया। अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय थुलवासा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने सेवानिवृत्त होने जा रहे संकुल बावन बुजुर्ग बल्ला के कम्पोजिट विद्यालय जरैला की प्रधानाध्यापिका शैल कुमारी का सम्मान अंगवस्त्र व यादगार फोटो फ्रेम देकर किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षक वह मोमबत्ती होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देने का कार्य करते हैं। शिक्षा और शिक्षक एक दूसरे के पूरक होते है। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा की रोशनी के पूरे समाज को रोशन करते रहते हैं। प्रधानाध्यापक शैल कुमारी ने वास्तव में अपना नाम कमाया है। शिक्षक रितेश कुमार, इशरत जहां ने प्रधानाध्यापक के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर तेज प्रकाश श्रीवास्तव, गरिमा सिंह, ऊषा, हेमलता, अर्चना बौद्ध, आएशा, हनी गुलाटी, मुकेश साहू, डॉ0 मनोज, सविता यादव, राम गोपाल, धीरेंद्र यादव, सुनील यादव, धर्मेन्द्र तिवारी, मनीषा सिंह, राखी पटेल, धीरेन्द्र सिंह,श्वेता वर्मा, हेमंत सरण,अमित यादव, श्रीकांत दिवाकर, सुनील यादव नरई, राजेंद्र यादव, विश्रामा आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग को 257 नि:शुल्क उपकरण वितरित


ट्राई साइकिल को वितरित करते जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल व अन्य।

**गौरीगंज (अमेठी) अमृत विचार।** सांसद किशोरीलाल शर्मा की प्रेरणा से आयोजित तीन दिवसीय नि :शुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का बुधवार को शुभारंभ किया गया। शिव महेश शैक्षिक संस्थान, गौरीगंज के तत्वाधान में ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के पास आयोजित इस शिविर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने दिव्यांगजनों को 257 सहायक उपकरण वितरित किए। वितरित उपकरणों में ट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र (कान मशीन) तथा कृत्रिम हाथ-पैर शामिल रहे। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सिंघल ने कहा कि सांसद किशोरीलाल शर्मा गांधी-नेहरू परिवार की सेवा, समर्पण और मानवता की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल दिव्यांगजनों के जीवन में नई आशा जगाने के साथ-साथ समाज में समावेशी सोच को भी मजबूत करेगी। शिविर में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण उपलब्ध कराए गए। आयोजकों ने बताया कि आगामी दो दिनों में अधिक से अधिक लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कमलाकर मिश्र एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनुपम पाण्डेय की भूमिका सराहनीय रही। इस मौके पर पूर्व विधायक जगदीशपुर राधेश्याम धोबी, ब्लॉक प्रमुख शाहगढ़ सदाशिव यादव, प्रवक्ता अनिल सिंह, रामबरन कश्यप, कर्णवीर सिंह, बैजनाथ तिवारी, सर्वेश सिंह, रामलखन शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चोरों ने प्रधान के भाई को मारी गोली, गंभीर

**अमेठी, अमृत विचार।** गौरीगंज के छीटेपुर गांव में मंगलवार रात ई-रिक्शा चोरी कर भाग रहे बदमाशों ने पकड़े जाने पर फायरिंग कर दी। घटना में ग्राम प्रधान बाबूलाल के भाई भारत लाल घायल हो गए। गोली उनके हाथ में लगी है। उनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। भारत लाल के घर के सामने खड़ा उनका ई-रिक्शा मंगलवार रात बदमाश चोरी कर भाग रहे थे। आहट सुनकर भारत लाल बाहर निकले और बदमाशों का पीछा किया। कुछ दूरी पर पहुंचकर उन्होंने दोनों को पकड़ लिया। इसी दौरान खुद को घिरा देख आरोपियों ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगते ही भारत लाल घायल होकर गिर पड़े। फायरिंग के बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। परिजन घायल को तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज शुरू हुआ। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत स्थिर बताई है।

कार्यक्रम

ब्लाक संसाधन केंद्र सिंहपुर परिसर में आयोजित संगोष्ठी में शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया गया जोर

# समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं शिक्षक : कृष्ण कुमार

सिंहपुर (अमेठी)


**अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केंद्र सिंहपुर परिसर में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालयों के विकास पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं और शिक्षित व्यक्ति ही क्षेत्र व समाज का विकास कर सकता है। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों से निष्ठा, लगन और ईमानदारी से कार्य करने की अपील की।


सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि कायाकल्प सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विद्यालयों का विकास किया गया है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रधानाध्यापक सीधे संपर्क कर सकते हैं। वहीं ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने बताया कि विद्यालयों में शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं तथा खराब उपकरणों की मरम्मत कराई जा रही है।


सिंहपुर बीआरसी पर संगोष्ठी में मौजूद लोग। अमृत विचार

खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि निपुण आकलन में सिंहपुर ब्लाक ने जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त हो रही शिक्षिकाओं को सम्मानित कर टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज शुक्ला व ओंकार पाण्डेय ने किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी कमलेश यादव,भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा,आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, रिंकू सिंह,अनुराग मिश्रा, मिंटू सिंह,सत्येंद्र तिवारी, श्याम बहादुर सिंह, रविकांत श्रीवास्तव, दीपिका अवस्थी, जयश्री सैनी, उबैद अहमद, राशिद खान, दिलीप शुक्ला, मोहम्मद अनीस, आशुतोष शुक्ला, मनोज कुमार शुक्ला, प्रदीप जायसवाल,रमन कुमार, चंद्र प्रकाश शुक्ला,आलोक शुक्ला, शेखर द्विवेदी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।



भीतर के साथ बाहर का निश्चित विभाजन अगर बना रहे, तो हमारा जीवन सुविहित, सुश्रृंखलित, सुसंपूर्ण हो जाता है, किंतु वही हमारे जीवन में नहीं हो पा रहा है।

**-रवींद्र नाथ टैगोर**, साहित्यकार

## लारिजानी के बाद ईरान

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रभावशाली सचिव अली लारिजानी की हत्या ईरान की रणनीतिक सोच और निर्णय-प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है। इससे पहले अली खामेनेई की हत्या ने जो नेतृत्व शून्य पैदा किया था, लारिजानी उस खाली स्थान को आंशिक रूप से भर रहे थे। अब उनका जाना उस शून्य को और गहरा कर देता है। लारिजानी भले ही प्रत्यक्ष सैन्य कमांडर नहीं थे, लेकिन वे ईरान की युद्ध, कूटनीति और सुरक्षा नीति के केंद्रीय सूत्रधार थे। उनकी भूमिका विचारधारा और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बनाने की थी। वे एक ऐसे नेता थे, जो कठोर बयानबाज़ी के बजाय दीर्घकालिक रणनीति पर जोर देते थे, इसलिए उनकी मौत संस्थागत अस्थिरता के रूप में सामने आएगा।

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल, जो युद्ध और कूटनीति से जुड़े निर्णयों का केंद्र है, अब नेतृत्वहीनता की स्थिति में आ सकती है। ऐसे में दो स्थितियां उभरती हैं- या तो कोई नया काबिल नेता उभरकर इस शून्य को भरे या फिर निर्णय-सत्ता धीरे-धीरे सैन्य प्रतिष्ठान, विशेषकर रिवोल्यूशनरी गार्ड के हाथों में अधिक केंद्रित हो जाए। लारिजानी के रहते ईरान ने 'नियंत्रित टकराव' की नीति अपनाई थी, जहां वह अमेरिका और इजराइल से सीधे युद्ध से बचते हुए दबाव बनाए रखता था, लेकिन अब यह संतुलन बिगड़ सकता है। यदि नेतृत्व अधिक कट्टर या सैन्य-केंद्रित हाथों में चला गया, तो ईरान की रणनीति अधिक आक्रामक हो सकती है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर ईरान का रुख़ और सख़्त हो सकता है। लारिजानी इस मार्ग को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में देखते थे। उनके बाद यदि अधिक कठोर नेतृत्व सामने आता है, तो इस जलडमरूमध्य को बाधित करने या उसकी धमकी देने की नीति और तेज हो सकती है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, हालांकि ईरान की संस्थागत संरचना केवल एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। रिवोल्यूशनरी गार्ड, सुरक्षा परिषद और धार्मिक नेतृत्व मिलकर सत्ता का ढांचा बनाते हैं, इसलिए ईरान पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, यह मानना जल्दबाज़ी होगी, लेकिन नेतृत्व के स्तर पर स्पष्टता की कमी से निर्णय लेने की गति और दिशा दोनों प्रभावित होंगी। लारिजानी जैसे संतुलित और अनुभवी नेता का विकल्प खोजना आसान नहीं होगा। शीर्ष नेतृत्व के कमजोर होने की स्थिति में सैन्य इकाइयों को अधिक स्वायत्तता मिल सकती है। इससे युद्ध के मैदान में अधिक आक्रामक और असंगठित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं, जो संघर्ष को और जटिल बना देंगी। इसके बावजूद ईरान ने अब तक यह दिखाया है कि वह वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है, लेकिन उसका हवाई क्षेत्र लगातार हमलों के लिए खुला रहना यह बताता है कि उसकी सैन्य सुरक्षा अभी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में है।

ऐसे में कोई भी नया नेता तुरंत निशाने पर आ सकता है, जिससे नेतृत्व संकट और गहरा सकता है। लारिजानी की मौत के निर्णायक मोड़ के बाद आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ईरान इस संकट को संस्थागत मजबूती से संभालता है या फिर वह अधिक सैन्यवादी और आक्रामक रास्ते पर आगे बढ़ता है, जिसका असर पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक राजनीति पर पड़ेगा।

### प्रसंगवश

## भारत का सबसे पुराना कैलेंडर है विक्रम संवत

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही महाकाल कहा गया। इस जगत में जितनी भी जीवंतता है, वह भगवान सूर्य से प्राप्त होती हैं। सूर्य पृथ्वी के पिता हैं, ऋग्वेद में लिखा है, 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सूर्य ही गतिशील और स्थिर जगत की आत्मा हैं। इसका अर्थ हुआ कि सूर्य संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा, प्राण और जीवन शक्ति के मुख्य स्रोत हैं, जिनके बिना सृष्टि का अस्तित्व संभव ही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य को आत्मा का कारक और पिता का द्योतक माना जाता है।

शायद उदित होते सूर्य को जल का अर्घ्य देने की सनातन परंपरा भी इसीलिए हमारे ऋषियों ने शुरू कराई थी। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। ब्रह्मा जी द्वारा घोषित इस सर्वश्रेष्ठ तिथि को प्रथम पद मिला, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व अर्थात वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है।



**अंजनी निगम**

वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद भारत सरकार ने राष्ट्रीय पंचांग तय करने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' बनाई थी, जिसमें विश्व के सभी कैलेंडरों का अध्ययन करने के बाद माना गया कि विक्रम संवत सबसे अधिक वैज्ञानिक है, जिसे राष्ट्रीय संवत बनाना चाहिए। विक्रम संवत, ईसवी संवत से 57 साल पुराना था। दुर्भाग्य से भारत सरकार ने अपने द्वारा नियुक्त वैज्ञानिक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के इस सुझाव को नहीं माना। संभवतः उस समय से लेकर अब तक की सरकारों पर पाश्चात्य का अधिक प्रभाव होने के साथ ही इच्छा शक्ति में कमी रही होगी, जो साहा कमेटी की रिपोर्ट नहीं लागू हो सकी।

स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था, 'यदि हमें गौरव के साथ जीने का भाव जगाना है, हम अपने दिलों में देशभक्ति के बीज को फलित करना चाहते हैं, तो हमें हिंदू राष्ट्रीय कैलेंडर की तिथियों की शरण लेनी होगी। बाहरियों की तिथियों पर भरोसा करने वाला गुलाम बन आत्म-सम्मान खो देता है।'

त्रेतायुग में वर्ष प्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ और रामराज्य की स्थापना हुई। द्वापर युग में पांडु पुत्र महाराज युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के बाद हस्तिनापुर का सम्राट बनने के 18 दिनों के बाद इसी दिन युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ किया और बाद में राजसूय यज्ञ कर चक्रवर्ती सम्राट बने। कलयुग में महापराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य के परम वैभवशाली इतिहास को भारत का अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

वास्तव में मालवा राज्य के शासक गर्दभिल्ल थे, स्वतंत्र राज्य मालवा पर शक राजा नहपान ने आक्रमण कर उनकी हत्या कर राज्य पर अधिकार कर लिया। उस समय गर्दभिल्ल की पत्नी वीरमती के दो पुत्र भर्तहरि और विक्रमसेन थे। शकों ने मालवा पर करीब 20 वर्ष शासन किया तब तक विक्रमसेन ने सेना एकत्र की और अपने राज्य को मुक्त करा महाकार की नगरी उज्जैन को राजधानी बनाया। या। उन्हीं महान सम्राट ने ईस्वी सन् से 57 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन विक्रम संवत का श्री गणेश किया था। इसी विक्रम संवत को भारतीय समाज ने मान्यता दी। क्या हम लोग विक्रम संवत 2083 को मनाकर उस चक्रवर्ती सम्राट का स्मरण नहीं कर सकते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## एशिया की अहम नस होर्मुज जलडमरूमध्य






**जय प्रकाश पांडेय**

लेखक

> दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जो यूं सामान्य नजर आती हैं, लेकिन पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की धड़कन उनसे जुड़ी होती है। होर्मुज जलडमरूमध्य ऐसी ही एक जगह है।

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित होर्मुज़ जलडमरूमध्य वह पतला-सा समुद्री रास्ता है, जो आज वैश्विक ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण नाड़ियों में से एक है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का लगभग बीस प्रतिशत हिस्सा रोज़ इसी रास्ते से गुजरता है। तेल और गैस से भरे जहाज़ यहां से निकलते हैं और एशिया, यूरोप तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ते हैं, इसलिए जब इस रास्ते पर शांति रहती है, तो दुनिया के शहरों की रोशनियां जलती रहती हैं और उद्योगों की मशीनें चलती रहती हैं। जब इस रास्ते पर तनाव पैदा होता है, तो उसका असर केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहता। उसकी लहरें बहुत दूर तक जाती हैं। कारखानों तक, बाजारों तक और अंततः घरों की रसोई तक।

पश्चिम एशिया में इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने हाल के दिनों में यही स्थिति पैदा की है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ीं, तो समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गईं। कई शिपिंग कंपनियों ने जहाज़ों की गति धीमी कर दी। कुछ टैंकरों ने रास्ता बदल लिया और कुछ जहाज़ खाड़ी के बाहर ही सुरक्षा अनुमति का इंतज़ार करते दिखाई दिए। समुद्र में पैदा हुई यह अनिश्चितता सीधे उन देशों को प्रभावित करती हैं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में है।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है। देश हर साल लगभग 31–32 मिलियन मीट्रिक टन एलपीजी खपत करता है, लेकिन इस गैस का बड़ा हिस्सा भारत को बाहर से मंगाना पड़ता है। अनुमान है कि देश की कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 से 67 प्रतिशत हिस्सा आयात के जरिए पूरा होता है। यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यानी यह संकरा समुद्री रास्ता केवल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का विषय नहीं है; यह भारतीय रसोई की स्थिरता से भी सीधे जुड़ा हुआ है।

भारत की रसोई अब पहले से कहीं अधिक वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ चुकी है। इसका मतलब यह है कि यदि दुनिया के किसी हिस्से में ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर भारत में भी महसूस किया जाता है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद भारत में भी गैस आपूर्ति को लेकर चिंता दिखाई देने लगी। कई शहरों में सिलेंडर बुकिंग अचानक बढ़ गई। लोगों को आशंका होने लगी कि कहीं गैस की कमी न हो जाए। सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। करोड़ों परिवारों की रसोई को चलाए रखना स्वाभाविक रूप से पहली जिम्मेदारी है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आया।

वाणिज्यिक एलपीजी, जिसका उपयोग होटल, रेस्तरां, छात्रावास और छोटे उद्योग करते हैं, सबसे पहले प्रभावित होने लगी। कई शहरों में भोजनालयों ने मेन्यू सीमित कर दिए। कुछ संस्थानों को वैकल्पिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ा। यह दृश्य आधुनिक भारत की ऊर्जा कहानी की एक विचित्र विडंबना को सामने लाता है।

एक ओर हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर कभी-कभी रसोई में फिर से लकड़ी का चूल्हा जलता दिखाई देता है। ऊर्जा संकट का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। गैस आपूर्ति में व्यवधान का मतलब है कि उर्वरक संयंत्रों से लेकर सिरेमिक और वस्त्र उद्योग तक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। तेल और गैस की कीमतों में थोड़ी-सी वृद्धि भी भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाती है। इससे आयात बिल बढ़ता है और महंगाई पर दबाव भी बढ़ता है।

भारत के लिए यह संकट एक और कारण से संवेदनशील है। खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वे हर साल अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं, इसलिए पश्चिम एशिया की स्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी कारण भारत को इस पूरे संकट में अत्यंत सावधानी से संतुलन बनाना पड़ता है। एक ओर वैश्विक रणनीतिक साझेदारियां हैं, दूसरी ओर ऊर्जा और व्यापारिक हित।

इस पूरे घटनाक्रम से एक बड़ा प्रश्न सामने आता है- क्या भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभी भी उन समुद्री रास्तों पर टिकी हुई है, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है? ऊर्जा आत्मनिर्भरता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन संकट अक्सर हमें यह दिखा देते हैं कि हमारी कमजोरियां कहाँ हैं। होर्मुज़ जलडमरूमध्य में पैदा हुई हलचल ने हमें एक साधारण, लेकिन गहरा सच फिर से समझा दिया है।

यही कारण है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं रह जाती; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सामाजिक स्थिरता का भी प्रश्न बन जाती है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य की संभावनाएं अवश्य दिखाते हैं, लेकिन वर्तमान में तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से पूरी तरह अलग हो जाना संभव नहीं है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य की हर हलचल भारत के लिए केवल अंतर्राष्ट्रीय समाचार नहीं होती। वह हमें बार-बार यह याद दिलाती है कि ऊर्जा की दुनिया में भूगोल और राजनीति कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। सच यही है कि दुनिया के किसी दूर समुद्र में पैदा हुई हलचल केवल नक्शे पर एक बिंदु की कहानी नहीं होती। उसकी प्रतिध्वनि हमारे शहरों के कारखानों में, बाजारों की कीमतों में और घरों की रसोई की आग में सुनाई देती है। होर्मुज़ की यह पतली जलधारा हमें बार-बार यह समझाती है कि वैश्विक राजनीति की सबसे दूर की लहर भी अंततः हमारे घर की देहरी तक पहुंच सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने




आप तो होटलों में सोए थे। आप जाते थे तो एक पैर में नहीं, दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। यह पट्टी दिखाती थी कि इनके बस की नहीं है जाने की। जहां तक हमारी बात है, हम लगातार काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बिना रुकावट के लोगों की सेवा करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**-भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में दो साल में ही हताशा का इतना भाव आ गया है कि वह सामान्य मानवीय संवेदनाओं को भी भूल चुके हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के स्वास्थ्य पर जो बेहूदा टिप्पणी की, वह मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाली है।

**-टीकाराम जूली**
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



## ईरानी तेल पर क्यों है अमेरिका की नजर



**रनबीर सिंह**

वरिष्ठ पत्रकार

> ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस एंड इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है।

ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस और इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है, जिससे देश अपनी गतिविधि को आराम से चलाते रहे हैं। रसायन विज्ञान के अनुसार सभी जगह का कच्चा पेट्रोलियम तेल एक समान तरलता वाला और गुणवत्ता का नहीं होता। जमीन से निकाला जाने वाला कच्चा तेल हज़ारों हाइड्रोकार्बन अणुओं का मिश्रण है, जो कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं की आपस में जुड़ी श्रृंखलाएं होती हैं। धरती के गर्भ में पहले से यह अनेक रासायनिक क्रियाओं, गर्मी और दबाव से बना, विशाल मात्रा में मौजूद है और बनता भी रहता है।

हाइड्रोकार्बन्स की छोटी श्रृंखलाएं हल्की होती हैं और परिष्कृत होने पर पेट्रोल और जेट ईंधन बनाती हैं। लंबी, भारी श्रृंखलाएं धीमी होती हैं और उन्हें तोड़ना महंगा होता है, इसलिए अंततः वे कम मूल्य वाले डामर या ईंधन तेल के रूप में ज़्यादातर इस्तेमाल होती हैं। जब कच्चा तेल रिफाइनरी में प्रवेश करता है, तो यह एक ऊंचे आसवन टॉवर से गुज़रता है और क्वथनांक के आधार पर छांटा जाता है। हल्के अणु ऊपर उठते हैं और प्रीमियम ईंधन बन जाते हैं। भारी अणु नीचे बैठ जाते हैं। रिफाइनरी का काम ऊपर से निकलने वाले कच्चे तेल की मात्रा को अधिकतम करना है। किसी भी कच्चे तेल की दो सबसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता विशेषताएं घनत्व और सल्फर की मात्रा हैं।

हल्के और कम सल्फर वाले कच्चे तेल आमतौर पर अधिक कीमत वाले होते हैं, क्योंकि इनसे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अधिक आसानी से और सस्ते में किया जा सकता है। घनत्व को एपीआई ग्रेविटी का उपयोग करके मापा जाता है, जो अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित एक पैमाना है। इसे इस प्रकार समझें कि पानी की एपीआई ग्रेविटी 10 होती है और 10 से अधिक ग्रेविटी वाला कोई भी पदार्थ पानी पर तैरता है तो उसे तेल माना जाता है।

दस से ऊपर संख्या जितनी अधिक होती है, कच्चा तेल उतना ही हल्का होता है। एपीआई ग्रेविटी 25 डिग्री से कम भारी से लेकर 35 डिग्री से अधिक घनत्व तक होती है। ईरानी लाइट 33 और 36 के बीच है, जो मध्यम और हल्के के बीच की सीमा पर स्थित है। अधिकांश रिफाइनरियां इसी उपयुक्त स्तर को पसंद करती हैं। ईरानी लाइट, ईरान का प्रमुख निर्यात ग्रेड कच्चा तेल है, जिसमें सल्फर की मात्रा 1.36 से 1.5 प्रतिशत तक होती है। कम सल्फर वाले कच्चे तेल को स्वीट कहा जाता है और उच्च सल्फर वाले कच्चे तेल को खट्टा (सोर)। इसके आसवन से लगभग 20 प्रतिशत हल्के अंश और 50 प्रतिशत मध्य आसुत प्राप्त होते हैं।

मध्य आसुत वे उत्पाद हैं, जो आसवन टॉवर के मध्य भाग से निकाले जाते हैं। डीजल, जेट ईंधन और हीटिंग ऑयल, जो विश्व स्तर पर लगातार सबसे अधिक लाभदायक ईंधन हैं। इन आंकड़ों को मिलाकर देखें, तो प्रत्येक बैरल का लगभग 70 प्रतिशत प्रीमियम ईंधन बन जाता है। ईरान से आपूर्ति बंद होने पर रिफाइनरी इंजीनियरों की चिंता का कारण यही रूपांतरण दर है। अर्थात दूसरी जगह के तेल में रूपांतरण दर निश्चित तौर से कम होगी और उत्पादन घटेगा। सल्फर की मात्रा का महत्व होने का एक दूसरा कारण भी है, जिसका कीमत से कोई लेना-देना नहीं है। जब सल्फर युक्त कच्चे तेल को बिना उपचार के जलाया जाता है, तो यह सल्फर डाइऑक्साइड गैस छोड़ता है, जो अम्लीय वर्षा और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसे रोकने के लिए, रिफाइनरियां ईंधन के पेट्रोल पंप तक पहुंचने से पहले ही सल्फर को अलग कर देती हैं, जिसे हाइड्रोडीसल्फराइजेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में, धातु उत्प्रेरकों अर्थात मेटल कैटेलिस्ट्स की उपस्थिति में, 450 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान और 100 वायुमंडल तक के दबाव पर हाइड्रोजन गैस के साथ तेल की प्रतिक्रिया कराकर कच्चे तेल में मौजूद सल्फर यौगिकों को हटाया जाता है।

यह कारगर तो है, लेकिन महंगा, ऊर्जा-गहन और विशेष औद्योगिक उपकरणों की आवश्यकता वाला भी है। सल्फर की मात्रा जितनी कम होगी, उपकरणों की आवश्यकता भी उतनी ही कम होगी। सल्फर की 1.36 से 1.5 प्रतिशत मात्रा के साथ, ईरानी लाइट एक प्रबंधनीय सीमा में आता है, जिसे एशिया भर की अधिकांश मध्यम-जटिलता वाली रिफाइनरियां बिना किसी बड़े अतिरिक्त निवेश के संभाल सकती हैं। इरानी तेल को संभालना आसान है, क्योंकि यह इतना हल्का है कि इसे सस्ते में संसाधित किया जा सके और इतना भारी कि उन सभी प्रकार के ईंधनों का उत्पादन कर सके, जिनके लिए बड़ी, जटिल रिफाइनरियां बनाई गई थीं। ईरानी कच्चा तेल केवल तेल मात्र नहीं है, बल्कि यह वह सामान है, जिसके इर्द-गिर्द ही वैश्विक रिफाइनिंग प्रणाली की पूरी संरचना निर्मित की गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## सबसे महंगा गाना

मुगल-ए-आज़म फिल्म में एक दृश्य है, जिसमें अनारकली और सलीम एक-दूजे से मिलते हैं। उनके बीच कोई संवाद नहीं है। रोमांस है और बैकग्राउंड में शास्त्रीय गायन चल रहा है। कहानी के मुताबिक उस वक्त तानसेन गायन कर रहे थे। के आसिफ ये सोचकर परेशान थे कि इस दृश्य में तानसेन के स्तर की गायकी करने के लिए भला किस गायक को लिया जाना चाहिए। उन्होंने अपने मन की बात नौशाद साहब से कही, 'किससे गायकी कराई जानी चाहिए।'



**रंजन शर्मा**

रिटायर अफसर

नौशाद बोले, 'कायदे से तो उन्हें ही करनी चाहिए, जिन्हें आज के ज़माने का तानसेन कहा जाता है।' के आसिफ ने पूछा, 'कौन हैं वो?'

'उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ान, लेकिन वो फिल्मों के लिए गाते नहीं हैं।' नौशाद ने जवाब दिया।

दोनों खां साहब से मिलने पहुंचे। उस्ताद ने इंकार करते हुए कहा, 'भई फिल्मों में मैं नहीं गाता।' उस्ताद ने जैसे ही इंकार किया, के आसिफ बोल पड़े, 'खां साहब। गाना तो आप ही गाएंगे।' के आसिफ के इस अंदाज़ से उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां झुंझला गए। उन्होंने नौशाद साहब से पूछा, 'ये कौन साहब हैं? नौशाद ने बताया, 'ये ही फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं।'

उस्ताद बोले, 'कोई भी हों। मैंने जब मना कर दिया कि मैं नहीं गाऊंगा तो फिर ये क्यों ज़बरदस्ती कर रहे हैं?' नौशाद कुछ बोलते इससे पहले ही के आसिफ फिर से बोले, 'गाना तो आप ही गाएंगे।' उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ा हैरान थे। उस्ताद नौशाद का बाजू पकड़कर उन्हें बालकनी में ले गए और बोले, 'मैं इतनी कीमत मांगता हूं कि ये सुनकर खुद ही भाग खड़ा होगा।' इस पर नौशाद साहब ने कहा, 'हुज़ूर ये तो आप बोल सकते हैं। ये आपका हक है। अपनी गायकी की कीमत आप खुद ही तय कीजिए।'

उस्ताद वापस कमरे में आए और के आसिफ से बोले, 'ठीक है जनाब। मैं आपकी फिल्म में गाऊंगा, लेकिन एक गाने के 25 हज़ार रुपये लूंगा।'

नौशाद साहब ये सुनकर अपने कानों पर यकीन नहीं कर पाए, क्योंकि ये वो ज़माना था, जब बड़े-बड़े प्लेबैक सिंगर पांच सौ से एक हज़ार रुपये ही चार्ज करते थे। नौशाद जी को लगा कि यकीनन अब तो के आसिफ अपनी ज़िद को साइड में रख देंगे।

के आसिफ उस्ताद की बात सुनकर बोले, 'अजी आपकी तो कोई कीमत ही नहीं है। आप तो अनमोल हैं। ठीक है। बात पक्की। के आसिफ ने तुरंत ही दस हजार एडवांस दे दिए।' **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पीरियड लीव: सुप्रीम कोर्ट का फैसला और वैश्विक परिप्रेक्ष्य

13 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए पीरियड लीव (मासिक धर्म अवकाश) को अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की नीति को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने के कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि इस प्रकार का प्रावधान कानून के रूप में लागू किया गया, तो कई नियोक्ता महिलाओं को रोजगार देने से ही हिचक सकते हैं, जिससे उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पेड पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग वाली याचिका सुनने से इंकार कर दिया और इस मुद्दे पर व्यावहारिक चिंताओं को सामने रखा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी मांग महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष रख चुके हैं, इसलिए सरकार सभी हितधारकों से चर्चा कर इस विषय पर कोई नीति बनाने पर विचार कर सकती है। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों को यह सुझाव दिया कि वे इस अभ्यावेदन पर विचार करें और विभिन्न पक्षों से परामर्श करके नीति का प्रारूप तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह मांग की गई थी कि देशभर में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों को देखते हुए हर महीने कुछ दिनों का अवकाश दिया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने यह भी बताया कि केरल सरकार ने स्कूलों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू की है और देश की कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से 'पेड पीरियड लीव' दे रही हैं।



**सुनील कुमार महला**

लेखक

वहीं दूसरी ओर कुछ महिलाओं का मानना है कि इस विषय में एक संतुलित या मध्य मार्ग होना चाहिए। उनके अनुसार 'पीरियड लीव' को अनिवार्य बनाने के बजाय वर्क फ्रॉम होम या फ्लेक्सिबल वर्किंग आवर्स का विकल्प दिया जाना चाहिए। इससे महिला का काम भी प्रभावित नहीं होगा और उसे कार्यालय के तनावपूर्ण वातावरण से राहत भी मिल सकेगी। उनका यह भी मानना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और उनकी पेशेवर गरिमा भी बनी रहेगी। कई महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, ऐंठन, मतली और माइग्रेन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में लगातार काम करना उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन हो सकता है।

यदि हम देशों की बात करें तो जापान में वर्ष 1947 से ही महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अवकाश लेने का अधिकार दिया गया है। यह छुट्टी वेतन सहित होगी या नहीं, यह कंपनी की नीति पर निर्भर करता है। दक्षिण कोरिया में महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन की मेंस्ट्रुअल लीव का अधिकार प्राप्त है। इंडोनेशिया के श्रम कानून में भी महिलाओं को मासिक धर्म के पहले दो अवकाश लेने की अनुमति दी गई है। जांबिया में 'मदर्स डे लीव' के नाम से हर महीने एक दिन की पीरियड लीव दी जाती है, जिसके लिए चिकित्सकीय प्रमाणपत्र की आवश्यकता भी नहीं होती। स्पेन ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023 में 'पेड पीरियड लीव' को कानूनी मान्यता प्रदान की, जिससे गंभीर मासिक धर्म पीड़ा से पीड़ित महिलाएं चिकित्सकीय सलाह के आधार पर अवकाश ले सकती हैं। मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य और गरिमा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न देशों और संस्थानों में इसके प्रति जागरूकता और नीतिगत पहल लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### टेलीविजन



टेलीविजन शब्द की उत्पत्ति भाषा और विज्ञान के अद्भुत मेल की कहानी है। 'टेलीविजन' शब्द दो अलग-अलग भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना है। इसमें 'टेली' ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'दूर', जबकि 'विजन' लैटिन भाषा से आया है, जिसका अर्थ है 'देखना'। इस तरह 'टेलीविजन' का शाब्दिक अर्थ हुआ-दूर की वस्तुओं को देखना। 19 वीं और 20 वीं सदी के दौरान जब वैज्ञानिक संचार तकनीकों पर काम कर रहे थे, तब एक ऐसी मशीन की कल्पना की गई, जो दूर बैठे स्थानों के दृश्य को तुरंत दिखा सके। कई वैज्ञानिकों के प्रयासों के बाद यह तकनीक विकसित हुई और पहली बार चलती-फिरती तस्वीरों को दूर तक प्रसारित करना संभव हुआ। इस नई खोज के लिए ऐसा नाम चाहिए था, जो इसकी विशेषता को स्पष्ट करे, इसलिए 'टेलीविजन' शब्द चुना गया। धीरे-धीरे टेलीविजन हर घर का हिस्सा बन गया और सूचना, मनोरंजन तथा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा। आज भी यह शब्द हमें यह याद दिलाता है कि विज्ञान ने कैसे दूरी की सीमाओं को खत्म कर दुनिया को एक साथ जोड़ दिया है।

# इंटर बाद के लिए उभरता करियर ऑप्शन
# विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी

आज के दौर में जब हर व्यवसाय अपनी पहचान तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बनाता है, तब विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी केवल शौक नहीं रह गए हैं। यह एक ऐसा पेशेवर क्षेत्र बन चुका है, जिसमें रचनात्मकता के साथ-साथ अच्छी आय और वैश्विक अवसर भी मौजूद हैं। 12 वीं के बाद करियर चुनने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह समझना जरूरी है कि फोटोग्राफी और विजुअल कम्युनिकेशन आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं।



शैलेश गोयल
डायरेक्टर
आईआईपी एकेडमी



### बदलते दौर में विजुअल कंटेंट की बढ़ती जरूरत

आज हर कंपनी अपने उत्पाद या सेवा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोडक्ट फोटोग्राफी, सोशल मीडिया रील्स, डिजिटल विज्ञापन, वेबसाइट विजुअल, कैटलॉग और ब्रांड स्टोरी टेलिंग का सहारा लेती है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फोटोग्राफी (IIP) के संस्थापक निदेशक राजेश गोयल कहते हैं, "फोटोग्राफी के बिना किसी उत्पाद या सेवा का प्रभावी विजुअल कम्युनिकेशन करना लगभग असंभव है।" दरअसल फोटोग्राफी केवल कैमरा चलाने का कौशल नहीं है। यह लाइटिंग, कंपोजिशन, विजुअल नैरेटिव और सौंदर्यबोध को विकसित करने की प्रक्रिया है, जो आगे चलकर फिल्म, विज्ञापन, डिजाइन और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उपयोगी होती है।

### बढ़ता बाजार और नए अवसर

भारत का मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है। हाल के उद्योग आकलनों के अनुसार 2024 में यह क्षेत्र लगभग 2.5 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच चुका है और इसमें डिजिटल मीडिया सबसे बड़ा सेगमेंट बन गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हर दिन भारी मात्रा में नए विजुअल कंटेंट की जरूरत होती है। इसी कारण फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग और डिजाइन से जुड़े पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही क्रिएटर इकोनॉमी भी तेजी से विकसित हो रही है। लाखों कंटेंट क्रिएटर और डिजिटल ब्रांड्स के बढ़ने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह क्षेत्र ट्रिलियन-डॉलर से अधिक के उपभोक्ता बाजार को प्रभावित कर सकता है।





### सफलता की वास्तविकता

फोटोग्राफी में सफलता का कोई निश्चित प्रतिशत नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार असफलता का मुख्य कारण यह होता है कि कई छात्र केवल कैमरा चलाना सीखते हैं, लेकिन पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट मैनेजमेंट, सही मूल्य निर्धारण और किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित नहीं कर पाते। जो छात्र मजबूत बुनियादी प्रशिक्षण, वास्तविक प्रोजेक्ट्स, मेंटरशिप और इंडस्ट्री अनुभव के साथ आगे बढ़ते हैं, उनके सफल होने की संभावना अधिक होती है।

### फोटोग्राफी में करियर के विविध रास्ते

- फोटोग्राफी कई अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के अवसर प्रदान करती है।
- कमर्शियल फोटोग्राफी में प्रोडक्ट, ई-कॉमर्स, फूड, ऑटोमोबाइल और विज्ञापन से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल होते हैं।
- फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में मॉडल, सेलिब्रिटी, मैगजीन और एडिटोरियल शूट किए जाते हैं।
- आर्किटेक्चर और इंटीरियर फोटोग्राफी में इमारतों, होटलों और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की तस्वीरें ली जाती हैं, जबकि ड्रोन फोटोग्राफी भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।
- मीडिया और डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफी में फोटो जर्नलिज्म, ट्रैवल और स्पोर्ट्स फोटोग्राफी शामिल हैं।
- इसके अलावा फाइन आर्ट फोटोग्राफी, म्यूजियम डॉक्यूमेंटेशन और गैलरी इमेजिंग जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं।
- डिजिटल युग में कुछ नई भूमिकाएं भी सामने आई हैं जैसे एआई-असिस्टेड इमेजिंग स्पेशलिस्ट, विजुअल स्टोरीटेलर और कंटेंट प्रोड्यूसर।

### नई शिक्षा नीति और रचनात्मक शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 में भी रचनात्मक शिक्षा और बहुविषयक अध्ययन पर जोर दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों को कला, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल के साथ तैयार करना है।

इस दृष्टि से देखा जाए, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र अब केवल वैकल्पिक करियर नहीं, बल्कि भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विकल्प बनते जा रहे हैं।

**संस्थान चुनते समय क्या देखें :** किसी भी प्रशिक्षण संस्थान का चयन करते समय छात्रों और अभिभावकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए।

क्या वहां केवल कैमरा संचालन सिखाया जाता है या कॉन्सेप्ट और क्रिएटिव थिंकिंग भी विकसित की जाती है।

क्या छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलता है।

क्या संस्थान के पास पूर्व छात्रों का मजबूत नेटवर्क और उपलब्धियां हैं।

क्या प्रशिक्षण में पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट हैंडलिंग और फ्रीलांसिंग की जानकारी दी जाती है।

### छात्रों के लिए चार सरल कदम

विशेषज्ञों के अनुसार कक्षा-12 के बाद फोटोग्राफी में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को चार कदमों पर ध्यान देना चाहिए-

- अपना क्षेत्र चुनें-जैसे कमर्शियल, फैशन, डॉक्यूमेंट्री या फाइन आर्ट।
- मजबूत पोर्टफोलियो बनाएं-12 से 20 अच्छी तस्वीरें, सैकड़ों साधारण तस्वीरों से बेहतर होती हैं।
- मेंटर्स से फीडबैक लें-सीखने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन जरूरी है।
- कमाई का रास्ता बनाएं-इंटर्नशिप, असिस्टेंटशिप और फ्रीलांस प्रोजेक्ट्स से शुरुआत करें।



### बदलती सोच का समय

डिजिटल युग में तस्वीरें और विजुअल कंटेंट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यवसाय, संचार और ब्रांड निर्माण का शक्तिशाली माध्यम बन चुके हैं। ऐसे में यदि किसी छात्र में रचनात्मक दृष्टि, तकनीक सीखने की इच्छा और मेहनत करने का जज्बा है, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी उसके लिए एक सार्थक और संभावनाओं से भरा करियर साबित हो सकता है।

## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेला



- 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजिन किया जाएगा। मेले में झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को मौका मिलेगा। रोजगार मेले से युवाओं को सीधे कंपनी से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। मेले में 100 से अधिक कंपनियां और नियोक्ता शामिल होंगे, जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना, आईटीआई और पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार पाने का मौका मिल सकेगा।

### राहत भरी खबर

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) और परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) द्वितीय वर्ष सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार, पहले यह तिथि 10 मार्च तक निर्धारित थी, लेकिन छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे अब 25 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

## कैंपस का पहला दिन

# झिझक से आत्मविश्वास तक का सफर

ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में मेरा पहला दिन, पहला दिन नहीं था, बल्कि मेरे उस सपने की पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने बचपन से अपनी आंखों में सजाया था- एक पत्रकार बनने का सपना। जब मैं ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के परिसर में पहुंची, तो मेरे कदम थोड़े डगमगा रहे थे और दिल की धड़कनें तेज थीं। मन में कई सवाल थे- क्या मैं इस नई दुनिया में खुद को ढाल पाऊंगी? क्या मुझे अच्छे दोस्त मिलेंगे? क्या मैं अपने सपनों के इस सफर में सफल हो पाऊंगी?



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

ओरिएंटेशन और शुरुआती सत्र के दौरान जब हमारे शिक्षकों ने हमसे संवाद किया, तो पत्रकारिता को लेकर मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उन्होंने समझाया कि पत्रकारिता केवल माइक थामने या कैमरे के सामने खड़े होने का नाम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक अटूट जिम्मेदारी है। सच को सामने लाना, लोगों की आवाज बनना और निष्पक्षता के साथ अपनी बात रखना ही एक सच्चे पत्रकार की पहचान होती है। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

पहली क्लास खत्म होने के बाद, जो झिझक मेरे मन में थी, वह धीरे-धीरे कम होने लगी। कॉलेज की कैंटीन और गलियारों में मेरी मुलाकात अपने सहपाठियों से हुई। हम सब अलग-अलग जगहों से आए थे, लेकिन हम सबके बीच एक बात समान थी, वो थी दुनिया को बदलने का जज्बा और कुछ नया सीखने की चाह। बातचीत के दौरान हम अपने-अपने सपनों और उम्मीदों को साझा करने लगे। बातों-बातों में कब अजनबी सहपाठी दोस्त बन गए, पता ही नहीं चला। उस अपनत्व ने मेरे मन का डर काफी हद तक दूर कर दिया।

कॉलेज का माहौल, शिक्षकों का मार्गदर्शन और साथियों का सहयोग, इन सबने मेरे पहले दिन को यादगार बना दिया। हर कोना जैसे कुछ नया सिखाने को तैयार था और हर चेहरा एक नई कहानी कह रहा था। मुझे यह महसूस होने लगा कि मैंने अपने जीवन की सही दिशा चुन ली है। शाम को जब मैं कॉलेज से घर के लिए निकली, तो मेरे पास केवल किताबों का बोझ नहीं था, बल्कि एक नई सोच, आत्मविश्वास और बड़े इरादे भी थे। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के उस पहले दिन ने मुझे यह सिखाया कि पत्रकारिता का रास्ता चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन यह सम्मान, जिम्मेदारी और समाज सेवा से भरा हुआ है।




## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रीक्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।
- हाल ही में यूनिक्लो ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी 16 मार्च 2026 को घोषित की गई, जो अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और भारतीय क्रिकेट स्टार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है।
- हाल ही में साउथ इंडियन बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सहयोग से नई ईपीएफ भुगतान सेवा शुरू की है। इस सेवा के माध्यम से नियोक्ता अब कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का भुगतान सीधे बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म SIBerNet के जरिए कर सकेंगे, जिससे वैधानिक भुगतान अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। इस पहल की घोषणा 12 मार्च 2026 को की गई, जो बैंक की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- हाल ही में विश्व बैंक, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल को "उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम" कहा जाता है, जिसमें 299 .66 मिलियन डॉलर का निवेश शामिल है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित उपायों के माध्यम से बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करना है।

## जॉब अलर्ट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- पदों की संख्या-275
- वेतन- 48480 - 120940 प्रति माह
- योग्यता- AICTE/UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/IT/ECE/E&TC/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E./B.Tech या MCA
- आयु सीमा- स्केल I- अधिकतम 30 वर्ष, स्केल II/III- अधिकतम 35 वर्ष, स्केल IV- अधिकतम 45 वर्ष
- अंतिम तिथि- 23 मार्च 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम- असिस्टेंट लोको पायलट (ALP)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या- CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2/शुरुआती
- वेतन : 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष (दिनांक 01.07.2026 तक)
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- अंतिम तिथि-14-06-2026
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in




### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद का नाम-कांस्टेबल (पशु चिकित्सा, ड्राइवर, ट्रेड्समैन और नर्सिंग अर्दली)
- श्रेणी- ग्रुप 'C' नॉन-गजटेड (कॉम्बैटाइज्ड), नॉन-मिनिस्टीरियल
- पदों की संख्या-827 पद
- वेतन-लेवल-3, 21,700–69,100 (7वां CPC)
- नौकरी का स्थान-भारत में कहीं भी / SSB की आवश्यकतानुसार भारत के बाहर भी
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन
- चयन प्रक्रिया-PET, PST, लिखित परीक्षा, ट्रेड/कौशल परीक्षण, दस्तावेज़ीकरण और चिकित्सा परीक्षण

# एआई और हिंदी : रोजगार के नए क्षितिज

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति की संवाहक और प्रगति का आधार होती है। आज जब दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति (Industry 4.0) के दौर से गुजर रही है, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने मानव जीवन के हर पहलू को स्पर्श किया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा होने के नाते, हिंदी के लिए यह समय एक ऐतिहासिक मोड़ है। अक्सर यह कहा जाता है कि तकनीक भाषाओं को मिटा देगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। एआई ने हिंदी के लिए संभावनाओं के वे द्वार खोल दिए हैं, जो पहले बंद थे। आज हिंदी केवल साहित्य या बोलचाल तक सीमित नहीं है, यह डेटा, कोडिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था की भाषा बन रही है। एक हिंदी भाषी व्यक्ति तकनीक के इस युग में न केवल प्रासंगिक रह सकता है, बल्कि एआई को अपना हथियार बनाकर वैश्विक बाजार में रोजगार के नए और आकर्षक अवसर पैदा कर सकता है।



प्रो.मीना यादव
हिंदी विभाग
बरेली कॉलेज बरेली




### हिंदी और एआई का संगम

प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) वह तकनीक है, जिसने मशीनों को हिंदी व्याकरण, मुहावरे और शब्दावली समझने की शक्ति दी है। आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई (चैटजीपीटी) जैसी कंपनियां हिंदी डेटा पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं। हिंदी का विशाल डेटा सेट तैयार करना और उसे मशीनों के लिए सुलभ बनाना आज एक बड़ी आर्थिक गतिविधि बन चुका है।

### एआई के माध्यम से हिंदी में उभरते रोजगार के क्षेत्र

एआई ने हिंदी को सॉफ्ट स्किल से बदलकर एक तकनीकी स्किल में तब्दील कर दिया है। इसके अंतर्गत रोजगार के प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं।

#### भाषा डेटा वैज्ञानिक और एनोटेटर

एआई मॉडल को सिखाने के लिए सटीक हिंदी डेटा की आवश्यकता होती है। हिंदी वाक्यों को व्याकरण के साथ टैग करना और भावनाओं की पहचान करना आज एक बड़ा करियर विकल्प है।

#### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

एआई टूल्स से सही काम करवाने की कला। विज्ञापन एजेंसियां और कंटेंट हाउस ऐसे विशेषज्ञों को खोज रहे हैं, जो एआई का उपयोग कर कम समय में सटीक हिंदी विज्ञापन, स्क्रिप्ट या रिपोर्ट तैयार कर सकें।

#### वॉयस टेक्नोलॉजी और स्पीच रिकग्निशन

एलेक्सा और सिरी जैसे असिस्टेंट के लिए हिंदी वॉयस देना, उच्चारण सुधारना और मशीन को स्थानीय बोलियों का लहजा समझाना।

#### चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट डेवलपर

बैंकिंग, ई-कॉमर्स और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हिंदी में बातचीत करने वाले चैटबॉट्स की स्क्रिप्ट लिखना और उन्हें सांस्कृतिक रूप से सही बनाना।

#### अनुवाद और स्थानीयकरण 2.0

अब केवल अनुवाद नहीं, बल्कि 'मशीन ट्रांसलेशन पोस्ट-एडिटिंग' (MTPE) का दौर है। एआई द्वारा अनुवादित सामग्री की जांच करना और उसे मानवीय संवेदनाएं देना एक उच्च-भुगतान वाला कार्य बन गया है।

#### तकनीकी कौशल और चुनौतियां

हिंदी को रोजगारपरक बनाने के लिए केवल भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। युवाओं को ChatGPT, Gemini और Canva AI जैसे टूल्स का कुशल उपयोग सीखना होगा।

### एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर

एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर है। यह भाषा और तकनीक के बीच की उस खाई को पाट रहा है, जिसने दशकों से हिंदी भाषियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रखा था। आज एक अनुवादक, लेखक या शिक्षक एआई की मदद से अपनी कार्यक्षमता को दस गुना बढ़ा सकता है। इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें हिंदी के प्रति भावुकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता को भी अपनाना होगा। यदि हम अपनी भाषाई जड़ों को मजबूती से थामे रखकर एआई जैसे आधुनिक उपकरणों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो हिंदी न केवल भारत की अस्मिता बनी रहेगी, बल्कि आने वाले समय में दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार प्रदाता भाषा के रूप में भी स्थापित होगी। भविष्य उनका है, जो भाषा की गरिमा और तकनीक की गति, दोनों को साथ लेकर चलेंगे।



# पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर मिलेगी ज्यादा एलपीजी

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर सुझाया फार्मूला, 30 प्रतिशत तक दी जाएगी कॉमर्शियल एलपीजी

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शुरू में आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा दिया गया।

केंद्र सरकार ने अब उन राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की पेशकश की है, जो पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को तेज करेंगे। पीएनजी, घरेलू रसोई एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का एक आसान विकल्प है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एलपीजी आपूर्ति सीमित है लेकिन घरों व उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति निर्बाध जारी है।

- संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा-एलपीजी सीमित, लेकिन पीएनजी आपूर्ति निर्बाध जारी

उन्होंने कहा कि जहां शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क पास में उपलब्ध है, वहां एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी का कनेक्शन लेना चाहिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की पेशकश की है, यदि वे सभी पुराने आवेदनों को स्वीकृत अनुमति प्रदान करते हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए नए आवेदन के 24 घंटे बाद भी यही अनुमति देते हैं, वार्षिक किराये/पट्टे के शुल्क में कटौती करते हैं और खुदाई व पुनर्स्थापन योजनाओं की अनुमति देते हैं।



शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग 93 प्रतिशत तक बढ़ गई है लेकिन उपभोक्ता अब भी डीलर के यहां पर कतार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद प्रतीक्षा करें। सिलेंडर उनके घर पहुंचाए जाएंगे। घबराहट में बुकिंग करने या एलपीजी वितरकों के पास जाने की जरूरत नहीं है। एलपीजी पर दबाव कम करने के लिए सरकार वाणिज्यिक एवं घरेलू एलपीजी उपयोगकर्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। शहर गैस वितरण कंपनियां प्रोत्साहन दे रही हैं और जल्द ''कनेक्शन'' प्रदान कर रही हैं।

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को बुधवार को पत्र लिखकर कहा कि राज्य सरकारों को शुल्क कम करना चाहिए। शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा 12.63 करोड़ घरेलू ''कनेक्शन'' देने की प्रतिबद्धता के बावजूद अब तक केवल 1.6 करोड़ पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

### अधिक एलपीजी का फार्मूला

पाइपलाइन बिछाने के लिए आवेदन करने के 24 घंटे बाद सभी पुराने आवेदनों व नए आवेदनों को स्वत: सीजीडी अनुमति देने वालों को दो प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सीजीडी इकाइयों के लिए ''खुदाई व पुनर्स्थापन योजना'' लागू करते हैं, तो उन्हें एलपीजी की तीन प्रतिशत अतिरिक्त आपूर्ति मिलेगी जिससे वे सड़कों आदि की खुदाई व पुनर्स्थापन स्वयं कर सकेंगे और इस प्रकार पुनर्स्थापन शुल्क समाप्त हो जाएगा। मित्तल ने कहा कि जो राज्य सीजीडी नेटवर्क बिछाने/संचालन के लिए वार्षिक किराया/पट्टा शुल्क को शून्य कर देते हैं, उन्हें चार प्रतिशत अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी प्राप्त होगी।

### पेट्रोल-डीजल में आत्मनिर्भर, एटीएफ भी पर्याप्त

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से माल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण, भारत ने आपूर्ति को सीमित कर दिया है। इसके अलावा, खाना पकाने व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल दिया गया है। 12 राज्यों ने इस अतिरिक्त कोटे का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के मामले में भारत आत्मनिर्भर है और खुदरा दुकानों पर कहीं भी कमी की सूचना नहीं है। विमान ईंधन (एटीएफ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।

### पड़ोसी देशों से पहले घरेलू ईंधन की आपूर्ति भारत की प्रथम प्राथमिकता

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में मची उथल-पुथल के बीच भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी सक्षम प्राधिकारी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण पैदा हुई किल्लत को देखते हुए बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा पांच हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3,000 टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है। भारत वर्तमान में नेपाल और भूटान को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति करता है।



## एफएफएफएआई का युद्ध जोखिम अधिभार के खिलाफ सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ फ्रेट फॉरवर्डर्स एसोसिएशंस इन इंडिया (एफएफएफएआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच शिपिंग कंपनियों के माल ढुलाई पर युद्ध जोखिम अधिभार (डब्ल्यूआरएस) लगाने के फैसले से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।

एफएफएफएआई ने बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि शिपिंग कंपनियों ने कुछ गंतव्यों के लिए और वहां से आने-जाने वाले माल पर युद्ध जोखिम अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। निकाय ने सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि कई मामलों में मांगा जा रहा अधिभार मूल रूप से तय समुद्री मालभाड़े से करीब दोगुना है जिससे व्यापार पर अप्रत्याशित एवं भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

एफएफएफएआई ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में अतिरिक्त जोखिम 'कवरेज' की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जिस तरीके से वर्तमान में ये अधिभार लगाए जा रहे हैं, उससे निर्यातकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए अनिश्चितता तथा परिचालन संबंधी कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### गोदरेज ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी वह एक आवासीय परियोजना विकसित करेगी जिससे अनुमानित 1,350 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने पूर्वी बेंगलुरु में 20 एकड़ का भूखंड खरीदा है। कंपनी ने हालांकि जमीन की लागत का उल्लेख नहीं किया। कंपनी ने कहा कि कंपनी इस स्थल पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रही है, जिसकी अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 1,350 करोड़ रुपये है।

### 24 मार्च को खुलेगा पावरिका का आईपीओ

**नयी दिल्ली।** पावर सॉल्यूशन प्रदाता पावरिका लिमिटेड का 1,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 मार्च को खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि आईपीओ 700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 300 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। बयान के अनुसार, आईपीओ 27 मार्च को बंद होगा जबकि बड़े (एंकर) निवेशक 23 मार्च को बोली लगा पाएंगे। पावरिका का शेयर दो अप्रैल को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगा।

### एएफएल में 1,500 करोड़ डालेगा एक्सिस बैंक

**नयी दिल्ली।** एक्सिस बैंक अपनी एनबीएफसी इकाई एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) में कारोबार वृद्धि के लिए अगले एक वर्ष में राइट्स इश्यू के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बैंक ने बुधवार शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल की अधिग्रहण, विनिवेश एवं विलय समिति ने 18 मार्च 2026 को हुई बैठक में 31 मार्च 2027 से पहले एक या अधिक किश्तों में एएफएल में 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि यह निवेश एएफएल के राइट्स इश्यू के जरिये किया जाएगा।

### रक्षा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में अमारा राजा का प्रवेश

**मुंबई।** अमारा राजा डिजाइन अल्फा (एआरडीए) ने मिशन-क्रिटिकल रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में प्रवेश की बुधवार को घोषणा की। यह अमारा राजा समूह की विशेषीकृत इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कंपनी है। कंपनी के अनुसार, उसने नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए स्वदेशी पावर कंडीशनिंग कैबिनेट (पीसीसी) विकसित किया है। अगले चरण में पावर एम्प्लीफायर, सिग्नल इंटरफेस एवं पावर एम्प्लीफायर कैबिनेट के डिजाइन तैयार करेगी। इससे नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए एक व्यापक स्वदेशी परिवेश तैयार करने में मदद मिलेगी।

# सीसीपीए के जुर्माने के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेटा

## कहा-ईमार्केट नहीं, बल्कि केवल एक नोटिस बोर्ड है फेसबुक

नयी दिल्ली, एजेंसी

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने दिल्ली उच्च न्यायालय में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के उस आदेश को बुधवार को चुनौती दी, जिसमें फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी की कथित अनधिकृत बिक्री एवं सूचीबद्धता को लेकर उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के पास फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का स्वामित्व है। मेटा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि अमेजन और फ्लिपकार्ट के विपरीत, फेसबुक कोई ई-मार्केट नहीं है बल्कि केवल एक 'नोटिस बोर्ड' हैं। इसलिए वह सीसीपीए के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मेटा की याचिका को 25 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और उससे यह स्पष्ट करने को कहा कि आदेश को 'अधिकार क्षेत्र से परे' कैसे माना जा सकता है।



न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि इस मामले पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग क्यों विचार नहीं कर सकता।

मेटा की ओर से पेश रोहतगी ने तर्क दिया कि फेसबुक न तो खरीद-बिक्री का कोई तंत्र उपलब्ध कराता है और न ही उपयोगकर्ताओं से कोई 'कमीशन' लेता है, क्योंकि यह ई-कॉमर्स मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल फेसबुक उपयोगकर्ताओं के लिए एक 'नोटिस बोर्ड' है। हम कोई दुकान नहीं हैं।

कोई व्यावसायिक बिक्री की अनुमति नहीं है। कोई शुल्क नहीं लिया जाता। हम किसी से शुल्क नहीं लेते।'

आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए मेटा की याचिका में दावा किया गया कि सीसीपीए ने इस 'अमान्य' आधार पर कार्रवाई करके अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम किया कि फेसबुक मार्केटप्लेस ई-कॉमर्स के लिए कानूनी ढांचे के अधीन और उसके द्वारा शासित है।

### ये था सीसीपीए का आदेश

सीसीपीए ने एक जनवरी 2026 को पारित अपने आदेश में कहा था कि मेटा ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उसके नियमों एवं सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमों का उल्लंघन किया है, क्योंकि उसने फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी को बिना अनिवार्य खुलासों के सूचीबद्ध होने दिया।

## शेयर हेरफेर: 8 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ जुर्माना पांच साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और उन्हें पांच वर्ष तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा इनमें से 15 संस्थाओं को 2.94 करोड़ रुपये के कुल अवैध लाभ को 31 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 12% वार्षिक ब्याज सहित वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।

नियामक ने मंगलवार को पारित अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा कि ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। सेबी ने पाया कि साजिश में आपस में जुड़े संगठनों के बीच ट्रेडिंग करना शामिल था जिसका उद्देश्य कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करना था।

# शेयर बाजार गुलजार: सेंसेक्स 633 अंक चढ़ा, निफ्टी 23700 के पार

मुंबई, एजेंसी

कच्चे तेल की कीमतों में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान के बीच, शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। लगातार तीसरे दिन उनकी बढ़त जारी रही। आईटी शेयरों में तेजी के कारण घरेलू बाजारों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला।बीएसई सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.38 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयर में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली के बाद निचले स्तर पर लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजारों में तेजी बनी रही। सौदों को पूरा करने और निचले स्तर पर लिवाली से तेजी चौतरफा रही। आईटी, रियल एस्टेट और वाहन क्षेत्रों की अगुवाई में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर में मजबूती देखी गई।



- कच्चे तेल में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान से लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में रही तेजी

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि स्थिर वैश्विक संकेतों के साथ बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में बाजार में तेजी जारी रही। हालांकि अस्थिरता बनी हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव का जारी रहना, रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से अस्थिरता आने की आशंका बाजार के प्रतिभागियों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनुकूल संकेतों के कारण तीन दिनों तक मजबूत उछाल के बाद, बाजारों में सतर्कता बनी रह सकती है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 103.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत और जापान का निक्की 2.87 प्रतिशत मजबूत हुए। चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,741.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,225.32 करोड़ के शेयर खरीदे।

## अमेजन पर 'रेडी टू ईट' उत्पादों की बिक्री बढ़ी

**नयी दिल्ली।** एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान के बीच ई-कॉमर्स मंच अमेजन पर तत्काल उपयोग के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन इंडिया ने बुधवार को कहा कि एलपीजी संकट पैदा होने के बाद इंस्टेंट नूडल्स, डिब्बाबंद खाना, स्नैक्स और पेय पदार्थ जैसी श्रेणियों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी देखी गई है। यह मांग केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई के साथ सोनीपत और पणजी जैसे छोटे शहरों में भी देखी जा रही है।

**नए वित्तीय वर्ष में नए नियम**

# पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू

सरकार ने पैन कार्ड यानि स्थायी खाता संख्या के आवेदन प्रक्रिया में बड़े बदलाव की घोषणा की है। नए नियम पहली अप्रैल 2026 से लागू होंगे, जिसके बाद केवल आधार कार्ड के आधार पर पैन कार्ड के लिए आवेदन नहीं हो सकेगा। सरकार समर्थित कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी।

बताया कि फिलहाल 31 मार्च 2026 तक नागरिक केवल आधार के जरिए पैन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद नए नियम अनिवार्य हो जाएंगे और उसी के अनुसार पैन के लिए आवेदन किया जा सकेगा।




**सिर्फ आधार से नहीं बनेगा पैन कार्ड**

### इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

- जन्म प्रमाण पत्र
- वोटर आईडी
- मैट्रिक प्रमाण पत्र
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- शपथ पत्र (अफिडेविट)
- अन्य सरकारी दस्तावेज

### सरकार की अपील

- सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 से पहले अपने पैन से जुड़े काम पूरे कर लें, ताकि बाद में अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत से बचा जा सके।

### ये होंगे बदलाव

- एक अप्रैल 2026 के बाद केवल आधार से पैन आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- आवेदन के साथ जन्मतिथि का प्रमाण देना जरूरी होगा।
- नए पैन आवेदन फॉर्म लागू होंगे, पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे।
- पैन कार्ड में दर्ज नाम को आधार के अनुसार ही रखा जाएगा।

### फर्जी ईमेल से सावधान रहने की चेतावनी

लोगों को साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि 'ई-पैन डाउनलोड' के नाम पर फर्जी ईमेल और मैसेज भेजे जा रहे हैं। ऐसे किसी भी लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें। पैन कार्ड वित्तीय और बैंकिंग लेन-देन के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जबकि आधार 12 अंकों की एक यूनिक पहचान संख्या है, जिसे यूआईडीएआई द्वारा जारी किया जाता है। इसलिए सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

### इन पोर्टल्स के जरिए कर सकते हैं आवेदन

- इनकम टैक्स विभाग का ई-फाइलिंग पोर्टल
- प्रोटियन (पूर्व में NSDL eGov)
- यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड (UTIITSL)

**एक्शन** गलत तरीके से बेची थी पॉलिसी, अब 25 हजार ग्राम पंचायतों को मिलेगा 100 प्रतिशत बीमा कवर

# रिलायंस, एसबीआई सहित 5 बीमा कंपनियों पर 8 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने गलत तरीके से पॉलिसी बेचने और नियमों के उल्लंघनपर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ जैसी पांच बड़ी कंपनियों पर करीब आठ करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही, इंश्योरेंस मार्केट का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार अब 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा कवरेज के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा है कि बीमा कंपनियों की किसी भी गड़बड़ी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इंश्योरेंस रेगुलेटर (आईआरडीएआई) ऐसी कंपनियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। सीतारमण ने उन गड़बड़ियों की सूची भी बताई जिन पर सरकार की पैनी नजर है-

**बिना सहमति बीमा:** अगर ग्राहक की मर्जी के बिना पॉलिसी थमाई गई, तो जुर्माना लगेगा।

**गलत जानकारी और क्लेम में देरी:** पॉलिसी बेचते समय फीचर्स छिपाना या गुमराह करने वाले दावे करना। साथ ही परिपक्वता यानी मैच्योरिटी क्लेम के निपटारे में देरी या ब्याज न देना भी जांच के दायरे में आएगा।

**प्रीमियम का गलत आवंटन:** अगर प्रीमियम के पैसों का हिसाब सही नहीं रखा गया, तो रेगुलेटर एक्शन लेगा।



### 25 हजार गांवों पर फोकस

अब सरकार बीमा (इंश्योरेंस) को देश के दूर-दराज के गांवों तक पहुँचाने के लिए एक नया तरीका अपना रही है। इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीए के नए नियमों के अनुसार अब इंश्योरेंस की पहुंच को 'ग्राम पंचायत' के आधार पर मापा जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार 25,000 ग्राम पंचायतों को खास तौर पर चुना गया है, जहां बीमा का दायरा बढ़ाया जाएगा। सरकार का वास्तविक उद्देश्य है कि गांव-गांव और समाज के हर वर्ग तक 100% बीमा की सुविधा पहुंच सके।

### 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने

वित्त मंत्री ने देश में स्वास्थ्य बीमा की स्थिति पर लिखित डेटा भी पेश किया। बताया कि 28 फरवरी 2026 तक देशभर में 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं। बताया कि 2.51 करोड़ व्यक्तिगत पॉलिसियों के जरिए करीब 6 करोड़ लोग कवर हैं। साथ ही 13.05 लाख ग्रुप पॉलिसियों के तहत 27.51 करोड़ सदस्यों को सुरक्षा मिली हुई है। ईएसआईसी में 14.91 करोड़ लाभार्थी और सीजीएचएस में करीब 43 लाख (पेंशनर्स सहित) लोग कवर हैं।

### किस पर कितना जुर्माना

| वित्त वर्ष 2023-24 | जुर्माना |
|---|---|
| रिलायंस जनरल इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| बजाज फाइनेंस | 2 करोड़ |
| एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| एसबीआई लाइफ | एक करोड़ |
| रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस | एक करोड़ |

### सीधे कर सकते हैं शिकायत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जनता से अपील की कि अगर कोई बीमा कंपनी नियमों का पालन नहीं करती या परेशान करती है, तो चुप न बैठें। लोग सीधे आईआरडीएआई से संपर्क कर सकते हैं या सरकारी शिकायत पोर्टल CPGRAMS का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेगुलेटर सिस्टेमैटिक तरीके से हर शिकायत की जांच करता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बेनामी लेनदेन में 20 लाख रुपये बरामद

**करीमनगर।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई में कथित रिश्वतखोरी और बेनामी लेनदेन मामले में आबकारी निरीक्षक और एक सरकारी शिक्षक को हिरासत में लिया है। एसीबी द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, करीमनगर अर्बन के आबकारी निरीक्षक श्री गुंडेटी रामू और जगत्याल जिले के मल्लियाल मंडल स्थित एमपीपीएस ओबुलापुर के सेकेंडरी ग्रेड शिक्षक जक्कानी वेणु को 17 मार्च को रात लगभग 8 :25 बजे आय से अधिक संपत्ति और अवैध धनराशि के मामले में पकड़ा गया। एसीबी ने खुलासा किया कि वेमुलावाड़ा में एसएचओ के रूप में तैनाती के दौरान निरीक्षक ने 2022 से 2024 के बीच एक गुड़ व्यापारी से नियमित रूप से अवैध धन वसूला। यह राशि कथित रूप से शिक्षक के माध्यम से ली जाती थी, जो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था और लेनदेन यूपीआई के जरिए किये जाते थे।

### अमेरिकी वायु अड्डे पर गोलीबारी में एक मरा

**अलामोगोर्डो।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको स्थित वायु सेना के एक अड्डे पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। वायु सेना अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि अलामोगोर्डो शहर के निकट होलोमन वायु सेना अड्डे पर एक हमलावर के मौजूद होने की खबरों के कारण मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे उसे बंद कर दिया गया। गोलीबारी में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ले जाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब अड्डा सुरक्षित है और उसे खोल दिया गया है। बयान में कहा गया है कि आपातकालीन कर्मी स्थिति से निपट रहे हैं और कोई खतरा नहीं है।

### एफबीआई ने वांछितों पर इनाम को बढ़ाया

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल भगोड़ों के बारे में सूचना देने वालों के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर 10 लाख अमेरिकी डॉलर कर दी है। इस सूची में 11 साल पुराने हत्या के मामले में फरार एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और इसमें पहली बार किसी साइबर अपराधी को भी शामिल किया गया है। एफबीआई के आपराधिक प्रभाग के सहायक निदेशक हीथ आर. जानके ने यहां कहा कि 10 सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में फरार हुए तीन आरोपियों ने नामों को पिछले सप्ताह जोड़ा गया था और सूचीबद्ध किए जाने के तुरंत बाद उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्रिटिश कोर्ट में नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई पूरी

● दाखिल याचिका में प्रत्यर्पण मामला पुन: खोलने की मांग

**लंदन, एजेंसी**



फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई लंदन के उच्च न्यायालय में पूरी हो गई जिसमें उसने अपनी प्रत्यर्पण याचिका पर फिर से विचार किए जाने का अनुरोध किया था। इस अर्जी में दावा किया गया है कि भारत में जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान उसे यातना दिए जाने का खतरा है।


रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में अपील की सुनवाई कर रहे लॉर्ड जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने मंगलवार को दिनभर चली सुनवाई के अंत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

स्टुअर्ट-स्मिथ ने कहा कि यह मामला मोदी और भारत से आए भारतीय अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम यथाशीघ्र फैसला सुनाएंगे। भारत में करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाला और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मुकदमे में वांछित हीरा कारोबारी उत्तरी लंदन की पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिये सुनवाई में पेश हुआ।

## क्यों राख में तब्दील हो रहीं जिंदगियां

भारत में आग की घटनाएं अब केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत विफलताओं का प्रतीक बन गई हैं। दिल्ली के पालम इलाके और इंदौर के तिलक नगर में हुए भीषण अग्निकांडों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इन हादसों में कई मासूमों और परिवारों ने अपनी जान गंवा दी। दिल्ली में एक बहुमंजिला इमारत में आग से 9 लोगों की मौत हुई, जबकि इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने 7 की जान ले ली। तकनीक और विकास के इस दौर में हम आग जैसी बुनियादी आपदा से निपटने में इतने असहाय क्यों हैं? क्या हमारी सुरक्षा प्रणालियां केवल कागजों तक सीमित हैं? दिल्ली और इंदौर की घटनाओं ने उजागर किया है कि अवैध निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन निकासी के अभाव ने इमारतों को 'डेथ ट्रैप' बना दिया है।

# अग्नि तांडव-सुरक्षा तंत्र



### मौत का मंजर और चूक के बिंदू

- हालिया घटनाओं में सबसे बड़ी चूक बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन और अवैध भंडारण रहा है।
- दिल्ली (पालम हादसा) : इमारत में कॉस्मेटिक और बिजली के तारों का स्टॉक था, जिसने आग को तेजी से भड़काया। एकमात्र सीढ़ी होने के कारण लोग फंस गए।
- इंदौर (तिलक नगर) : घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे वहां रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। ● निकासी मार्ग का अभाव :इमारतों में केवल एक ही प्रवेश/निकास द्वार होना। ● अवैध व्यावसायिक उपयोग : आवासीय क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। फायर विभाग से एनओसी लिए बिना संचालन।

### देश के इतिहास में सबसे भीषण अग्निकांड

- भारत ने पिछले तीन दशकों में कई ऐसे हादसे देखे हैं जिन्होंने सुरक्षा नियमों को बदलने पर मजबूर किया, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार अब भी अधूरा है।
- डबवाली स्कूल अग्निकांड (1995) : हरियाणा के सिरसा में एक वार्षिक उत्सव के दौरान लगी आग में 442 लोगों (ज्यादातर बच्चे) की जान गई थी।
- उपहार सिनेमा (1997) : दिल्ली के ग्रीन पार्क में 'बॉर्डर' फिल्म के शो के दौरान आग लगी, जिसमें 59 लोग मारे गए। मुख्य कारण निकास द्वारों का बंद होना था।
- कुंभकोणम स्कूल (2004) : तमिलनाडु में स्कूल में मिड–डे मील की रसोई से लगी भीषण आग में 94 बच्चों की मौत हुई
- आमरी अस्पताल, कोलकाता (2011) : अस्पताल के बेसमेंट में आग के कारण 89 मरीजों की मौत।

### भारत में सुरक्षा बनाम अन्य देश

- भारत में नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) 2016 मुख्य मार्गदर्शिका है, लेकिन यह केवल सिफारिशी है, अनिवार्य नहीं।
- भारत की स्थिति : राज्यों के अपने कानून हैं, लेकिन उनमें एकरूपता की कमी है। राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में आज भी ठोस फायर सेफ्टी कानून का अभाव है।
- यूनाइटेड किंगडम : यहां 'फायर रिस्क असेसमेंट' अनिवार्य है और उल्लंघन पर जेल का प्रावधान है।
- अमेरिका : एनएफपीए मानकों के अनुसार, होटलों में निकास मार्ग की दूरी अधिकतम 23 मीटर होनी चाहिए, जबकि भारत में यह 30 मीटर तक मान्य है।

# ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से मौजूदा संघर्ष को बताया एक संक्षिप्त अभियान

● सुनिश्चित करेंगे कि संघर्ष के बाद ठीक से संचालित हो ईरान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन उन्होंने इसके समाप्त होने की कोई स्पष्ट समयसीमा बताने से इंकार किया है जिससे अमेरिकी रणनीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस संघर्ष को एक संक्षिप्त अभियान बताया और संकेत दिया कि यह कुछ हफ्तों में समाप्त हो सकता है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि वह बीते समय की बात कर रहे थे या आने वाले समय की।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अभी हटने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन बहुत जल्द वापसी कर सकता है। ट्रंप ने युद्ध के बाद की योजनाओं पर पूछे जाने पर केवल सामान्य रूपरेखा दी और कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि संघर्ष के बाद ईरान ठीक से संचालित हो। ट्रंप ने वरिष्ठ ईरानी नेताओं की हत्या पर टिप्पणी करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे कूटनीति जटिल हो गयी है और हमें नहीं पता कि बातचीत किससे करें।

नाटो को लेकर अपनी आलोचना दोहराते हुए ट्रंप ने सहयोगियों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रयास का समर्थन न करने पर नाराजगी जताई और यूरोपीय देशों के रुख को बहुत बड़ी गलती बताया। उन्होंने ब्रिटेन और फ्रांस का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर समर्थन नहीं दे रहे हैं, जो एक बड़ी गलती है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बारे में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पद छोड़ने वाले हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले संकेत दिया था कि पेरिस और लंदन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी पहल में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फ्रांस ने कहा है कि वह नौसैनिक एस्कॉर्ट मिशन पर तभी विचार करेगा जब तेहरान के साथ तनाव कम होगा। वहीं ब्रिटेन ने सैन्य अभियानों में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है, जबकि अन्य एशियाई और यूरोपीय सहयोगी भी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन जैसे खाड़ी देशों की रक्षात्मक तैयारियों की सराहना की।



### अप्रयुक्त हथियारों से हमले का जवाब देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अपने अभियान में ऐसे हथियारों को तैनात करने की योजना बना रही है जिनका इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया है। यह बात बुधवार को ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कही। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के भीतर कई ठिकानों पर हमले कर अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की भी जान गयी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल के इलाके और पश्चिमी एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### यूएई ने की ईरान के हमलों की कड़ी निंदा

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का घोर उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। नाहयान ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों पर हमले किए गए।

# मोदी ने 59 सांसदों को दी विदाई बोले-राजनीति में फुल स्टॉप नहीं

● राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को भावभीनी विदाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए बुधवार को संसद को एक खुला विश्वविद्यालय करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता।

उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है – यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में फुल स्टॉप जैसी कोई चीज़ नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।

मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं – पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवाई में बिताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें मृदुभाषी और विनम्र लेकिन कठोर कार्रवाई करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे आठवले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएं देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने दो सदनों वाली संसदीय संरचना में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया की तुलना दूसरी राय लेने से की और कहा कि यह लोकतांत्रिक निर्णय को मजबूत बनाता है।

### राज्यसभा का सदन एक खुला विश्वविद्यालय

प्रधानमंत्री ने कहा एक सदन में लिए गए निर्णय को दूसरे सदन में दूसरी राय के लिए भेजा जाता है। यह पूरे बहस और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नई दिशा देता है। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की। उन्होंने छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को जीवन को आकार देने का अमूल्य अवसर बताया और कहा कि इससे सांसदों को राष्ट्रीय मामलों की गहन समझ प्राप्त होती है। छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को उन्होंने परिवर्तनकारी अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है। संसद में प्राप्त अनुभव वास्तव में व्यापक और मूल्यवान हैं।



# स्वेच्छा से देश छोड़ने पर अवैध प्रवासियों को देंगे 2600 डॉलर

● अमेरिकी गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर की बोनस की पेशकश

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर भारत सहित अन्य देशों के अवैध अप्रवासियों को मुफ्त में स्वदेश भेजने के साथ-साथ 2600 अमेरिकी डॉलर का निर्वासन बोनस देने की पेशकश की है। अमेरिका के गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने देश में रहने वाले अवैध अप्रवासियों को लक्षित करके शुरू की गई स्व-निर्वासन पहल को बढ़ावा देने के लिए ताजमहल और कोलंबिया और चीन के प्रमुख स्थलों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया है।

डीएचएस ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि सीबीपी होम (अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग द्वारा विकसित ऐप) का उपयोग करके स्वयं को निर्वासित करने पर आपको घर वापसी की मुफ्त उड़ान और 2,600 अमेरिकी डॉलर का निकासी बोनस मिलेगा।

प्रोजेक्ट होमकमिंग नामक यह पहल पिछले साल मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद शुरू की गई थी। डीएचएस ने प्रवासियों को प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीबीपी ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है, जिससे वे स्वेच्छा से देश छोड़ने के अपने इरादे के तहत पंजीकरण कर सकें, अपने विवरण जमा कर सकें और यात्रा सहायता और कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली वित्तीय प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी कर सकें। डीएचएस के मुताबिक जनवरी 2025 में योजना के शुरू होने के बाद से 22 लाख से अधिक अवैध अप्रवासियों ने लाभ उठाया है।

### ऊर्जा संकटः यूएस ने दी जहाजरानी प्रतिबंधों में ढील

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति संकट से निपटने के लिए देश के भीतर तेल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की शिपिंग पर लगे प्रमुख प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस निर्णय की जानकारी दी है। अमेरिकी प्रशासन ने जहाजरानी संबंधी कानून 'जोन्स एक्ट' में अगले 60 दिनों के लिए छूट देने का फैसला किया है। इस छूट के बाद अब विदेशी झंडे वाले जहाजों को भी अमेरिकी बंदरगाहों के बीच तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और कोयले जैसी वस्तुओं के परिवहन की अनुमति होगी। आमतौर पर जोन्स एक्ट के तहत अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल की ढुलाई केवल अमेरिका में पंजीकृत और निर्मित जहाजों द्वारा ही की जा सकती है।

# राजपाल यादव की सजा एक अप्रैल तक निलंबित

● दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, अभिनेता को जेल नहीं भेजेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता राजपाल यादव की सजा को निलंबित रखने की मियाद एक अप्रैल तक बढ़ाते हुए कहा कि चेक बाउंस मामलों में दोषी ठहराए जाने के संबंध में उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा क्योंकि उन्होंने 'पर्याप्त' भुगतान कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि उच्च न्यायालय सुनवाई अदालत के फैसले के खिलाफ यादव की अपील पर सुनवाई करेगा और अंततः फैसला सुनाएगा। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने अभिनेता के वकील को दलीलें पेश करने को कहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं आपकी मुख्य याचिका सुन रही हूं। मैं उन्हें अभी जेल नहीं भेज रही हूं। उन्होंने काफी बड़ी रकम का भुगतान कर दिया है। मैं इस मामले पर फैसला करूंगी।



अदालत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए यादव से कहा कि उनके पास पैसा लौटाने या मामले को चुनौती देने का विकल्प है।

शिकायतकर्ता का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि सजा को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ उनका आवेदन लंबित है। अदालत ने रेखांकित किया कि यादव पहले ही 4.25 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मुझे कोई कारण नहीं दिखता। वह भाग नहीं रहे हैं...।

### म्यांमार आतंकी कनेक्शन में सात विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन, ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** – आज अपने रसूख के कारण आप अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं।

**मिथुन** – आज किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।

**कर्क** – आज दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह** – आज अकारण लोगों से विवाद हो सकता है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। भाग्य का साथ न मिलने से काम प्रभावित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**तुला** – आज सुबह काम का तनाव रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। व्यापार को लेकर आपके मन में आइडियाज आते रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** – आज विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिंतित रहेंगे।


**मकर** – आज का दिन नए काम की शुरुआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कुंभ** – आज आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं।

**मीन** – आज आपको जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 मार्च, गुरुवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– चैत्र, पक्ष– कृष्ण पक्ष, अमावस्या 06 .52 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 20 मार्च 04 .52 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**– दक्षिण, **ऋतु**– वसंत।

**चन्द्रबल**– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

**ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेष, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**– उत्तर भाद्रपद 20 मार्च 04 .05 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

### सुडोकू -93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### अफगानिस्तान में नशामुक्ति केंद्र पर हमले की जांच हो

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तानी हवाई हमले की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की है। इस हमले में करीब 400 लोगों की मौत और 250 के घायल होने की खबर है। यूएनएचसीएचआर के प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने कहा कि इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

साक्षात्कार

ईरानी विदेशमंत्री बोले–नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद हम पहले की नीति पर कायम

# ईरान की परमाणु नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं : अराघची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि इजरायल-अमेरिका के हमलों में सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद हुए नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद देश की परमाणु नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अराघची ने अल जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में बताया कि 2000 के दशक की शुरुआत में तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा जारी एक धार्मिक फतवे में सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे संवेदनशील समय में आई है जब ईरान बाहरी दुनिया को नीति की निरंतरता का संकेत देना चाहता है, हालांकि मौजूदा सैन्य दबाव के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था इस सिद्धांत की व्याख्या कैसे करेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे धार्मिक आदेश उस इस्लामी विधिवेत्ता से जुड़े होते हैं, जो उन्हें जारी करता है। ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, फतवे उस इस्लामी विद्वान पर निर्भर करते हैं जो उन्हें जारी करता है" और वह अभी उनके धार्मिक या राजनीतिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी नहीं कर सकते। उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि ईरान की परमाणु नीति अपने मूल रुख में व्यापक रूप से निरंतरता बनाए रखेगी, हालांकि नेतृत्व परिवर्तन से कुछ हद तक रणनीतिक अनिश्चितता भी उत्पन्न हुई है। यह मुद्दा वर्तमान संघर्ष के केंद्र में बना हुआ है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे पश्चिमी देश तथा इजरायल लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं।



### ईरान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य शांतिपूर्ण

ईरान, अमेरिका–इजरायल और अन्य देशों के परमाणु हथियार विकसित करने के आरोपों से इनकार करता रहा है और अपने परमाणु कार्यक्रम को ऊर्जा एवं अनुसंधान जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताता है। इस तरह की जानकारी है कि उसने उच्च स्तर पर यूरेनियम संवर्धन किया है और उसके पास बड़े यूरेनियम के विशाल भंडार मौजूद हैं।



यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। लेकिन मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा।
–स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लखनऊ, गुरुवार, 19 मार्च 2026


## हाईलाइट

### जापान-ऑस्ट्रेलिया में होगा महिला एशिया कप खिताबी मुकाबला

**सिडनी।** खिताब की प्रबल दावेदार जापान की टीम ने बुधवार को सिडनी में दक्षिण कोरिया को 4-1 से आसानी से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका मुकाबला मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार रात यहाँ सेमीफ़ाइनल में मौजूदा चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिको उएकी और माइका हमानो ने शुरुआती 25 मिनट में गोल किए, जिसके बाद साकी कुमागाई ने मैच खत्म होने से 15 मिनट पहले हेडर से गोल करके जापान की सेमीफाइनल में शानदार जीत लगभग पक्की कर दी। पूरे मैच के दौरान सटीक पासिंग और बेहतरीन नियंत्रण के साथ खेलते हुए, जापान ने शनिवार को सिडनी में 'मैटिल्डास' (ऑस्ट्रेलियाई टीम) के खिलाफ होने वाले फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### मारिन ने विश्व कप व एशियाई खेलों के लिए टीम की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं। विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है। मारिन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।

### शीर्ष-20 से शीर्ष-10 का सफर और भी मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष-20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष -10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने इंडियन ओपन के दौरान पीटीआई से कहा मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष-20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था जितना शीर्ष-10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।

### मंधाना ने 2025 विश्व कप जीत का श्रेय टीम की तैयारी को दिया

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स में 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला)' का खिताब जीतकर अपने शानदार सीजन का समापन किया। उन्होंने विश्वकप जीत का श्रेय टीम की मेहनत और तैयारी को दिया। यह साल मंधाना के लिए निजी उपलब्धियों और वैश्विक मंच पर भारत की जीत, दोनों के लिहाज से बेहद यादगार रहा। उन्होंने व्यक्तिगत सम्मानों के बजाय टीम की सामूहिक सफलता को अधिक महत्व दिया। बीसीसीआई के एक वीडियो में मंधाना ने कहा यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा, क्योंकि मैं टीम के लिए जो कुछ भी कर सकती थी, मैंने किया।

# पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी : सिंधु



**गुरुग्राम, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है। क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है।

पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था।

उन्होंने कहा मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते। सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी।

- **पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में बातचीत के दौरान शिक्षा के महत्व पर दिया जोर**

इस खिलाड़ी ने कहा आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।

उन्होंने कहा कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधु ने कहा सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है।

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधु ने कहा हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है।

खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं।

ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2015 को याद किया जब उनके बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हो गया था जिससे उनका करियर खत्म होने का खतरा पैदा हो गया था और उन्हें छह महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था।

# सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान किशन

## आईपीएल 2026 : नियमित कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे

**हैदराबाद, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज शृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, 'पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे।' हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद ईशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सत्र की शुरुआत में ईशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।

### आरसीबी में अब भी कोहली ही हैं मुख्य ताकत : डिविलियर्स

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के हमेशा बने रहने वाले प्रभाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कोहली को मौजूदा चैंपियन टीम की पहचान और सफलता के पीछे की मुख्य ताकत बताया है, चाहे वह मैदान के अंदर हो या बाहर। जैसे ही आरसीबी 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है, 2025 में ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद टीम से उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

### चक्रवर्ती और नारायण को ईडन गार्डन्स में अनुकूल पिच मिलनी चाहिए : डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा है कि वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन टी20 विश्व कप में भले ही कुछ खास नहीं रहा हो लेकिन 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह भारतीय रहस्मयी स्पिनर बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। इस टूर्नामेंट से संन्यास लेने से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले डु प्लेसी ने से कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच सुनील नारायण और चक्रवर्ती की गेंदबाजी के अनुकूल होनी चाहिए। डु प्लेसी ने कहा अगर मैं केकेआर टीम प्रबंधन का हिस्सा होता तो मैं ईडन गार्डन्स के मैदानकर्मियों से कहता कि पिच को स्पिन के अनुकूल बनाया जाए। केकेआर खुशकिस्मत है कि उसके पास चक्रवर्ती और नारायण जैसे दो शानदार गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा ये दोनों इस समय टी20 क्रिकेट के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से हैं। वरुण और नारायण, दोनों का प्रदर्शन असरदार होना जरूरी है। अगर वे ऐसी पिचों पर खेलते हैं जहां वे अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी नहीं कर पाते तो आप अपने इन दो सबसे बड़े हथियारों और अपनी सबसे बड़ी ताकत को खो देंगे।

### पोंटिंग ने यानसेन के देर से टीम से जुड़ने की दी छूट

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 से पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने टीम के साथ जमकर अभ्यास किया। **एजेंसी**



चैंपियंस लीग मैच के दौरान मुकाबला करते रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज और मैनचेस्टर सिटी के मैथ्यूज नून्स। **एजेंसी**

### चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड व पीएसजी

**मैनचेस्टर।** रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः मैनचेस्टर सिटी और चेल्सी की वापसी की उम्मीदों को खत्म करते हुए मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पहले चरण में तीन गोल की बढ़त हासिल करने के बाद रियल मैड्रिड ने विनिसियस जूनियर के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराकर कुल 5-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। गत चैंपियन पीएसजी ने शुरुआती 14 मिनट में दो गोल दागने के बाद चेल्सी को 3-0 से हराया।

# भारत थॉमस और उबेर कप में चीन के ग्रुप में


**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की।

थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ''ए'' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप ''ए'' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था। चीन के पास एक मजबूत पुरुष टीम है जिसमें शी युकी (दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी) और ली शी फेंग (दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा वेंग होंग यांग (दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी) और लू गुआंग झू (दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी) शामिल हैं। भारत को लक्ष्य सेन की हालिया फॉर्म से आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इस खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के दौरान फेंग को हराया था। भारत ने 2022 में बैंकॉक में अपना पहला थॉमस कप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटी कुल 16 टीम राउंड रोबिन लीग खेलेंगी जिसमें हर मुकाबले में पांच मैच (तीन एकल और दो युगल) होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

**थॉमस कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, इंग्लैंड, फिनलैंड
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, डेनमार्क, कोरिया, स्वीडन
ग्रुप डी : इंडोनेशिया, फ्रांस, थाईलैंड, अल्जीरिया।



**उबेर कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, डेनमार्क, यूक्रेन
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप डी : कोरिया, थाईलैंड, बुल्गारिया, स्पेन।

## हॉकी विश्व कप

नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होंगे मुकाबले

# भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को एक ही ग्रुप में जगह

**एम्स्टर्डम, एजेंसी**

भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को इसी वर्ष नीदरलैंड्स व बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप के एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। 15 से 30 अगस्त तक होने वाले इस वैश्विक आयोजन की ड्रॉ सेरेमनी मंगलवार को एम्स्टर्डम के वैगेनर स्टेडियम में हुई और विस्तृत शेड्यूल जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

**ग्रुप डी के सभी मैच नीदरलैंड्स में होंगे :** दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों – भारत व पाकिस्तान व इंग्लैंड व वेल्स के साथ पूल डी में जगह दी गई है। इस ग्रुप के सभी मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि क्रिकेट के, जहां भारत व पाकिस्तान कमोबेश हर विश्व कप में एक ही ग्रुप में होते हैं, उलट हॉकी में ये दोनों टीमें 2010 के बाद पहली बार विश्व कप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**पुरुष हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस व मलेशिया (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल सी** : ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड व दक्षिण अफ़्रीका (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल डी** : इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान व वेल्स (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**महिला हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : अर्जेंटीना, जर्मनी, अमेरिका व स्कॉटलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल सी – बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड व आयरलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल डी – चीन, इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**विश्व कप में 2010 के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी भारत-पाक टीमें :** पुरुषों हॉकी विश्व कप के इतिहास में भारत व पाकिस्तान पांच बार एक-दूसरे का सामना कर चुके हैं। भारत तीन जीत के साथ आगे है जबकि पाकिस्तान दो बार जीता है। भारत ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पिछले विश्व कप मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी।

**2026 में दोनों टीमों की कम से कम तीन मुलाकातें होंगी :** हॉकी विश्व कप में मुकाबले के अलावा, भारत और पाकिस्तान इस वर्ष दो बार और एक-दूसरे का सामना करेंगे। विश्व कप में मुकाबले से पहले, दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग में दो बार खेलेंगी। इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियन गेम्स में चौथी मुलाकात की भी संभावना है।

**महिला वर्ग में भारत, चीन, इंग्लैंड व द. अफ्रीका एक ग्रुप में :** इस बीच पुरुष विश्व कप के अलावा महिला हॉकी विव कप के लिए भी ड्रॉ सेरेमनी हुई, जिसमें पाकिस्तान क्वालिफाई नहीं कर पाया है। भारत, चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल D में है।